हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- 2011 के बाद दुनिया में सबसे शक्तिशाली भूकंप
- 4:54 बजे सुबह भारतीय समयानुसार
- 19.3 किलोमीटर की गहराई में था केंद्र
- 20 लाख जापानियों को सुरक्षित जगह भेजा गया

रूस के सुदूर पूर्व में 8.8 तीव्रता का भूकंप, जापान और अमेरिका में सुनामी की लहरें उठीं

भूकंप के बाद सुनामी आई, रूस से जापान तक तबाही, तट पर मछलियां और छत पर लोग

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

रूस के सुदूर पूर्व में बुधवार तड़के आए 8.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण जापान, अमेरिका के हवाई और प्रशांत महासागर में सुनामी की लहरें उठीं। यह भूकंप मार्च 2011 के बाद दुनिया में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप प्रतीत होता है।

सुनामी के कारण अभी तक कोई बड़ा नुकसान होने की खबर नहीं है, लेकिन प्राधिकारियों ने लोगों को तटरेखाओं से दूर रहने की चेतावनी देते हुए कहा है कि खतरा एक दिन से अधिक समय ▶▶|शेष पेज 8 पर

व्हेल बहकर तट पर आईं, लोग छतों पर चढ़े: सुनामी से जुड़े कई फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। खबर है कि भीषण भूकंप के बाद कम से कम 4 व्हेल मछलियां बहकर जापान के तट पर आ गई थीं। वहीं, सुनामी की चेतावनी जारी होने के बाद जापान को होक्काइडो में लोग छतों पर चढ़ गए थे।

रूस के क्षेत्रों में आपातकाल

रूस की साखालिन सरकार का कहना है, आज जहां उत्तरी कुरिल डिस्ट्रिक्ट में सुनामी और भूकंप आए हैं, वहां आपातकाल लागू कर दिया गया है। पूर्वी रूस के गवर्नर ने लोगों से तटों से दूर रहने की अपील की है। रिपोर्ट के अनुसार, सुनामी की लहरें 4 मीटर ऊंची थीं और कई इलाकों में भारी तबाही मचा रही हैं।

प्रशांत महासागर में सुनामी का खतरा

- जापान के उत्तरी तट पर 40 सेंटीमीटर ऊंची लहरें आ चुकी हैं।
- टोक्यो में करीब 20 लाख लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया गया है।
- जापान ने कहा है कि सुनामी की लहरें एक से ज्यादा दिन तक आ सकती हैं।
- अमेरिका के अलास्का-हवाई में सुनामी की पहली लहर टकराई।
- कैलिफोर्निया में लोगों को समंदर के किनारे से दूर रहने कहा गया है।
- चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, पेरू और मेक्सिको ने भी अपने तटीय इलाकों में सुनामी अलर्ट जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, कई महत्वपूर्ण निर्णय

मूलभूत पर खर्च होगी डीएमएफ की 70% राशि, रेत नीलामी का सिस्टम बदलेगा

हरिभूमि न्यूज□रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने फैसला किया है कि अब राज्य में डीएमएफ मद की राशि में से 70 प्रतिशत हिस्सा पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि पर खर्च किया जाएगा। यही नहीं, सरकार अब रेत नीलामी की नई नीति लेकर आएगी। इस नीति के क्रियान्वयन से खनिज राजस्व की चोरी रुकेगी और उससे भी अहम ये है कि सरकार को रेत से मिलने वाले राजस्व में भारी बढ़ोतरी होगी।

खास खबर

डीएमएफ नियम में संशोधन

मंत्रिपरिषद द्वारा भारत सरकार के खान मंत्रालय के नवीन दिशा-निर्देश और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना 2024 के संशोधित गाइड लाइंस के अनुसार छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 में आवश्यक संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है। डीएमएफ के नियम में बदलाव के बाद अब इस न्यास के पास उपलब्ध राशि का न्यूनतम 70 प्रतिशत राशि का व्यय उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र जैसे पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल ▶▶|शेष पेज 8 पर

रेत की इलेक्ट्रॉनिक नीलामी

कैबिनेट ने रेत खनन की नीति 2019 और 2023 की जगह अब नई नीति 2025 लागू करने का फैसला भी किया है। साधारण रेत के उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण तथा रेत के उत्खनन एवं नियमन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2019 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 को निरसित करते हुए नए नियम "छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम-2025" का अनुमोदन किया गया।

परसदा में क्रिकेट अकादमी के लिए जमीन

मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को नवा रायपुर (अटल नगर) के सेक्टर-3, ग्राम परसदा में क्रिकेट अकादमी की स्थापना के लिए 7.96 एकड़ भूमि आबंटित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। नवा रायपुर में अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी की स्थापना से राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके कौशल और प्रतिभा को निखारने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य में क्रिकेट के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य के कई युवा खिलाड़ियों ने ▶▶|शेष पेज 8 पर

कृषि भूमि की गणना अब हेक्टेयर में

कृषि भूमि के बाजार मूल्य दरों के निर्धारण के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य कर पंजीयन विभाग से प्राप्त प्रस्ताव का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया, जिसके तहत ग्रामीण कृषि भूमि के बाजार मूल्य की गणना के लिए 500 वर्गमीटर तक के भू-खण्ड की दर को समाप्त करते हुए सम्पूर्ण रकबा की गणना हेक्टेयर दर से की जाएगी। भारतमाला परियोजना और बिलासपुर के अरपा भैंसाझार में जिस तरह की अनियमितताएँ सामने आई थीं, उनसे बचने के लिए यह व्यवस्था मददगार होगी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की परिवर्तित ▶▶|शेष पेज 8 पर

ट्रेड डील की तैयारियों के बीच डोनाल्ड ट्रंप का एकतरफा ऐलान

भारत को रूस से दोस्ती पड़ी भारी ट्रंप ने लगाया 25 फीसदी टैरिफ

ट्रंप ने कहा- भारत हमारा दोस्त, लेकिन 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगेगा और जुर्माना भी देना होगा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बीच बुधवार को भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया। यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त ▶▶|शेष पेज 8 पर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त से भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'याद रखें, भारत हमारा मित्र है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, दुनिया में सबसे ज्यादा हैं, और किसी भी देश की तुलना में उसके यहां सबसे कठोर और अप्रिय गैर-मौद्रिक व्यापार प्रतिबंध हैं।

डेडलाइन आगे नहीं बढ़ेगी- डोनाल्ड ट्रंप

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा- पहली अगस्त की समयसीमा तो पहली अगस्त की ही है- यह मजबूती से कायम है और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। अमेरिका के लिए एक बड़ा दिन!

सरकार ने कहा- हमारे लिए राष्ट्रीय हित जरूरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा करने के बाद भारत ने पहली प्रतिक्रिया दी है। भारत ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। इसके साथ ही भारत सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हम सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। सरकार ने अपने बयान में कहा कि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत सरकार ने अपने बयान में कहा कि सरकार किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है। सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी, जैसा कि ब्रिटेन के साथ हुए नवीनतम व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों के मामले में किया गया है।

भारत यह चीजें अमेरिका को बेचता है

- पेट्रोल- 4.31 लाख करोड़
- दवाइयां- फार्मा-1.49लाख करोड़ रुपए
- टेलिकॉम उपकरण-1.46लाख करोड़ रुपए
- मोती और महंगे पत्थर-0.99 लाख करोड़ रुपए
- इलेक्ट्रिक मशीनरी-0.92 लाख करोड़ रुपए

अमेरिका से यह खरीदता है भारत

- पेट्रोलियम क्रूड-9.51 लाख करोड़ रुपए
- गोल्ड-4.22लाख करोड़
- पेट्रोलियम प्रोडक्ट-2.79 लाख करोड़ रुपए
- इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स-2.33 लाख करोड़ रुपए
- कोयला और कोक-2.10 लाख करोड़ रुपए

भारत पर असर

- **टेक्सटाइल और अपैरल्स**

भारतीय उत्पाद अमेरिका में महंगे हो जाएंगे और अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी रह जाएंगे।

- **फार्मास्युटिकल्स**

भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा जेनेरिक दवा मार्केट है। अमेरिकी बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की कीमतें बढ़ जाएंगी, जिससे बाजार में स्थिति कमजोर हो जाएगी।

- **एग्रीकल्चर और सीफूड**

एग्रीकल्चर सेक्टर में मछली, मांस और प्रोसेस्ड सीफूड सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। कीमतें बढ़ने से भारतीय सीफूड प्रोडक्ट बाकी देशों की तुलना में महंगे हो जाएंगे, जिससे इनकी बिक्री और कमाई घट सकती है।

- **शराब, मांस और चीनी**

शराब, वाइन और स्पिरिट्स पर टैरिफ सबसे अधिक हो सकता है। डेयरी प्रोडक्ट्स घी, मक्खन और मिल्क पाउडर जैसे उत्पाद महंगे हो जाएंगे।

छापे की कार्रवाई तड़के छह बजे से चल रही

रीएजेंट घोटाले में मनी लांड्रिंग, मोक्षित और अफसर के चार ठिकानों पर ईडी के छापे

अप्रैल में ईडी ने दर्ज की थी ईसीआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ भिलाई

राज्य के चर्चित स्वास्थ्य विभाग तथा सीजीएमएससी में 660 करोड़ रुपए के रीएजेंट तथा उपकरण घोटाले में ईडी ने बुधवार को दुर्ग और रायपुर में छापे मारे। गौरतलब है, ईडी ने अप्रैल में ईसीआईआर दर्ज की है। इसके तीन माह बाद बुधवार को मोक्षित कार्पोरेशन तथा सीजीएमएससी के तत्कालीन उपमहाप्रबंधक कमलकांत पाटनवार के रायपुर, दुर्ग के चार ठिकानों पर पड़ताल की। ईडी ने मनी लांड्रिंग की आशंका पर ईसीआईआर दर्ज की है। छापे की कार्रवाई में एक दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों के साथ सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ की टीम अलग से पहुंची हुई है।

हरिभूमि फॉलोअप

सूत्रों के मुताबिक ईडी दुर्ग में मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा के साथ उसके रिश्तेदार सिद्धार्थ तथा शरद चोपड़ा के निवास तथा आवासीय परिसर में छापा मारने पहुंची है। छापे की जानकारी मिलने पर शशांक चोपड़ा तथा उसके रिश्तेदारों के घर के आसपास भीड़ जमा हो गई। ▶▶|शेष पेज 8 पर

विधानसभा में मामला उठने के बाद कार्रवाई

मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा सीजीएमसी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल उपकरण तथा रीएजेंट आपूर्ति करने के नाम पर घोटाले को लेकर विधानसभा में मामला उठा था। इसके बाद राज्य सरकार ने इसकी जांच ईओडब्लू तथा एसीबी से कराने का निर्णय लिया। ईओडब्लू तथा एसीबी ने छापे की कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया। ईओडब्लू ने घोटाला में शामिल मोक्षित कार्पोरेशन के मालिक शशांक चोपड़ा के साथ ▶▶|शेष पेज 8 पर

महाप्रबंधक के सरकण्डा के मकान में इडी का छापा

बिलासपुर। जेल में बंद छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन महाप्रबंधक के सरकण्डा स्थित मकान में ईडी ने दबिश दी। सुबह से देर शाम तक अधिकारियों के द्वारा जांच कर उनकी संपत्ति की जानकारी एकत्रित की गई है। पूर्व में रायपुर में पदस्थ छत्तीसगढ़ मेडिकल कोर्पोरेशन के महाप्रबंधक कमलकांत पाटनवार 1300 से अधिक मेडिकल सामान में खरीदी करने में घोटाला करने की शिकायत हुई थी। ईडी रायपुर में उनके बंगला में दबिश देकर जांच करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार की सुबह रायपुर से ईडी के अधिकारियों ▶▶|शेष पेज 8 पर

बिहार का रहने वाला था जवान

एक दिन पहले छुट्टी से लौटे जवान ने खुद को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नैमेड़ थाना क्षेत्र स्थित मिंगाचल कैंप में तैनात जवान ने बुधवार तड़के अपने सर्विस रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली उनके सिर को चीरते हुए पार हो गई। बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाला जवान एक दिन पूर्व ही छुट्टी से लौटा था। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ 22 वीं बटालियन में तैनात जवान ▶▶|शेष पेज 8 पर

पहुंचे अफसर

वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जवानों से पूछताछ की जा रही है बीजापुर एसपी डा जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जवान ने यह कदम किन कारणों से उठाया, फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सेना के जवानों ने भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि मुठभेड़ में मारे गये ये दोनों आतंकवादी पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे। इस मुठभेड़ से दो दिन पहले सुरक्षाबलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को श्रीनगर के एक जंगल में मार गिराया था।

इंदौर में 'हेलमेट नहीं, तो पेट्रोल नहीं' का आदेश

इंदौर। इंदौर के जिला प्रशासन ने बुधवार को आदेश जारी किया कि बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को आगामी एक अगस्त से ईंधन पंप पर पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और इस अदालत के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने मंगलवार को एक बैठक में प्रशासन को निर्देश दिए थे कि वाहन सवारों द्वारा हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए जाने के नियम का पालन सुनिश्चित कराने के लिए शहर में सघन अभियान चलाया जाए। हमने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है कि आगामी एक अगस्त से जिले के किसी भी ईंधन पंप पर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग की उड़ान शुरू

'बाहुबली' पर सवार स्पेस चला निसार, करेगा धरती की निगरानी

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को 'निसार' उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। 'निसार' पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसरो ने इसे भारत के बाहुबली रॉकेट जीएसएलवी एफ-16 से रवाना किया। इसरो के जीएसएलवी एफ-16 ने लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद और लगभग 745 किलोमीटर की ▶▶|शेष पेज 8 पर

निसार उपग्रह

- वजन करीब 2,393 किलो
- उम्र लगभग 5 साल
- 51.7 मीटर ऊंचे जीएसएलवी-एफ16 से लॉन्च किया गया
- लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष स्टेशन

क्या होगा फायदा रडार उपग्रह धरती की भूमि और बर्फ का 3डी दृश्य उपलब्ध कराएगा। उपग्रह डेटा उपयोगकर्ताओं को भूकंप और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने और यह निर्धारित करने में सक्षम बनाएगा कि हिमनद कितनी तेजी से पिघल रही हैं।

निसार क्या अध्ययन करेगा

इसरो के अनुसार निसार मिशन का लक्ष्य पृथ्वी का अध्ययन करना है और इससे जुड़ी जानकारी विश्व के वैज्ञानिक समुदाय को उपलब्ध करवाना है। यह उपग्रह जमीन, बर्फ पिघलने, भूमि पारिस्थितिक तंत्र और समुद्री क्षेत्रों का अध्ययन करेगा, जिसमें इसका खास फोकस भारत और अमेरिका के वैज्ञानिक समुदायों के सामान्य हित वाले विषयों पर रहेगा। यह उपग्रह वनों पर पड़ने वाले मौसमी प्रभाव, पहाड़ों में बदलाव, ग्लेशियर की गतिविधियों की जानकारी जुटाएगा। इसके तहत इसका ध्यान मूल रूप से हिमालय और अंटार्टिका के अलावा उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव के क्षेत्र में रहेगा।

30- JULY- COR- MAIN- Pg- 2 FULL PAGE_Layout 1 7/30/2025 10:28 PM Page 1

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

MONSOON PROPERTY CARNIVAL

इस बारिश में मिलेगी खुशियों वाली छत!
आफर्स के साथ...

0 REGISTRY CHARGES
0 ELECTRIFICATION CHARGES
0 CLUBHOUSE CHARGES

PRIME LOCATION
MODERN AMENITIES
VAASTU FRIENDLY HOMES

CLASSIC CASTLE
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000 KACHNA, RAIPUR

SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE CLASSIC VENTURES
Fully Developed Plots Available
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000 VIDHAN SABHA ROAD

CLASSIC TOWERS
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000 AMLIDIH, RAIPUR
*T&C Apply

CLASSIC CASTLE
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
PCGRERA220620001124, P3CGRERA031120000020

CLASSIC VENTURES
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
CGRERA060320A000465

CLASSIC TOWERS
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
PCGRERA270223001615

बिलासपुर
गुरुवार, 31 जुलाई 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 130
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 25.8
न्यून. 23.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
समाचार ही नहीं, विचार भी

6 मकाऊ ओपन : लक्ष्य, आयुष, तरुण क्वार्टर फाइनल में, करुणाकर...

विचार पेज
2 देश से विदेश तक प्रेमचंद का असर

रेत अब मुट्ठी में...अवैध खनन रुकेगा, नई पॉलिसी से सरकार को होगी 100 करोड़ से ज्यादा कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में रेत खनन के लिए राज्य सरकार नई नीति 2025 ला रही है। इसके तहत राज्य की रेत खदानों की एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी होगी। यह पूरी तरह से पारदर्शी होने का दावा किया जा रहा है। नई नीति से राज्य सरकार को 100 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है। राज्य में 2019 से रेत खदानें ठेका और ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित हो रही थीं। 2023 में इस नीति को बदल कर निविदा के माध्यम से रेत खदानों को आबंटन करने का निर्णय लिया गया। इस नीति के तहत अभी तक नीलामी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से होती थी। राज्य में इसके बाद भी रेत के अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लग पाई थी। कैबिनेट ने ⏭शेष पेज 8 पर

- नई नीति के तहत एमएसटीसी पोर्टल से होगी नीलामी
- हरिभूमि ने अवैध रेत उत्खनन का मामला लगातार उठाया

रेत की मात्रा के अनुसार देनी होगी रायल्टी

खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले रेत की नीलामी में जितनी रेत का परिवहन किया जाता था उसकी रायल्टी ही जमा होती थी। जैसे किसी ने 1 लाख घन मीटर रेत का ठेका लिया, उसमें से जितनी उत्खनन कर परिवहन करता था उस पर ही रायल्टी देते थे। परिवहन के दौरान कई ट्रकों की रायल्टी नहीं काटा जाता था, उसकी रायल्टी जमा नहीं होने से राज्य शासन को चूना लगता था। अब रेत की जितनी मात्रा होगी उसके आधार पर रायल्टी पहले जमा कराई जाएगी।

15-16 करोड़ का राजस्व मिलता था

बताया जाता है कि रेत खदानों से राज्य सरकार को साल भर में 15 से 16 करोड़ का राजस्व मिलता था। खनिज विभाग के अनुसार नई नीति का फोकस न्यूनतम रेट उत्पादन अनुबंध पर होगा। अधिकारियों का दावा है कि नई नीति के लागू होने से सरकार करीब 100 करोड़ से अधिक का राजस्व रेत खदानों से मिलेगा। साथ ही अवैध उत्खनन और परिवहन के मामलों में भी कमी आएगी।

अवैध परिवहन में 4 हजार वाहनों पर कार्रवाई

बताया गया है कि राज्य में अवैध उत्खनन और परिवहन के मामलों में 4 हजार से अधिक ट्रकों और गाड़ियों पर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद भी इन मामलों में कमी नहीं आ रही थी। राज्य सरकार ने इसे देखते हुए अब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी कर ठेका देगी। खनन की मात्रा के अनुसार पहले ही पूरी रायल्टी जमा कराई जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

चार करोड़ का ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में 3.97 करोड़ रुपए मूल्य का 2.184 किलोग्राम 'एमडी' (मेफेड्रोन) मादक पदार्थ जब्त किया है। एक खाद्य वितरण (फूड डिलीवरी) प्रतिनिधि तथा एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पहले अभियान में पुलिस ने एक प्रसिद्ध कंपनी में कार्यरत इरफान अमानुल्लाह शेख (36) को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के उल्वे से गिरफ्तार किया।

बदमाशों ने व्यापारी से लूटी 70 किलोग्राम चांदी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के फरह क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक व्यापारी से कथित रूप से 70 किलोग्राम चांदी लूट ली। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर हिंदुस्तान कॉलेज के पास अज्ञात बदमाशों ने एक व्यापारी से 70 किलोग्राम चांदी लूट ली। यह घटना उस समय हुई जब मथुरा का व्यापारी अपने दो बेटों के साथ आगरा से लौट रहा था।

बच्ची के पेट से निकाला आधा किलो बाल

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती शहर में 10 वर्षीय लड़की द्वारा पाचन संबंधी समस्याओं की शिकायत किए जाने के बाद उसकी सर्जरी कर पेट से लगभग आधा किलोग्राम बालों का गुच्छा निकाला गया। निजी अस्पताल में बाल रोग सर्जन डॉ. उषा गजभिये ने जानकारी दी कि बच्ची ने उन्हें बताया था कि उसे लंबे समय से बाल खाने की आदत थी। लड़की को 20 दिन पहले अस्पताल लाया गया था और उसे पिछले पांच-छह महीनों से उल्टी, भूख न लगने और वजन कम होने की शिकायत थी।

बस खड़े ट्रक से जा टकराई, दो की मौत

शिवमोगा। शिवमोगा में बुधवार तड़के एक निजी बस कथित तौर पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान बस कंडक्टर अनप्पा (32) और यात्री हर्षित (25) के रूप में हुई है।यह दुर्घटना शिवमोगा से लगभग 12 किलोमीटर दूर गजानुर के पास हुई, जब बस मंगलुरु से चित्रदुर्ग जिले के चल्लकेरे जा रही थी।

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में घमासान, पीएम की गैरमौजूदगी पर विपक्ष का वॉकआउट

मुझसे निपट लो, क्यों प्रधानमंत्री जी को बुला रहे हो, राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे पर बोले शाह

राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाने की मांग करते हुए हंगामा किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी के संबोधन को सदस्यों और सदन का अपमान बताया, जिसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट किया। इधर, राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। विपक्ष की मांग पर शाह ने कहा कि मुझसे निपट लो, काहे को प्रधानमंत्री जी को बुला रहे हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले तीन आतंकवादी 'ऑपरेशन महादेव' के तहत मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। इस हमले में उनकी संलिप्तता वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित कर ली गयी है। शाह ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा' में हस्तक्षेप करते हुए यह बात कही। इसी के साथ शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपने वोट बैंक और तुष्टीकरण की नीति के कारण पाकिस्तान एवं आतंकवादियों को बचाने का प्रयास कर रही है। शाह ने कहा, मैं सदन के माध्यम से, कल हुए 'ऑपरेशन ⏭शेष पेज 8 पर

- केंद्रीय गृहमंत्री और नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

नड्डा गरजे, कहा- कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि 2004 से 2014 के बीच 10 साल की अवधि में उसने आतंकवादी घटनाओं के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि उसमें राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। इसके साथ ही नड्डा ने कांग्रेस नीत सरकारों पर पाकिस्तान के प्रति तुष्टिकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाया।

शाह ने विपक्ष से पूछा सवाल

शाह ने कहा कि विपक्ष पूछ रहा है कि आतंकवादी आज ही क्यों मारे गए? शाह ने प्रति प्रश्न किया आप आतंकवादियों को कितना जिंदा रखना चाहते हैं? शाह जब अपना जवाब शुरू करने जा रहे थे, तभी कांग्रेस सहित विपक्षी सदस्यों ने यह कहते हुए सदन से वाक आउट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चर्चा का जवाब नहीं देना सदन का अपमान है। इस पर उपसभापति हरिवंश ने कहा कि सदन की कार्य मंत्रणा समिति में पहले ही सूचित कर दिया गया था कि चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री नहीं गृह मंत्री देंगे।

शिवाजी की लड़ाई का दिया उदाहरण

शाह ने कांग्रेस के एक अन्य नेता पृथ्वीराज चव्हाण के एक बयान का उल्लेख किया कि नरेंद्र मोदी सरकार को ऑपरेशन का धार्मिक नाम रखने के अलावा कुछ नहीं आता। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को यह नहीं मालूम है कि शिवाजी महाराज ने मुगलों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी थी, उनकी सेना का युद्धघोष 'हर हर महादेव' ही था। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं की विभिन्न डिवीजनों के युद्ध घोष देवी देवताओं के नाम पर हैं, जिसे भाजपा ने नहीं रखा।

पीएम की गैरहाजिरी पर भड़के खड़गे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विपक्ष की मांग थी कि प्रधानमंत्री खुद संसद में आकर किसी अहम मुद्दे पर जवाब दें, लेकिन जब प्रधानमंत्री संसद परिसर में मौजूद हैं, फिर भी अगर वह सदन में नहीं आते, तो यह संसद का अपमान है।

कैथोलिक नन की गिरफ्तारी का मामला

दुर्ग कोर्ट का सुनवाई से इंकार कहा- बने हैं स्पेशल कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में दो कैथोलिक नन प्रीति मैरी, वंदना फ्रांसिस और एक अन्य सुखमन मंडावी की जमानत को लेकर कोर्ट ने सुनवाई से इंकार कर दिया। कोर्ट ने नए कानूनों का हवाला देते हुए यह स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों की सुनवाई का अधिकार इस न्यायालय को नहीं है। इसके लिए विशेष न्यायालयों का गठन किया गया। इस पर ⏭शेष पेज 8 पर

मानव तस्करी का लगा आरोप

इस मामले को लेकर पूरे देश में बवाल जारी है। मामला लोकसभा में उठा। कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों के सांसदों ने लोकसभा के बाहर विरोध दर्ज कराया। राहुल गांधी, वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में धर्म विशेष को परेशान करने का आरोप लगाया। बता दें कि 25 जुलाई की इस घटना में जीआरपी पुलिस ने ⏭शेष पेज 8 पर

राज्यसभा सांसद वृंदा करात ने पुलिस पर लगाए संगीन आरोप

इस मामले में राज्यसभा की पूर्व सांसद और पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने नन से मुलाकात की। एक दिन पहले उन्हें दोनों नन से मिलने नहीं दिया गया था। बुधवार को उन्होंने इस मामले को लेकर कहा कि पुलिस के सामने जिस प्रकार से आदिवासी लड़कियों और गिरफ्तार किए गए लड़के को मारा गया, वह ⏭शेष पेज 8 पर

आवारा कुत्तों की भयावह होती समस्या पर बने टास्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में तेजी से बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर चिंता जताई है और इस मुद्दे से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स के गठन की मांग की है।

- कांग्रेस सांसद कार्ति ने पीएम को लिखा पत्र

कार्ति चिदंबरम ने अपने पत्र में लिखा कि देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार कुत्तों के काटने की घटनाएं, बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों द्वारा उठाए गए कदम अपर्याप्त और बिखरे हुए हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को एक सुनियोजित और समन्वित नीति बनानी चाहिए।यह केवल जानवरों का नहीं, जन सुरक्षा का गंभीर मुद्दा है। देश के हर नागरिक को सुरक्षित वातावरण देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसके लिए एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स बनाई जाए जो सभी राज्यों, नगरपालिकाओं, स्वास्थ्य एवं ⏭शेष पेज 8 पर

दिल्ली में चल रहा अभियान

विदित हो कि आवारा कुत्तों के संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने भी अपनी स्वयंसेवी संस्था के मार्फत समूची दिल्ली में एक अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने भी सरकार से आग्रह किया है कि इस दिशा में जल्द ठोस उपाय किये जाएं।

कुत्तों के हमले पर जताई चिंता

गौरतलब है कि हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर कुत्तों के हमलों के वीडियो, नवजातों की मौत, और स्कूल जाते बच्चों पर हमले जैसी खबरों ने इस मुद्दे को लेकर जनचिंता को और गहरा कर दिया है। फिलहाल प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस पत्र पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह मुद्दा अंतर-मंत्रालयी स्तर पर चर्चा के लिए जल्द उठाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ सदन में सीएम साय की सांसदों से भेंट, रात्रि भोज में सार्थक चर्चा

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित 17, छत्तीसगढ़ सदन में राज्य के सांसदों से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर आयोजित रात्रि भोज के दौरान मुख्यमंत्री ने सांसदों के साथ राज्य और राष्ट्र के समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों को छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति और सहभागिता से राज्य के हित और ज़मीनी ज़रूरतें राष्ट्रीय फलक पर बेहतर ढंग ⏭शेष पेज 8 पर

आईसीसी रैंकिंग में भारत का जलवा, जडेजा को 117 रेटिंग अंकों की बढ़त

अभिषेक दुनिया के नंबर वन टी20 बल्लेबाज

एजेंसी ⏭ दुबई

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी टेस्ट क्रिकेटरों की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढ़त हो गई है जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं। दूसरी ओर टी20 रैंकिंग में एक साल से शीर्ष पर काबिज आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पछाड़कर भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नंबर एक पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शर्मा के अब 829 रेटिंग अंक हैं जबकि हेड 814 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में जो रूट शीर्ष पर

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट ने अपना दबदबा कायम रखा है। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने भी रैंकिंग में सुधार करते हुए अब टॉप 10 में जगह बना ली है जबकि जैक क्रॉली अब 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

सुंदर को 8 पायदान का फायदा

वॉशिंगटन सुंदर 8 पायदान चढ़कर 65वें स्थान पर हैं, जिन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रन की साझेदारी करके मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराया था। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है।

आईसीसी रैंकिंग में टॉप-5 टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाज

रैंक	टीम	खिलाड़ी	रेटिंग	सर्वश्रेष्ठ	मैच और वर्ष
1	भारत	अभिषेक शर्मा	829	829	बनाम इंग्लैंड मुंबई में 2025
2	ऑस्ट्रेलिया	ट्रैविस हेड	814	885	बनाम स्कॉटलैंड एडिनबर्ग में 2024
3	भारत	तिलक वर्मा	804	845	बनाम इंग्लैंड चेन्नई में 2025
4	इंग्लैंड	फिल साल्ट	791	881	बनाम वेस्ट इंडीज बारबाडोस में 2024
5	इंग्लैंड	जोस बटलर	772	774	बनाम वेस्ट इंडीज ब्रिस्टल में 2025

चिंतन

टैरिफ का फैसला मनमाना दबाव में नहीं आएगा भारत

भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एकतरफा ऐलान जहां मनमाना फैसला है, वहीं यह नई दिल्ली पर दबाव बनाने की टैक्टिस भी है, ताकि ट्रेड वार्ता में भारत को झुकाया जा सके। भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ दर को लेकर अब तक पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी दल भारत आएगा। इससे पहले अमेरिका का टैरिफ लगाने का ऐलान रणनीतिक रूप से भी सही नहीं है। दोनों देश अपने-अपने हितों को देखते हुए व्यापार वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका जिस तरह की रियायत कृषि व डेयरी उत्पादों पर चाहता है, वह भारत के लिए देना संभव नहीं है। यह बात भारत पहले बता चुका है। एक विकसित राष्ट्र का अनुचित रियायत मांगना अमेरिकी कमजोरी को दर्शाता है। भारत श्रम प्रधान क्षेत्रों पर विशेष रियायत चाहता है, इस पर ट्रेड वार्ता में बात चल रही है। 25 फीसदी टैरिफ का फौरी तौर पर भारत के पेट्रोलियम, फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मोती-महंगे पत्थर, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल्स, जूते, इलेक्ट्रानिक मशीनरी व उपकरण आदि के निर्यात पर असर पड़ेगा। ये सामान अब अमेरिका में महंगे हो जाएंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगाई से प्रभावित होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के रूस से व्यापार पर 'चिल्ल-पों' करते हुए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया है, लेकिन यह धमकी भारत के व्यापार करने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत किसी भी देश से व्यापार करने के लिए स्वतंत्र है, इस पर अमेरिका निर्देशित नहीं कर सकता है। अमेरिका अगर रूस व यूक्रेन जंग खत्म करना चाहता है, तो उसको पहले यूक्रेन को आर्थिक व सामरिक मदद करना बंद करना चाहिए। टैरिफ के जरिये अमेरिका का दोहरा मानदंड नहीं चलेगा। अतीत में भी अमेरिका ने पोखरण परमाणु विस्फोट पर भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया था, जो बेअसर रहा था। भारत के लिए अमेरिका कभी भी रूस की तरह मित्र देश नहीं रहा है, वह पाकिस्तानपरस्त रहा है, यह 1971 में भी दिखा और अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी दिखा। अमेरिका के भारत से रिश्ते ज्यादातर व्यापारिक रहे हैं। भारत बड़ा बाजार व खरीदार है, इसलिए अमेरिका ने 21वीं सदी में नई दिल्ली की तरफ झुकाव बढ़ाया है। भारत यह बात भलीभांति जानता है। राष्ट्रपति ट्रंप को एहसास है कि आयातक देशों पर अधिक शुल्क लगाकर अमेरिका अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था में जान फूंक सकेगा, लेकिन यह अवधारणा ही गलत है। ग्लोबल ट्रेड पर तात्कालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन वह जल्द ही नया रूप ले लेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से वैश्विक स्तर पर भारत, चीन, रूस, ब्राजील जैसे देश गोलबंद होंगे, जो अमेरिका की नाक में दम कर देंगे। अभी अमेरिकी टैरिफ भारतीय जीडीपी को 0.19 फीसदी व रुपये की कीमत को प्रभावित कर सकता है। नई टैरिफ दर के बाद अमेरिकी बाजार कनाडा, मेक्सिको, यूरोपीय संघ (ईयू), जापान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के लिए मुफीद होंगे, जबकि चीन, ब्राजील व भारत के लिए कठिन होंगे। भारत का घरेलू बाजार बहुत मजबूत है और वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2.4 फीसदी है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ बम से भारतीय जीडीपी बेअसर रहेगा। विदेशी मुद्रा भंडार पर अस्थायी असर पड़ सकता है। भारत को अपने निर्यात बढ़ाने के लिए ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जापान, खाड़ी देश, यूरेशिया, अफ्रीकी संघ व आसियान देशों जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, नए एफटीए करना चाहिए और अमेरिका के सर्विस सेक्टर पर नए तरीके से जवाबी टैरिफ दर के बारे में सोचना चाहिए।

जयंती विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

देश से विदेश तक प्रेमचंद का असर

यह सोच कर ताज्जुब होता है कि शताब्दी पहले गुलामी के दिनों में भी तमाम भारतीय साहित्यकारों की रचनाएं विदेशियों के लिए कौतुहल का विषय क्यों बनीं? पता चला कि हिंदी के विश्वप्रसिद्ध लेखकों, कवियों और पत्रकारों की कालजयी रचनाओं का असर महज भारत तक ही सीमित नहीं रहा है बल्कि शताब्दी पहले रूसी, जर्मनी, फ्रांसीसी, चीनी, हंगेरियन सहित दुनिया के तमाम हिंदी प्रेमियों व अंग्रेज हिंदी प्रेमियों का जब भारत आना-जाना हुआ और तत्कालीन हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं से वे रूबरू हुए, तब वे हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं के मुरीद हुए। इनको पढ़कर वे प्रभावित हुए और अपने देश लौटकर उनका अनुवाद किया। तब से ही वहां के विश्वविद्यालयों में उन पर शोध भी होने शुरू हुए। जिन हिंदी साहित्यकारों को सबसे ज्यादा लोकप्रियता विदेशों में हासिल हुई उनमें कबीर, तुलसीदास, सूरदास, भारतेन्दु हरिश्चंद, जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत के अलावा गद्य लेखकों में मुंशी प्रेमचंद सबसे ज्यादा लोकप्रिय और पसंद किए गए। मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। विदेशियों की भारतीय साहित्य व समाज के बारे में सोच में बदलाव हिंदी के साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ने के बाद आया।

जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। गुलाम भारत में उस वक्त अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा, समाज में फैले पाखण्ड, अंधविश्वास, कुरीतियों एवं गंदी प्रथाओं को खत्म करने के लिए तमाम आंदोलन चलाए जा रहे थे। इन आंदोलनों में आर्यसमाज का असर समाज पर सबसे ज्यादा पड़ रहा था। प्रेमचंद की लेखनी में भी आर्य सामाजिक क्रांति का असर गहराई से देखा जा सकता है। भारतीय समाज के तत्कालीन हालात, प्रवृतियों और समस्याओं को प्रेमचंद ने अपने लेखन का विषय बनाया, वे महज भारतीय समाज की दिशा-दशा नहीं थी बल्कि दुनिया के उन सभी देशों की भी थी, जहां अंग्रेजों की हुकूमत थी। शायद यही वजह है कि प्रेमचंद विदेशों में भी उतने ही पसंद किए गए जितने की भारत में। पिछले सौ वर्षों में प्रेमचंद जितना सम्मान एशिया, यूरोप, अफ्रीकी देशों और अमेरिका के पड़ोसी देशों में पा रहे थे, वहां आज भी उसी तरह का मान-सम्मान अपनी रचनाओं के जरिए पा रहे हैं। जापान में हिंदी प्रचारक प्रो. क्यूमा दोई ने 1955 ई. में 'गोदान' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। इसी तरह प्रो. साबा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। जापान में इसे भारतीय साहित्य का पहला अनुवाद माना जाता है। प्रो. केइचि नियामोतो एवं प्रो. ताइगेन हाशियोतो की मदद से 'दो बैलों की कथा', 'बड़े भाई साहब', 'पूस की रात', 'नशा' जैसी अनेक लोकप्रिय कहानियों का जापानी में अनुवाद किया। सुश्री तामाकि मात्सुओगा ने ईदगाह का अनुवाद किया। प्रो. तेइजि सकाता ताकुसोक ने 1967 ई. में 'गोदान' में प्रेमचंद की पद्धति एवं शैली' तथा 1968 ई. में 'प्रेमचंद की कहानियों

में शिल्पविधि का विकास' लेख लिखा। इसके अलावा प्रो.कोउकि नागा ने 'प्रेमचंद तथा गांधीवाद' विषय पर शोध किया। वहीं, इशिदा हिदेआकी ने प्रेमचंद के साहित्य में छुआछूत पर किया गया कार्य, मुराकामी योशियाकी द्वारा प्रेमचंद साहित्य का संकलन, श्रीमती कुरू ने मृतक भोज, ठाकुर का कुआं, पूस की रात, दूध का दाम, सद्गति आदि कहानियों का जापानी भाषा में अनुवाद किया।

इसी तरह यूक्रेनी भाषा के महान रचनाकार ए.पी वारान्निकोव ने प्रेमचंद की रचनाओं को सर्वग्राही बताते हुए लिखा है-'प्रेमचंद की रचनाओं में असली भारत के दर्शन होते हैं।' उन्होंने उनकी भाषा-शैली की खासियत को बताते हुए लिखा-''प्रेमचंद न केवल श्रेष्ठ और नई जीवनशैली के धनी हैं, जिसे उन्होंने सबसे पहले अपनाया है, बल्कि भारतीय साहित्य के लिए एक नई विधा-सामाजिक कहानी में, जिसमें सामाजिक तत्त्वों को बड़ी मनोवैज्ञानिक गहनता से उभारा गया है।'' एशिया के देशों खासकर चीन में प्रेमचंद की कहानियों का चीनी भाषा में 1956 ई. में अनुवाद का काम शुरू किया गया। इन चीनी अनुवादकारों में प्रमुख हैं'-श्वेड. चेन, फू. सुन, चिड. चओ, थ्वान तिड., प्रो. ल्यू. ऑन ऊ, तथा नी पेनकिन। प्रो. ल्यू आन ऊ ने सबसे ज्यादा अस्सी कहानियों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीनी अनुवादकों ने प्रेमचंद की 200 कहानियों का अनुवाद किया। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रूस की तरह ही चीनी हिंदीप्रेमियों ने भी प्रेमचंद को महत्वपूर्ण लेखक मानते हुए उनकी तमाम रचनाओं का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीन में प्रेमचंद की लोकप्रियता के बारे में प्रो. ल्यकोनान ने लिखा है-''मुक्ति के पहले तो हिंदी साहित्य का लोग नाम भी नहीं जानते थे। पर अब तक प्रेमचंद के गोदान, रंगभूमि, निर्मला, गबन, कर्मभूमि आदि का अनुवाद हो चुका है, जो छपते ही हाथोंहाथ बिक गए। दुनिया के उन देशों में भी प्रेमचंद के साहित्य को पसंद करने वाले हैं जहां भारतीयों की तादाद बहुत कम है। डॉ. पी.वी ग्लादीशेव रूस के पहले विद्वान थे जिन्होंने इंदीस्काया दिरेव्या व त्वोरचेस्त्वे प्रेमचंदा (प्रेमचंद के कृतित्व में भारतीय ग्राम) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। इसी तरह डॉ. विक्टर ई. वालिन ने भी प्रेमचंद नावेलिस्ट (उपन्यासकार प्रेमचंद) विषय पर खास तवज्जो देते हुए शोध किया, जिस पर लेनिनग्राद विश्वविद्यालय से उन्हें 1956 में डॉक्टरेट की डिग्री मिली। उन्होंने गोदान, निर्मला, प्रेमाश्रय पर भी विवेचनात्मक अध्ययन किया। इसके अलावा लाहौर से प्रकाशित पत्रिका 'सोजे वतन' के आधार पर प्रेमचंद पर एक दिलचस्प लेख 'प्रेमचंद के सृजन-पथ की शुरुआत और सोजे वतन कहानी संग्रह' लिखा था, जो 1962 ई. में मास्को से प्रकाशित किताब 'सेब्रेमेन्नाया इन्दीस्काया प्रोजा' (आधुनिक हिंदी भारतीय गद्य) में संकलित है।



प्रेमचंद उन कालजयी रचनाकारों में हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए लोगों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित किया। विदेशों में भी प्रेमचंद के साहित्य का अनुवाद खूब हुआ, लेकिन मूलभाषा में पढ़ने का मज़ा कुछ और ही होता है, इस नजरिए से विदेशों में भी लोगों ने हिंदी सीखी। डॉ.मारग्रेट गात्सलाफ का निर्मला और कई कहानियों का जर्मन में रूपांतरण और प्रो.लोठार लुत्से द्वारा डा. कमल किशोर गोयनका के सहयोग से प्रेमचंद साहित्य पर किया गया कार्य काबिलेगौर है। लघु भारत कहे जाने वाले मॉरीशस में प्रेमचंद के चहेतों की लम्बी सूची है। आज दुनिया के तकरीबन सौ से ज्यादा देशों में प्रेमचंद वहां के चहेते विदेशी लेखकों में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

(लेखक साहित्यकार व संस्कृतिवेत्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

आलेख
परदेशी राम वर्मा

आकाशदीप प्रेमचंद

प्रेमचंद ने कर्मभूमि में लिखा है - 'जीवन में यथार्थ का महत्व आदर्श से जौ भर भी कम नहीं ।' वे यथार्थ को लेखन का विषय बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत कर गए । इसीलिए साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया । सही दर्पण में सच्ची प्रतिच्छबि दिखती है । उनकी कहानी ठाकुर का कुंवा, सद्गति, पूस की रात, सवा सेर गेहूँ, कफन और उपन्यास गोदान में सामंती शोषण, जातीय कट्टरता, दमन, अमानवीय व्यवहार और जड़ता पर चोट है । दूसरी तरफ गुल्ली डण्डा, बड़े भाई साहब, पंच परमेश्वर, नमक का दरोगा, ईदगाह, मंत्र, सुजान भगत जैसी कहानी और गबन जैसा उपन्यास है जिसमें जीवन के विविध रंगों के सजीव और प्रेरक चित्रण के साथ नसीहत है । मनुष्यता की जीत और सद्भाव का महत्व इन कहानियों में है तो गबन में स्त्री के आभूषण प्रेम को केन्द्र में रखकर रची गई कथा है । अति से विनाश की शुरूवात होती है । लालच, स्वार्थ, दिखावा, अंहकार आदमी को छोटा करता है । मनुष्य क्षमा, प्रेम और सहयोग से बड़ा बनता है यह संदेश इन कहानियों में है । एक अलग रंग घासवाली जैसी कहानियों का भी है । यह स्त्री के आन-बान की कहानी है । जातीय चौखटे में कैद समाज की सड़न पर भी इसमें चोट है । प्रेमचंद जिस समय गोदान लिख रहे थे और जिस दौर में वे कफन जैसी कहानी लिख रहे थे ठीक उसी काल में छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल जातीय कट्टरता के खिलाफ नाटक ऊंच-नीच लिखकर उसे खेल भी रहे थे । 1933 में गांधी जी छत्तीसगढ़ आये । तब चंदखुरी गांव के समृद्ध व्यक्ति श्री बर्छिहा जी और डॉ. खूबचंद बघेल के तमाम साथी समतावादी समाज के लिए जीवन न्यौछावर करने का संकल्प लेकर मैदान में उतर गए । बर्छिहा ने अपने गांव के सतनामियों की दाढ़ी स्वयं बनाकर सिद्ध किया कि सब मनुष्य बराबर हैं । नाई केवल सवर्णों की दाढ़ी क्यों बनायें ? उनके इस कदम से कुपित कूर्मि समाज ने उन्हें बहिष्कृत कर दिया। तब डॉ. खूबचंद बघेल नाटक का तोप लेकर गांव पहुंच गए। पंडित रविशंकर शुक्ल, महंत लक्ष्मी नारायण दास की उपस्थिति में जातिवादी जड़ता के खिलाफ लिखा गया नाटक ऊंच-नीच खेला गया और चमत्कार हो गया । गांव वालों ने संदेश को समझकर बर्छिहा को पुनः मुख्यधारा में ले लिया । इस तरह छत्तीसगढ़ में जहां पंडित सुन्दरलाल शर्मा ने सतनामियों को मंदिर प्रवेश करवाया वहीं डॉ. खूबचंद बघेल ने समतावादी छत्तीसगढ़ी समाज रूपी मंदिर की गरिमा को बनाये रखने का संदेश दिया।

डॉ. बघेल और पंडित सुन्दरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी समाज की भीतरी ताकत को समझने वाले विशेषज्ञ थे । ठीक उसी तरह पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विश्व-साहित्य के विशेषज्ञ, अंग्रेजी के उद्भट विद्वान और छत्तीसगढ़ी जीवन के अमूल्य सूत्रों को रेखांकित करने वाले महान लेखक थे । इसीलिए वे हृदय में जलने वाले स्नेह दीप की महिमा गाते हुए 'झलमला' लिख सके। छत्तीसगढ़ महतारी का समग्र चित्र खींचकर कारी का सृजन कर सके। हमारा छत्तीसगढ़ सद्भाव का द्वीप है । यहां घीसू-माधव जैसे अभागे लोग नहीं रहते। उन पर इतना दमन यहां नहीं हुआ कि मनुष्य होने की चेतना ही विलुप्त हो जाय। उनके जीवन में ऐसा रीतापन नहीं आया कि वे कफन के पैसे से खा-पीकर बेसुध हो जांय।

छत्तीसगढ़ के किसी ठाकुर के कुँए से मरणासन्न पति के लिए डोलची भर पानी निकालना इतना भयकारी, कभी नहीं रहा। यहां ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर की परंपरा के सहृदय ठाकुरों की बस्तियां सदैव आबाद रहीं । यहां रतीराम गौंटिया जैसे सतनामी रत्न जन्में जिन्होंने महादानी कहलाने का गौरव हासिल किया । सब कुछ दान देकर समाज में पर्वतदानी होने का सम्मान पाया । छत्तीसगढ़ की आंतरिक संरचना दूसरों से बिलग है । हिंसा और अतिरेक से बचता रहा है छत्तीसगढ़ । अपने समय के दो महत्वपूर्ण लेखकों ने अपना अपना सच देखा और उसके पक्ष में वे खड़े हुए । प्रेमचंद भी विश्व साहित्य के जानकार थे और बख्शी जी भी । लेकिन लेखन के लिए दोनों ही अपनी जमीन पर आश्रित थे । प्रेमचंद अपने आसपास की दुनिया को आधारित कर कथानक खड़ा करते थे । यथार्थ पर आधारित कहानियों के लेखक प्रेमचंद विश्व में पूजे जाते हैं । ठीक उसी तरह हमारे छत्तीसगढ़ के वंदनीय रचनाकार बख्शी जी का डंका बजता है । शिक्षक प्रेमचंद के स्कूल में गांधी जी आये थे । उनसे प्रभावित होकर ही उन्होंने नौकरी छोड़ी थी । प्रेमचंद गांधीवाद, मार्क्सवाद के साथ ही उस दौर के प्रभावी विचारकों से भी प्रभावित रहे । बख्शी जी डॉ. खूबचंद बघेल द्वारा 1956 में गठित छत्तीसगढ़ी किसान सभा में पदाधिकारी बनाए गये । इस तरह दो बड़े साहित्यकार अपने समय के बड़े नेतृत्वकर्ता से प्रभावित थे तो उस दौर के सर्वमान्य नेतृत्वकर्ता भी ऐसे साहित्यकारों के प्रशंसक थे।

अपनी धरती को समझकर और अपनी समझ भर लिखकर ही रचनाकार भरोसेमंद बन पाता है। पाखंड और नकली जीवन, दिखावे की सिद्धांतप्रियता कभी किसी सही दृष्टि वाले व्यक्ति को अच्छी नहीं लगती। लेखक इसका विरोध और अधिक त्रीवता से करता है। विसंगति के विरोध की कला ही सफल लेखन की अनिवार्य शर्त है । जहर से अमृत बनाने की कला साधने वाले ही बड़े लेखक होते है । प्रेमचंद ने 'गोदान' में लिखा भी है... "अन्याय ने मनुष्य जाति में विद्रोह की भावना उत्पन्न करके समाज का बड़ा उपकार किया है।" प्रेमचंद की लगभग 300 कहानियां प्रकाश में आईं । उन्होंने हिन्दी कथा साहित्य को ठोस धरातल पर खड़े होने का संस्कार दिया । उनके पूर्व के कथाकार कल्पना और रहस्य पर आधारित कहानियां लिखते रहे । प्रेमचंद के बाद कहानियां लगातार जीवन के यथार्थगत संघर्षों से जुड़कर आगे गईं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

राम सब घट मेरा साइयां

संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा

संकलित
प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

अंतर्मन

आज की पाती

आवारा कुत्तों से लोग हलाकान

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *– चेतन वर्मा, रायपुर*

करंट अफेयर

अफगानिस्तान में पर्यटकों का महिलाएं कर रहीं नेतृत्व

अफगानिस्तान में तालिबान की सख्ती के बीच एक महिला गाइड यहां स्थित संग्रहालय में आने वाली महिला पर्यटकों के समूहों का नेतृत्व कर रही हैं और संग्रहालय के बारे में बारीकी से जानकारी दे रही हैं।

पर्यटकों का अपनी गाइड के साथ चलना और संग्रहालय के बारे में दी जा रही जानकारी को ध्यान से सुनना एक अनूठा अनुभव देता है, जहां तालिबान शासन ने लड़कियों और महिलाओं के शिक्षा ग्रहण करने और काम करने पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हुई हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले विदेशियों के समूह में केवल महिलाएं हैं, गाइड भी एक महिला ही थी। सोमाया मोनिरी (24) को यह नहीं पता था कि पर्यटक गाइड जैसा भी कोई पेशा होता है। लेकिन, अपनी अंग्रेजी भाषा सुधारने में मदद के लिए इंटरनेट पर खोज करते हुए, उनकी नजर 'काउचसर्फिंग' पर पड़ी, एक ऐसा ऐप जिसके जरिए यात्री स्थानीय लोगों से जुड़ सकते हैं और उनके घरों में रह सकते हैं। मोनिरी बताती हैं, 'एक पर्यटक की मेजबानी करने के बाद, मुझे इसमें बहुत रुचि हो गई और यह मेरे लिए बेहद दिलचस्प था। यह बहुत अनोखा था। मैंने इसके बारे में पहले कभी नहीं सुना था, इसलिए मैंने सोचा – क्यों न ऐसा किया जाए?'

ऑफ बीट

एआई एजेंट ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने में सक्षम

हम कृत्रिम मेधा (एआई) के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। पहले दौर में चैटबोट आए। उसके बाद 'एआई असिस्टेंट' (सहायक) ने दस्तक दी। अब

हमारे बीच 'एआई एजेंट' हैं, जो ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने की क्षमता रखते हैं और 'टीम' बनाकर या 'टूल'' का इस्तेमाल करके जटिल कार्यों को पूरा कर सकते हैं। 'ओपनएआई' का 'चैटजीपीटी' एजेंट सबसे नवीनतम और चर्चित उत्पाद है। डेवलपर के अनुसार, यह पहले से मौजूद दो उत्पादों (ऑपरेटर और डीप रिसर्च) को मिलाकर ऐसा शक्तिशाली 'सिस्टम' बनाता है, जो 'अपने दम पर सोच-समझकर काम करता है। ये नये 'सिस्टम' पहले के 'एआई टूल' से एक कदम आगे हैं। लेकिन यह जानना भी जरूरी होता जा रहा है कि वे कैसे काम करते हैं और क्या कर सकते हैं, साथ ही उनकी कमियां और जोखिम क्या हैं। चैटजीपीटी ने नवंबर 2022 में चैटबोट युग की शुरुआत की, लेकिन इसकी अपार लोकप्रियता के बावजूद इसका बातचीत आधारित 'इंटरफेस' इस प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को सीमित कर रहा था। इसके बाद 'एआई असिस्टेंड' या 'को-पायलट' काल की शुरुआत हुई। ये उसी 'जनरेटिव एआई मॉडल' पर आधारित 'सिस्टम' हैं, जिन पर 'चैटबोट' काम करते हैं।

ट्रेंड

पवित्र अवशेष

यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के बाद स्वदेश वापस लाए गए हैं। ये हमारी गौरवशाली संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

बुनियादी सुविधाओं का लाभ



ईएचएन और आरयूसीए अधिनियम के माध्यम से, हम लोगों को अपने घरों को नियमित करने और बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने में सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, हम भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैधता को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
-डा. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

मानदेय राशि में वृद्धि

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।
- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

सत्ता के करीबी

ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था क्या ऐसे ही बनेगी? लोन न चुका पाने पर ग़रीब की पत्नी को तो बैंक वाले बंधक बना रहे हैं लेकिन सत्ता के करीबी जो लोग बैंकों का खरबों लेकर विदेश भगा दिये, उनका क्या?
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिहार में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके तहत सभी दल अपनी तैयारी कर रहे हैं। इसके तहत, महागठबंधन ने रक्षाबंधन के बाद जनता के बीच जाने का ऐलान किया है। महागठबंधन की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री व राजद नेता तेजस्वी यादव ने पत्रकारों को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया, पूरे बिहार में महागठबंधन के नेता जाएंगे। सभी 9 प्रमंडलों में रैली होगी। इसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे। एसआईआर के नाम पर वोटों की चोरी की गई. मतदाता सूची से नाम काटे गए, लॉ एंड आर्डर ध्वस्त है, पलायन, बेरोजगारी, गरीबी में सबसे आगे है। इन मुद्दों को जनता के सामने रखा जाएगा।

बिहार चुनावः महागठबंधन की 7वीं बैठक में हुआ फैसला

रक्षाबंधन के बाद राहुल-तेजस्वी घूमेंगे पूरा बिहार, खोलेंगे कच्चा चिट्ठा

यादव ने कहा, राज्य में होगी अब अगस्त क्रांति, मीटिंग में सीएम फेस और सीट शेयरिंग पर फंसा रह गया पेंच

एजेंसी ▶▶ पटना

तेजस्वी ने कहा, 'राखी के बाद राष्ट्र स्तर के नेता हैं जनता के बीच जाएंगे मैं खुद भी जनता के बीच जाऊंगा।' राहुल से लगातार उनसे बातचीत हो रही है। तरीख और रूट कुछ दिनों के बाद बता दिया जाएगा। आने वाला महीना अगस्त है और हम लोग अगस्त क्रांति करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस तेजस्वी यादव की सभी बातों का समर्थन करती है। अगस्त का महीना क्रांति का महीना होगा। जनता की लड़ाई हम लोग लड़ेंगे।

इन मुद्दों पर रहा फोकस

पटना में आरजेडी नेता यादव के आवास पर ही यह बैठक हुई। यह महागठबंधन की 7वीं बैठक थी। बताया ग या कि बैठक में सीट शेयरिंग, सीएम फेस, एसआईआर समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। 3 घंटे तक चली बैठक में सीएम फेस और सीट शेयरिंग तय नहीं हो पाई। बैठक में सभी सहयोगी दलों के नेता शामिल हुए। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सीएम फेस के सवाल से किनारा किया, वहीं वीआईपी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाल मुकुंद ने कहा कि 60 सीटों की जो बातचीत आ रही है वह तो हम लोगों का अपना फैसला है लेकिन महागठबंधन में यह फैसला होगा कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

सीट शेयरिंग पर कुछ साफ नहीं

बैठक में शामिल होने वाले कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू से सीट की डिमांड को लेकर सवाल किया गया तो कृष्णा बोले कि डिमांड तो हर दल का होता है। हमारा भी डिमांड है। हम मिलजुल कर रास्ता निकालेंगे। इसके अलावा सीपीएम नेता कुणाल कुमार से पूछा गया कि मुकेश सहनी 60 सीटों पर बात कह रहे हैं। इसपर कुणाल ने जवाब दिया कि यह हम लोगों का आंतरिक मामला है। हम लोग देख लेंगे इसे।

सीएम फेस के सवाल को टाल गए

बैठक में शामिल होने से पहले कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन के सभी दलों ने फैसला लिया है कि 273 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जो भी उम्मीदवार जिस सिंबल से लड़ेगा, वो इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार होगा। सभी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उस उम्मीवार के लिए काम करेंगे। इसके बाद कृष्णा से जब सीएम फेस का सवाल पूछा तो वह बोले कि जो तय होगा, बता दिया जाएगा।

सहनी बने चर्चा का विषय

महागठबंधन की बैठक में वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी शामिल नहीं हुए। यह चर्चा का विषय रहा। इस मामले में वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष बाल मुकुंद ने कहा कि मुकेश सहनी के पारिवारिक कारण से बाहर गए हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से पूछे तीखे सवाल

आपका आचरण विश्वसनीय नहीं आप समिति के समक्ष पेश क्यों हुए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामदगी मामले में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अमान्य करार देने का अनुरोध करने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा के आचरण को विश्वसनीय न बताते हुए बुधवार को उनसे तीखे सवाल पूछे। जस्टिस समिति की रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा को कदाचार का दोषी पाया गया था। शीर्ष अदालत ने जस्टिस वर्मा से पूछा कि वह आंतरिक जांच समिति के समक्ष क्यों पेश हुए और उसे वहीं चुनौती क्यों नहीं दी। अदालत ने जस्टिस वर्मा से कहा कि उन्हें समिति की रिपोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहले आना चाहिए था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि अगर भारत के प्रधान न्यायाधीश के सामने यह मानने के लिए कोई दस्तावेज है कि किसी न्यायाधीश ने कदाचार किया है तो वह राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सूचित कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति वर्मा को पाया गया था कदाचार का दोषी

याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया सर्वोच्च न्यायालय ने

सिफारिश को दी है चुनौती

शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायामूर्ति वर्मा ने याचिका में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उन्हें हटाने से संबंधित भारत के प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश को चुनौती दी है। जस्टिस वर्मा ने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की आठ मई की सिफारिश को भी रद्द करने का अनुरोध किया है, जिसमें खन्ना ने संसद से वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया था। जस्टिस वर्मा ने आरोप लगाया कि समिति की रिपोर्ट पहले से तय विमर्श पर आधारित है और ऐसा लगता है कि प्रक्रियात्मक निष्पक्षता की परवाह किए बिना मामले को निपटाने की जल्दबाजी के साथ जांच की गई।

समिति की रिपोर्ट

मामले की जांच कर रही समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस 'स्टोर रूम' पर किसी न किसी तरह से नियंत्रण था, जहां आग लगने के बाद बड़ी संख्या में आधी जली हुई नकदी मिली थी। बता दें यह घटना 14 मार्च की है।

निठारी कांड में सीबीआई, पीड़ित परिवारों को तगड़ा झटका

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के बहुचर्चित निठारी कांड में आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी करने के खिलाफ दायर 14 अपीलों को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से दिए गए बरी करने के फैसले में कोई कानूनी गड़बड़ी या गलती नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जिस समय नाले से बच्चों की खोपड़ियां और अन्य सामान बरामद हुए थे, वह बरामदगी सुरेंद्र कोली के बयान के आधार पर नहीं की गई थी। ऐसे में यह कानूनी रूप से सबूत के तौर पर मान्य नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक पुलिस किसी आरोपी का बयान ठीक तरीके से दर्ज नहीं करती और उसके बाद बरामदगी कराई जाती है, तब तक वह बरामद सामान अदालत में सबूत नहीं माना जा सकता। इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पहले ही यह कहते हुए सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया था कि केस में पर्याप्त और कानूनी रूप से मान्य सबूत नहीं हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी निर्णय को सही ठहराया है।

यह है मामला

29 दिसंबर, 2006 को दिल्ली से सटे नोएडा के निठारी में पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के बाद बड़ी संख्या में कंकाल मिले थे। इनमें से ज़्यादातर अवशेष उन बच्चों और युवतियों के थे जो उस इलाके में लापता थे।

आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता'

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

नई दिल्ली। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री को आतंकवाद विरोधी अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के सफल संचालन के लिए बधाई दी। यह अभियान देश में सक्रिय आतंकवादी खतरों को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाया गया था। श्री साहू ने प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान भारत की 'आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता' की नीति और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचायक है।

इस अवसर पर श्री साहू ने प्रधानमंत्री को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत चल रही प्रमुख आवासीय और शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी और छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। श्री साहू ने प्रधानमंत्री को बताया कि देशभर में अराजक शहरी विस्तार (अर्बन स्प्रॉल) एक गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि निजी कारों पर निर्भरता को कम करने और मिश्रित-प्रयोजन विकास (जहां आवासीय, वाणिज्यिक और सार्वजनिक उपयोग के स्थान एक साथ हों) को बढ़ावा देकर इस विस्तार पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि "हमारा ध्यान जन-परिवहन उन्मुख विकास (ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट) पर है, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों का समावेश होता है। इससे निजी वाहनों की निर्भरता कम होती है। विभिन्न शोधों से स्पष्ट है कि इस प्रकार की योजना से कार उपयोग में 20% से 50% तक की कमी लाई जा सकती है, जिससे शहरी भीड़ घटेगी और सतत शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में प्रधानमंत्री 'सूर्य गृह मुफ्त बिजली योजना' को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम-आवास) से जोड़ने के विषय पर भी चर्चा हुई। श्री साहू ने प्रस्ताव रखा कि इस योजना के अंतर्गत दी जाने वाली निःशुल्क बिजली को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित सभी घरों में लागू किया जाए।

इससे बिजली के वितरण की लागत घटेगी, टिकाऊ शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और लाभार्थी ऊर्जा दक्ष घरों में निवास कर सकेंगे। साथ ही, सरकारी सब्सिडी युक्त लघु ऋणों तक उनकी पहुंच सुगम हो सकेगी जिससे कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। श्री साहू ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ राज्य की जमीनी स्थिति और क्षेत्रीय चुनौतियों से भी अवगत कराया।

लालू को लगा सुप्रीम झटका, सुनवाई नहीं होगी स्थगित

पटना। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ 'नौकरी के बदले जमीन" मामले में निचली अदालत द्वारा आरोप तय करने पर चल रही सुनवाई को स्थगित करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड मुदित गुप्ता के माध्यम से दायर यादव के आवेदन का निपटारा कर दिया।

MEDHA SERVO DRIVES Pvt. Ltd.
MEDHA
P-4/5B I.D.A Nacharam, Hyderabad - Telangana

OFF / POOL WALK IN DRIVE

SERVICE ENGINEER	Qualification : Diploma (ECE/EEE)
SERVICE TECHNICIAN	Qualification : I.T.I - ELECTRICIAN / ELECTRONICS
SERVICE FITTER	Qualification : I.T.I-FITTER

Gross Salary: Rs.19,907/-P.M (For Service Tech./Fitter), Rs.22,795/- P.M (Service Engineer).
Job location : CHHATTISGARH / NORTHERN ODISHA
Note: Age limit below 26 years, 60% above marks in ITI & DIPLOMA. Course must be complete (No backlog). Male candidates only Eligible.
Interested Candidates can attend the written test and interview on: 02-08-2025 & 03-08-2025 Timing 09:30AM to 03:00PM.
Required Documents:- Xerox copies of academic mark sheets, Bio-data form & Passport size photos - 02 nos.

Venue:	Contact:
Hotel Simran Heritage Station Road, Near Patra India, Moudhapara, Raipur, Chhattisgarh – 492009	HR DEPARTMENT PRASHANT: +91 63099 53493 UPENDRA: +91 93462 07395

BAJAJ FINSERV

सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना
बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(11-08-25) भिलाई जीई रोड GL; PBX2GOL11928246, 12373734, 12470771, 12667674, 12700078, 12687597, 12713034, 12781943, 12838153. भिलाई स्मृति नगर रोड; PLL2GOL12720046. दुर्ग GL; P08IGOL12317287, 12316856, 12317599, 12317476, 12467604, 12514433, 12537063, 12654031, 12758588, 12816360. (12-08-25) बिलासपुर अग्रसेन चौक GL; PGJ8GOL12398403, 12530455, 12551973, 12583515, 12590083, 12687735, 12719375. बिलासपुर मुंगेली नाका GL; PCZ5GOL11918685, 12821709. सरकंडा GL; P42HGOL12392669, 12458719, 12491087, 12498511, 12491803, 12508603, 12574234, 12586657, 12671025, 12687240, 12701035, 12712967, 12735803, 12753119, 12793051. (13-08-25) कोरबा – सीएसईबी चौक GL; PEQ2GOL12498394, 12491501, 12566560, 12567223, 12800479. (14-08-25) कटघोरा BGL; P25EGOL12458870, 12516143, 12611154, 12624475, 12663372, 12732966. (16-08-25) मनेन्द्रगढ़ BGL; PV99GOL12346540, 12359302, 12624818, 12665437, 12732561, 12782549, 12797763, 12825522, 12842938. (18-08-25): रायपुर जीई रोड रायपुर GL; PCZ6GOL12317417. रायपुर – पियांक टावर GL; PEN5GOL12565865, 12588565, 12721854, 12732125. (19-08-25) रायपुर GL; PF45GOL12380898, 12402278, 12476987, 12477720, 12511362, 12546545, 12580653, 12607918, 12625220, 12652495, 12674217, 12722980, 12718598, 12719187, 12743917, 12779748, 12774811. (20-08-25): रायपुर पचपेडीनाका; PLI9GOL12816302. राजनंदगाँव–ग्रेट ईस्टर्न रोड GL; PEN6GOL12418140, 12435875, 12649492, 12760309.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

इजरायल की बढ़ी मुश्किलें

फिलिस्तीन के लिए 14 देशों ने बनाई यूनियन, फ्रांस भी साथ

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

गाजा में हमास से लड़ रहे इजरायल को यूरोपीय देशों से करारा झटका लगता दिख रहा है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा खोल दिया है। इन देशों की ओर से कहा गया है कि गाजा में इजरायल की ओर से हमले नहीं रोके गए तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा।

फिलिस्तीन मुल्क को दी जाए मान्यता

इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से साझा बयान जारी किया गया है। इसे फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। उसमें लिखा गया है, 'हम 7 अक्तूबर, 2023 के हमले की निंदा करते हैं। हमास को तुरंत उन बंधकों को रिहा कर देना चाहिए, जो अब तक उसकी कैद में हैं। इसके साथ ही हम इजरायल और फिलिस्तीन के बीच टू-नेशन सॉलूशन की बात कर रहे हैं। हम मानते हैं कि वेस्ट बैंक और गाजा को मिलाकर एक फिलिस्तीन मुल्क को मान्यता दी जाए। हम समस्त 14 देश इसके लिए सहमत हैं।'

मिलिट्री बेस को बनाया निशाना

बुर्किना फासो में आतंकी हमला, 50 सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶ डार्गो

पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में एक सैन्य अड्डे पर हमले में लगभग 50 सैनिक मारे गए हैं. इस हमले के लिए जमात नस्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) नाम के एक आतंकवादी समूह पर शक जताया जा रहा है। ये हमला डार्गो में सोमवार को हुआ, जो बौल्सा प्रांत में है। यह जानकारी बुधवार को एक सामुदायिक नेता और एक निवासी ने दी। जमात नस्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन समूह, या जेएनआईएम, पर इस स्थल-रुद्ध पश्चिमी अफ्रीकी देश के उत्तरी क्षेत्र के बौल्सा प्रांत के डार्गो स्थित सैन्य अड्डे पर हमले को अंजाम देने का संदेह है। दो सूत्रों ने, जिन्होंने सेना की ओर से प्रतिक्रिया के डर से नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमले में लगभग 100 आतंकवादी शामिल थे और हत्याओं के बाद बंदूकधारियों ने अड्डे को जला दिया और लूट लिया।

अगर करते हैं नाइट शिफ्ट जॉब

रात में प्राकृतिक तौर पर नींद आती है। लेकिन अगर आपकी जॉब नाइट शिफ्ट वाली है तो आपको अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ का विशेष ध्यान रखना होगा। एक रिसर्च स्टडी के आधार पर दिए जा रहे ये सजेशंस बहुत उपयोगी हो सकते हैं।

सजेशन
डॉ. माजिद अलीम

यह जानने के बावजूद भी कि रात सोने के लिए होती है और दिन काम करने के लिए, कई बार ऐसी मजबूरी आ जाती है कि नाइट शिफ्ट जॉब करनी पड़ती है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि रात में जागने से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान को कैसे पूरा कर सकते हैं। इसके लिए हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, नेशनल स्लीप फाउंडेशन और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली ने कई ऐसे उपाय सुझाए हैं, जिससे लोग रात में जगने के कारण अपने स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की भरपायी कर सकते हैं।

दिन में लें एंकर स्लीप: अगर किसी वजह से आपके लिए रात में जागना मजबूरी है, तो रात में न सोने से होने वाले स्वास्थ्य की भरपायी करने के लिए दिन में कम से कम एक एंकर स्लीप जरूर लें। एंकर स्लीप का मतलब होता है 4-5 घंटे तक लगातार सोना। अगर आपको रात में जगना पड़ रहा है, तो दिन में जब भी सोएं कोशिश करें कि 4-5 घंटे की नींद एक साथ लें। वास्तव में यही आपकी मुख्य नींद मानी जाएगी। कोशिश करें कि यह नींद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच हो। दरअसल, इस समय शरीर कुदरती रूप से थकता है और इस समय आने वाली नींद प्राकृतिक नींद के जैसे होती है यानी इसकी गुणवत्ता किसी हद तक रात की नींद के माफिक होती है।



सोने का माहौल सुधारें: अगर रात में नहीं सो पा रहे हैं तो सिर्फ इतना भर जरूरी नहीं है कि दिन में नींद लें बल्कि यह भी जरूरी है कि दिन में जब भी सोएं, आपके सोने का एक हेल्दी माहौल होना चाहिए। हेल्दी माहौल से मतलब है, दिन में जब सोएं तो सोने की जगह ऐसी हो, जहां अंधेरा हो, ठंडक हो और शांति हो। अगर जरा भी इन स्थितियों में कमी हो तो आंखों पर स्लीप मास्क और कानों में ईयर प्लग लगाकर सोएं। प्राकृतिक प्रकाश हमेशा नींद में सबसे बड़ी बाधा डालता है। इसलिए दिन के समय जहां सोएं अगर वहां पर प्राकृतिक रोशनी आ रही हो, तो कमरे में ब्लैक आउट कर्टेन लगाएं ताकि सोने का माहौल रात जैसा बन सके।

भारी भोजन, कैफीन से परहेज करें: अगर आप रात की शिफ्ट में काम करते हैं तो कॉफी, चाय या एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल सिर्फ रात की शिफ्ट में काम करते वक्त शुरुआत के समय ही करें यानी, जब सोने जा रहे हों तो सुनिश्चित करें कि उसके 6 घंटे पहले तक ऐसी किसी चीज का सेवन न किया हो। अगर आपने दिन के समय सोने के पहले 6 घंटों में इन चीजों का इस्तेमाल किया तो नींद में खलल पड़ती है और तमाम कोशिशों के बाद भी संतोषजनक नींद नहीं आएगी। एक और बात का ध्यान रखें, जब भी रात में जगने के कारण दिन में सोना हो तो सोने के पहले भारी भोजन बिल्कुल न करें, बिल्कुल हल्का-फुल्का और सुपाच्य खाना खाएं ताकि वह नींद आने के पहले ही पच जाए और अगर न भी पचे तो नींद में खलल न डाले।

संभव हो तो रात में पावर नैप लें: रात की शिफ्ट के दौरान अगर संभव हो तो 20 मिनट या आधे घंटे की कम से कम एक 'पावर नैप' या नींद की तेज झपकी जरूर ले लें। क्योंकि अगर ऐसी एक झपकी ले ली जाए तो इससे न केवल रात में जगने के दौरान सतर्कता बनी रहती है बल्कि किसी हद तक दिन में सोते समय रात की नींद की कमी भी पूरी हो जाती है। 'पावर नैप' कुछ ही मिनटों की होने के बावजूद भी यह अच्छी गुणवत्ता की नींद देती है।

मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें: अगर लगातार नाइट शिफ्ट करनी पड़ रही है तो सिर्फ दिन के समय रात की नींद की भरपायी नहीं करनी होती बल्कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। इसके लिए नियमित रूप से ध्यान करें, योगाभ्यास करें, नियमित रूप से हल्की कसरत करें और परिवार के साथ अपना गहरा जुड़ाव बनाए रखें।

रात में जगने के कारण दिन में नींद आने में दिक्कत हो तो अपने डॉक्टर से मिलें और उनकी सलाह से मेलाटोनिन सप्लीमेंट ले सकते हैं। *

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. सुशीला कटारिया
डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

बरसात के मौसम में ज्यादा गंदगी फैलने और जगह-जगह जलभराव से मच्छर बड़े पैमाने पर पनपते हैं। इस कारण मच्छरों के काटने से उत्पन्न होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया आदि के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इनसे बचने के लिए आपको सजग रहते हुए यहां बताए जा रहे उपायों पर अमल करना जरूरी है।

बारिश के मौसम में रहें पूरी तरह सजग
मच्छरजनित बीमारियों से करें बचाव

बारिश के मौसम में पाचन संबंधी, वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम के अलावा मच्छरों से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की आशंका भी बहुत बढ़ जाती है। मच्छरों के काटने से होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

डेंगू से रहें सचेत

एडीज इजिप्टी नामक मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर ज्यादातर सुबह या दिन के वक्त काटता है। एडीज के बारे में खास बात यह है कि यह स्वच्छ, लेकिन ठहरे हुए पानी में पनपता है। जैसे पानी की टंकी, गमलों और कूलर आदि में। डेंगू वायरल संक्रमण है। डेंगू वायरस के चार प्रकार होते हैं। डीईएन (डेन) वी 1, डीईएन वी 2, डीईएन वी 3 और डीईएन वी 4। एडीज के काटने पर यह वायरस व्यक्ति के रक्त में पहुंचकर उसे संक्रमित कर देता है। इससे व्यक्ति को डेंगू हो जाता है।

लक्षणों को पहचानें: तेज बुखार और जोड़ों में दर्द। त्वचा पर लाल निशान या चकत्ते पड़ना। सांस लेने में दिक्कत होना। मुंह, नाक और मसूड़ों से रक्तस्राव (ब्लीडिंग) होना। सिरदर्द और शरीर में सूजन। आंखों में भारीपन महसूस होना। जी मिचलाना।

पेशाब का रंग लाल होना। पेट में दर्द और काले रंग का दस्त होना। उपरोक्त में से कुछ लक्षण दिखने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

टल सकती है गंभीर स्थिति: डेंगू से पीड़ित व्यक्ति के रक्त में जब प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं, तो यह स्थिति गंभीर होती है। सामान्यतः एक व्यक्ति के शरीर में 1.5 लाख से लेकर लगभग 4.5 लाख तक प्लेटलेट्स काउंट होते हैं। डेंगू में प्लेटलेट्स की संख्या जब 50 हजार के नीचे चली जाती है, तब मरीज की जान पर खतरा मंडराने लगता है। ऐसी स्थिति में मरीज को अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है, जहां उसे प्लेटलेट्स ट्रांसफ्यूज कराया जाता है। तभी डेंगू की गंभीर स्थिति को टाला

जा सकता है। डेंगू पीड़ित अनेक मरीजों का रक्त चाप (ब्लड प्रेशर) बहुत कम हो जाता है। कुछ लोगों के फेफड़ों की कार्यक्षमता भी कम हो सकती है। उपरोक्त लक्षणों और स्थितियों के मद्देनजर मरीज का इलाज अस्पताल में ही समुचित रूप से हो सकता है।

इन बातों पर दें ध्यान: अगर मरीज के शरीर के किसी अंग से रक्तस्राव (ब्लीडिंग) हो तो इस हालत में उसे प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। डेंगू के संक्रमण में मरीज को किसी भी तरह की एंटीबायोटिक्स देने की जरूरत नहीं है। मरीज का बुखार उतारने के लिए उसे डॉक्टर के परामर्श से पैरासीटामोल की टैबलेट देना चाहिए और बुखार की स्थिति में मरीज के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखना लाभप्रद है। पीड़ित व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ जैसे जूस, सूप और नीबू पानी देते रहना चाहिए।

ऐसे होता है मलेरिया

अन्य ऋतुओं की तुलना में बरसात के मौसम में मलेरिया के मामले कहीं ज्यादा बढ़ जाते हैं। मादा एनॉफिलीज नामक मच्छर के काटने से व्यक्ति मलेरिया ग्रस्त होता है। आमतौर पर यह मच्छर शाम और रात में लोगों को कहीं ज्यादा काटता है। एनॉफिलीज मच्छर गंदे पानी जैसे सीवर लाइन और नालों या फिर जलभराव वाली जगहों में तेजी से पनपता है।

मलेरिया के प्रकार: मलेरिया प्लाजमोडियम के संक्रमण से होता है। यह चार प्रकार का हो सकता है- पहला, प्लाजोडियम वाइवैक्स, दूसरा पी. फाल्सीपेरम, तीसरा पी. ओवैल और चौथा पी. मलेरिई। अपने देश में पी. फाल्सीपेरम और पी. वाइवैक्स के मामले ज्यादा सामने आते हैं।

मलेरिया के लक्षण: मलेरिया होने पर ये लक्षण दिख सकते हैं। जैसे- मरीज को ठंड लगती है। मरीज तेज बुखार से ग्रस्त हो जाता है। मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द होना। पी. फाल्सीपेरम मलेरिया में मरीज को बेहोशी तक आ सकती है। लिवर और किडनी की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सिरदर्द, जी मिचलाना और उल्टी होना।

इलाज के बारे में: मलेरिया के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं। अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर इस मर्ज की जांच करवा कर इसका इलाज शुरू करवाना चाहिए।

चिकनगुनिया भी है कष्टकारी रोग

चिक वी नामक वायरस एडीज इजिप्टी मच्छर में होता है, जिसके काटने से चिकनगुनिया की समस्या उत्पन्न होती है। एडीज इजिप्टी मच्छर ज्यादातर दिन में काटता है।

लक्षणों को पहचानें: जोड़ों में बहुत तेज दर्द होना। मर्ज के ठीक हो जाने के बाद भी लोगों को सालों तक जोड़ों में दर्द की समस्या बनी रह सकती है। अनेक ऐसे मरीज होते हैं, जो कुछ दिनों के बुखार के बाद चलने-फिरने में अक्षम महसूस करते हैं। तेज बुखार और सिरदर्द। मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन होना। त्वचा के कुछ भागों पर लालिमा होना। रक्त परीक्षण और क्लीनिकल परीक्षण के जरिए चिकनगुनिया का पता लगाया जाता है।

इलाज के बारे में: चिकनगुनिया के मरीज का इलाज उसके लक्षणों के आधार पर किया जाता है। अभी तक इस मर्ज का कोई विशिष्ट इलाज उपलब्ध नहीं है। बुखार और दर्द से राहत पाने में पैरासीटामोल टैबलेट और अन्य दर्द निवारक दवाओं से मदद मिलती है। मरीज को आराम करने की सलाह दी जाती है।

ऐसे मरीज जिन्हें जोड़ों के दर्द में बिल्कुल राहत नहीं मिल पा रही है, उन्हें अंत में डाक्टर के परामर्श से स्टेरॉयड्स दवाओं को भी लेना पड़ सकता है।

मरीज को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उसे तरल पदार्थों जैसे जूस, सूप, दूध, नारियल पानी और नीबू पानी पीना चाहिए। किसी व्यक्ति या केमिस्ट आदि के कहने पर दवा न लें। डॉक्टर के परामर्श पर ही दवाएं लें और उनके द्वारा सुझाए गए नुस्खों पर अमल करें।

मरीज के लक्षणों के लगातार बिगड़ने, उसके प्लेटलेट्स काउंट के निरंतर कम होने और सांस लेने में दिक्कत आदि समस्याएं जारी रहने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवाएं। इसमें देरी करना घातक हो सकता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

ऐसे करें मच्छरों से बचाव

मच्छरों के काटने से होने वाले मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसलिए आपको ही मच्छरों से अपना हरसंभव बचाव करना होगा। इसके लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं-

- अपने आवास के समीप जलभराव न होने दें।
- घर में कूलर, गमलों और बाल्टी आदि का पानी हरेक दिन बदलें।
- अपने आवास के खिड़की और दरवाजों को जरूरत पड़ने पर ही खोलें। इन पर जालियों का इस्तेमाल करें।
- मच्छरों को दूर भगाने वाले स्प्रे या दवाओं का इस्तेमाल करें।
- सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- पूरी बाजू और पूरा पैर कवर करने वाली ड्रेस पहनें।
- बाल्टी में या पानी की टंकी भरे पानी को खुला न छोड़ें।
- मॉस्किटो रेपेलेंट क्रीम और क्वायल्स का यूज करें।

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर सही तरीके से बारिश के मौसम में शशांकासन किया जाए तो इसके अनेक लाभ मिल सकते हैं। विशेष रूप से तन-मन का भारीपन दूर होता है। स्ट्रेस कम होता है, पाचनतंत्र सुधरता है। इस आसन को करने की विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

तन-मन का भारीपन दूर भगाए शशांकासन

शशांकासन यानी हेयर पोज एक सरल लेकिन बेहद लाभकारी योगासन है। खासतौर पर मानसून के दिनों में, जब लगातार बारिश और उमस से मन और तन दोनों भारी महसूस होते हैं। उस समय यह आसन करने से मानसिक शांति और तन की थकान से राहत मिलती है।

होते हैं कई लाभ: शशांकासन में जैसा कि इसका नाम है, खरगोश के समान मुद्रा में झुकना पड़ता है। यह आसन करने के लिए वज्रासन में बैठकर आगे की ओर झुकते हैं तथा माथा जमीन पर टिकाते हैं। इस दौरान हाथ आगे की ओर फैले होते हैं। चूंकि बरसात के मौसम में वातावरण में उमस और भारीपन होता है, जिससे शरीर और मन दोनों थके महसूस होते हैं। ऐसे में शशांकासन करना विशेष रूप से लाभदायक होता है। इससे तनाव और चिड़चिड़ापन दूर होता है। शशांकासन मस्तिष्क में अतिरिक्त रूप से रक्तप्रवाह बढ़ाकर मन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है। चूंकि बारिश में पाचनतंत्र भी कमजोर हो जाता है। ऐसे में शशांकासन करने के दौरान पेट पर हल्का सा बनाया गया दबाव पाचन अंगों को सक्रिय करता है और इस मौसम में चूंकि अकसर जुकाम या सिरदर्द की समस्या होती है, इससे भी यह आसन माथे और चेहरे में रक्त संचार बढ़ाकर राहत देता है। शशांकासन से साइनस संबंधी परेशानियां भी दूर होती है। साथ ही इसे करने से रीढ़ की हड्डी में लचीलापन आता है। नमी और निष्क्रियता के कारण बारिश के दिनों में पीठ में जो अकड़न आ जाती है, उसे यह आसन दूर करता है। इस आसन के साथ एक अच्छी बात यह है कि अगर आप बारिश के कारण घर से बाहर किसी खुले वातावरण मे मसलन पार्क आदि में न भी जा सकें, तो भी यह आसन आराम से घर में किया जा सकता है। शांति और ध्यान के लिए यह आसन बिल्कुल आदर्श होता है।

आसन करने की विधि: सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं, दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और लंबी-लंबी सांस लें। सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं और दोनों हाथ जमीन पर रखें। माथा जमीन से लगाएं, हाथ कंधे की सीध में रहें और सामान्य ढंग से सांस लेते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में बिताएं। फिर धीरे-धीरे वापस वज्रासन की मुद्रा में लौट आएं और स्थिर बैठ जाएं।

इन बातों का रखें ध्यान: शशांकासन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपको उच्च रक्तचाप की समस्या हो, पीठ में चोट लगी हो या चक्कर आ रहे हों तो तुरंत आसन रोक दें और अगली बार डॉक्टर या प्रशिक्षक की सलाह के बिना न करें। एक और बात का ध्यान रखें कि कभी भी शशांकासन भोजन के तुरंत बाद न करें। खाली पेट करें या कम से कम भोजन करने के तीन घंटे बाद करें। शशांकासन करने के लिए शांत, हवादार और साफ स्थान का चुनाव करें। मानसिक रूप से खुद पर ध्यान केंद्रित करें। शशांकासन दिन में सिर्फ एक बार वह भी सुबह करना चाहिए। इसे करते समय 3 से 5 बार दोहराया जा सकता है और हर बार 10 से 30 सेकंड की अवधि पर्याप्त होती है।

पहले-बाद में क्या करें: शशांकासन के पहले वज्रासन या ताड़ासन करना चाहिए। इससे रीढ़ सीधी करने और संतुलन बनाने में मदद मिलती है। इस आसन के पहले गहरी श्वास लेनी चाहिए ताकि फेफड़ों को तैयार किया जा सके और हल्की वार्मअप स्ट्रेचिंग भी जरूरी है ताकि मांसपेशियों को गर्म किया जा सके। लेकिन शशांकासन करने के पहले कभी भी भारी भोजन नहीं करना चाहिए। इससे पहले हार्ड वर्कआउट नहीं करना चाहिए। शशांकासन के बाद शवासन या मकरासन किया जा सकता है, इनसे मांसपेशियों को आराम मिलता है। प्राणायाम भी किया जा सकता है। *

रोगनाशक गुणों से भरपूर सफेद पेठा

औषधीय सब्जी / रेखा देशराज

सफेद पेठा (ऐश गार्ड) को कई और नामों से जाना जाता है मसलन कुम्हड़ा, राख लौकी, विंटर मेलन आदि। यह महज सब्जी या पेठा बनाने के इस्तेमाल में आने वाला फल भर नहीं है बल्कि यह एक जीवन रक्षक बहुगुणी औषधि भी है। आयुर्वेद में इसे 'कूष्मांड' भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम बेनिनकासा हिस्पिडा है। यह शरीर की ऊष्मा को संतुलित करता है, इस कारण मानसिक संतुलन बनाए रखता है। इसी गुण के कारण इसकी उपयोगिता बढ़ रही है, क्योंकि हाल-फिलहाल के सालों में शारीरिक बीमारियों से कहीं ज्यादा मानसिक बीमारियां लोगों में बढ़ रही हैं। इसलिए बाजार में सफेद पेठा की मांग काफी बढ़ गई है। यह त्रिदोष नाशक है।

विशेषकर कफ के विकारों में यह अत्यधिक उपयोगी है।

कई तरह से उपयोगी: सफेद पेठा हल्का, ठंडा और पचने में आसान होता है। इसीलिए इसे सात्विक भोजन का विशेष हिस्सा माना जाता है। एसिडिटी, गैस, अपच जैसी समस्याओं में इसका इस्तेमाल राहत देता है। आयुर्वेदिक रसों में इसे पाचक औषधियों के साथ मिलाकर पाचन संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए दिया जाता है। यह तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा जैसी परेशानियों को दूर करने में लाभकारी है।

इन रोगों में भी कारगर: सफेद पेठा में नेचुरल शुगर नहीं होती है। यही कारण है कि इन दिनों लौकी से ज्यादा डायबिटीज के रोगी सफेद कुम्हड़े का जूस या सूप पीने को प्राथमिकता देते हैं। त्वचा और बालों के लिए भी इसका इस्तेमाल बहुत उपयोगी है। जो लोग ओवरवेट हैं और वजन घटाना चाहते हैं, उनके लिए सफेद पेठा बहुत कारगर है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और इसका सेवन करने से लंबे समय तक पेट भरा महसूस होता है। वजन घटाने के लिए यह परफेक्ट सब्जी है। *

खबर संक्षेप

पावरग्रिड का लाभ 2.5 फीसदी घटकर 3631 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावरग्रिड कॉरपोरेशन का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 2.5 प्रतिशत घटकर 3,630.58 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बताया कि मुनाफे में यह गिरावट खर्च बढ़ने के कारण हुई। पिछले वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 3,723.92 करोड़ रुपये रहा था।

फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की लिस्ट में रिलायंस 88वें स्थान पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज 2025 की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की सूची में सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल करने वाली भारतीय कंपनी बनी हुई है। इस बार की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) समेत कुल नौ कंपनियां शामिल हैं।

■ सार्वजनिक क्षेत्र की एलआईसी 95वें स्थान पर रही

फॉर्च्यून पत्रिका की ताजा रैंकिंग के अनुसार, विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में कार्यरत कंपनी सूची में 88वें स्थान पर है। कंपनी 2024 में 86वें स्थान पर थी। हालांकि, कंपनी ने पिछले चार वर्षों में 67 स्थानों की छलांग लगाई है। वर्ष 2021 में यह 155वें स्थान पर थी। रिलायंस ने लगातार 22 साल से प्रतिष्ठित फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में अपनी जगह कायम रखी हुई है।

इस बार की सूची में भारत की नौ कंपनियां शामिल

एसबीआई 15 स्थान चढ़ 163वें स्थान पर

देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) 15 स्थान ऊपर चढ़कर 163वें स्थान पर आ गया है, जबकि एचडीएफसी बैंक 48 स्थान ऊपर चढ़कर 258वें स्थान पर रहा। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) एक स्थान नीचे 181वें स्थान पर आ गयी है।

टाटा मोटर्स 283 वें स्थान पर

सूची में शामिल अन्य भारतीय कंपनियां टाटा मोटर्स 283वें स्थान पर (2024 से 12 स्थान नीचे), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) 285वें स्थान पर (27 स्थान नीचे) और आईसीआईसीआई बैंक 464वें स्थान पर हैं। अमेरिका की खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली कंपनी बनी हुई है। उसके बाद अमेजन का स्थान है।

■ रिलायंस ने लगातार 22 साल से प्रतिष्ठित फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में अपनी जगह कायम रखी हुई

आईओसी 11 स्थान खिसकर 127वें स्थान पर

फॉर्च्यून की सूची में इस साल भारत की नौ कंपनियां शामिल हैं। जिनमें से पांच सार्वजनिक क्षेत्र की और चार निजी क्षेत्र की हैं। एलआईसी पिछले साल की तरह इस बार भी 95वें स्थान पर है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) 2025 की रैंकिंग में 11 स्थान नीचे खिसककर 127वें स्थान पर आ गयी है।

शीर्ष दस में तीन चीनी कंपनियां

शीर्ष 10 में तीन चीनी कंपनियां....सर्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी स्टेट ग्रिड तीसरे स्थान पर, चाइना नेशनल पेट्रोल पांचवें स्थान पर और तेल एवं गैस क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सिनोपेक ग्रुप छठे स्थान पर है। दुनिया की सबसे बड़ी तेल निर्यातक कंपनी सऊदी अरामको चौथे और एप्पल आठवें स्थान पर है।

रिलायंस का राजस्व 7.1 फीसदी बढ़ा

फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची पिछले वित्त वर्ष में कुल राजस्व के आधार पर कंपनियों की सूची तैयार करती है। रिलायंस का एकीकृत सकल राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 7.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 10,71,174 करोड़ रुपये रहा था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नायरा के पक्ष में दिया फैसला

माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा एनर्जी की सभी सेवाएं बहाल कीं, याचिका का निपटारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प ने रूस की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की सभी सेवाएं बहाल कर दी हैं। इस कदम के बाद माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर मुकदमे का निपटारा नायरा एनर्जी के पक्ष में कर दिया गया है। नायरा और माइक्रोसॉफ्ट दोनों कंपनियों ने ईमेल पहुंच एवं अन्य सेवाओं को बहाल किए जाने की पुष्टि की।

नायरा ने सेवाओं के 'एकतरफा' निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई से ठीक पहले माइक्रोसॉफ्ट ने सेवाएं बहाल कर दीं। नायरा एनर्जी ने बयान में कहा, ''कंपनी पुष्टि करती है कि उसके परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सभी माइक्रोसॉफ्ट सेवाएं पूरी तरह से बहाल कर दी गई हैं और इसकी व्यावसायिक निरंतरता और डेटा अखंडता में कोई व्यवधान नहीं आया है।

माइक्रोसाफ्ट ने नायरा की सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया था

नायरा ने एकतरफा निलबंन के खिलाफ दायर की थी याचिका

कंपनी के व्यावसायिक निरंतरता व डेटा अखंडता में कोई व्यवधान नहीं

समस्या आने पर नायरा दोबारा कोर्ट जा सकती है

इसके साथ ही नायरा को स्पष्ट छूट दी गई कि दोबारा समस्या आने पर वह फिर से अदालत का रुख कर सकती है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने नायरा एनर्जी के पक्ष में याचिका का निपटारा कर दिया। माइक्रोसॉफ्ट के एक प्रवक्ता ने भी नायरा की सेवाएं बहान करने की पुष्टि की।

अदालत ने तत्काल शिकायत का किया निराकरण

माइक्रोसॉफ्ट ने याचिका पर सुनवाई से पहले ही बुधवार सुबह 10 बजे नायरा के लिए ईमेल, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स और अन्य सेवाओं तक पूरी पहुंच बहाल कर दी। मामले की सुनवाई शुरू होने पर न्यायालय ने दर्ज किया कि तत्काल शिकायत का समाधान हो गया है।

यूरोपीय संघ के साथ चर्चा जारी

प्रवक्ता ने कहा, ''माइक्रोसॉफ्ट भारत और दुनिया भर में अपने सभी ग्राहकों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने नायरा एनर्जी की सेवाएं बहाल कर दी हैं। हम संगठन के लिए सेवा निरंतरता सुनिश्चित करने को यूरोपीय संघ के साथ लगातार चर्चा कर रहे हैं।'' रोसनेफ्ट की नायरा एनर्जी लिमिटेड में 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नायरा गुजरात के वडीनार में दो करोड़ टन सालाना क्षमता वाली एक तेल रिफाइनरी और देशभर में 6,750 से ज्यादा पेट्रोल पंप का संचालन करती है। नायरा के पास भारत की कुल रिफाइनिंग क्षमता का लगभग आठ प्रतिशत और खुदरा पेट्रोल पंप नेटवर्क का सात प्रतिशत हिस्सा है।

नायरा सशुल्क सेवाओं का इस्तेमाल कर रही थी

नायरा, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सशुल्क सेवाओं का इस्तेमाल कर रही थी। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को ये सेवाएं अचानक और एकतरफा ढंग से बंद कर दी थीं। माइक्रोसॉफ्ट ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद नायरा एनर्जी को सेवाएं देना बंद कर दिया था।

हुंडई का जून तिमाही लाभ आठ फीसदी घटा

नई दिल्ली। वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में आठ प्रतिशत घटकर 1,369 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बिक्री घटने से उसका मुनाफा भी कम हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में वाहन कंपनी का शुद्ध लाभ 1,490 करोड़ रुपये रहा था। हुंडई मोटर इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में घटकर 16,628 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 17,568 करोड़ रुपये थी।

सोने में पांच दिन की गिरावट का सिलसिला थमा, 700 रुपए चढ़ा

प्रति 10 ग्राम 98,200 रुपए (सभी करों सहित) हो गयी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इस तरह सोने में पिछले पांच सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला रुक गया। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 650 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। पिछले बाजार बंद के समय यह 97,550 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''रुपये में भारी गिरावट के चलते घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में अच्छी बढ़त देखी गई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपये में गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक अगस्त की समयसीमा से पहले लगभग 20-25 प्रतिशत शुल्क दरों के संकेत देने के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 52 पैसे गिरकर 87.43 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

चांदी में 1000 रुपए की तेजी : सराफा संघ के अनुसार, इसके अलावा, बुधवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
क्रमांक 1271/न.पा.नि./ विद्युत शाखा/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 30/7/2025

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा विद्युत शाखा में विभिन्न 05 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 172889, 172891, 172894, 172904 & 172908) आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)
विकास भवन, नेहरू चौक, बिलासपुर फोन: 07752-222845
bm.bilaspurbranch@cgapexbank.com

सूचना

बैंक के समस्त सम्मानीय ग्राहको को सूचित किया जाता है कि छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) शाखा-बिलासपुर में आपका बचत खाता/चालू खाता / लॉकर संचालित है, उन खातों में आपके द्वारा विगत 1 वर्षो में कोई लेन देन नही करने के कारण खाता Inoprative (असक्रिय) हो गया है। साथ ही जिन्होने 10 वर्षो या अधिक से अपने खातो का संचालन नही किये है अथवा उनके द्वारा परिपक्वता की तारीख से 10 वर्षो के भीतर राशि का दावा नही किया गया है, वे DEA Fund खातेदारों की श्रेणी आ गये है। ऐसे सम्मानीत खातेदारों एवं खातेदार के परिचयकर्ता/नॉमिनी /गवाह / संपर्कसूत्र / कानूनी उत्तराधिकारीयों से अनुरोध है, कि शाखा में संपर्क कर खाते को Oprative (सक्रिय) करें। जिन लॉकर धारको ने नया लॉकर इकरारनामा नहीं किये है, वे शाखा में संपर्क कर नया लॉकर इकरारनामा निष्पादित करें। हम आपके सहयोग के आकांक्षी है।

शाखा प्रबंधक
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-बिलासपुर

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ..../अ-21/2024-25

//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम बड़गांव प.ह.नं. 20 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के पत्र क्र. 1440/अ.वि.अ./2025 बैकुण्ठपुर दिनांक 19.05.2025 द्वारा ग्राम बड़गांव प.ह.नं. 20 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित ख.नं. 72 रकबा 9.1700 हे. में से 2.00 हे. भूमि को कार्यालय छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड उप संचालक कृषि परिसर, मेन रोड बैकुण्ठपुर जिला कोरिया बीज प्रक्रिया केन्द्र एवं जिला कार्यालय भवन निर्माण हेतु चिन्हांकित कर आबंटन के लिये प्रस्तावित किया गया है। पत्र के साथ भूमि का खसरा, नक्शा संलग्न किया गया है। अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 07/08/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया - (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)
क्रमांक 2516/न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनाँक 29/07/25

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	172887	नगर पालिक निगम, रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वास्थ्य विभाग के लिए दवाई सामग्री प्रदाय कार्य हेतु। (चतुर्थ निविदा)	10.00	07.08.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय नगर पंचायत कुसमी, जिला-बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)
क्रमांक/723/राजस्व/न.पं./2025 कुसमी, दिनांक 30/07/2025

॥ दुकान नीलामी सूचना ॥
॥ (पंचम) ॥

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुसमी द्वारा कार्यालय के सामने एवं तहसील / एस.डी.एम. कार्यालय के सामने निर्मित दुकानों की सार्वजनिक घोष पद्धति से आम नीलामी दिनांक 08.08.2025 दिन शुक्रवार को समय प्रातः 11.00 बजे से नगर पंचायत परिसर में आयोजित की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी बोली में भाग लेने हेतु निम्न विवरणिका अनुरुप दिनांक 07.08.2025 को सायं 5.30 बजे तक आवेदन मय दस्तावेज के निर्धारित अमानत राशि टी.डी.आर.जो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुसमी के नाम देय होगा प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. आवेदन हेतु अंतिम तिथि - 07.08.2025 सायं 5.30 बजे तक।
2. नीलामी हेतु निर्धारित तिथि - 08.08.2025 प्रातः 11.00 बजे से।

क्र.	आरक्षण का विवरण	दुकान क्रं.	स्थल	दुकान का क्षेत्रफल (मीटर में)	प्रारंभिक सरकारी नीलामी बोली	बोली की अमानत राशि प्रति दुकान
1	2	3	4	5	6	7
1	अ.ज.जा.	01	कार्यालय के सामने	24	6,15,000.00	62,000.00
2	अ.ज.जा.	02	---''---	24	6,15,000.00	62,000.00
3	अ.ज.जा.	08	तहसील / एसडीएम कार्यालय के सामने	9	2,94,050.00	30,000.00

टीप :- नियम एवं शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन दिवस व समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुसमी, जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

HDFC BANK Branch: Alaska Tower, Lodhipara Road, Shankar Nagar, Raipur, Tel: 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

व्यक्तिगत सामान/घरेलू सामान हटाने के लिए नोटिस

स. क्र.	उधारकर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम	डिमांड नोटिस की तारीख	कब्जा की तिथि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण/ अचल संपत्ति
1.	**श्री सिंह अमित कुमार,** 27 खोली, इंद्रसेन नगर,, मंगला चौक के पास, बिलासपुर छ.ग.-495001. **श्रीमती सिंह रिकी,** 27 खोली, इंद्रसेन नगर,, मंगला चौक के पास, बिलासपुर छ.ग.-495001.	20-जुन-2023	25-जुलाई-2025	फ्लैट नं., द्वितीय तल-357, ब्लॉक नं. 30, द्वितीय तल, अभिलाषा परिसर, ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट्स, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)

जबकि अधोहस्ताक्षरी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है।
एचडीएफसी के रिकॉर्ड के अनुसार यह सार्वजनिक सूचना इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है कि एचडीएफसी उपरोक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के साथ उनके अंतिम ज्ञात पते पर संवाद/संपर्क स्थापित करने में सक्षम नहीं है।
जबकि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता को डिमांड नोटिस जारी किया है। उपरोक्त उल्लिखित तिथियों पर कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि।
उधारकर्ता/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर उक्त डिमांड नोटिस का अनुपालन करने में विफल रहने पर, एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी ने अचल संपत्ति का कब्जा ले लिया है (ळशी) / सुरक्षित संपत्ति (ओं) को विशेष रूप से उपरोक्त उल्लिखित तिथियों पर सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े गए SARFAESI अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उक्त डिमांड नोटिस (नोट्स) में वर्णित किया गया है। उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति पर कब्ज़ा लेने के समय, एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी ने उसमें पड़े व्यक्तिगत सामान और घरेलू सामान की एक सूची तैयार की है, जिसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर।
इन परिस्थितियों में, उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति में पड़े व्यक्तिगत सामान/घरेलू सामान को तुरंत हटा दें। एस)) इसकी तारीख से 10 (दस) दिनों के भीतर, ऐसा न करने पर प्राधिकृत अधिकारी के पास व्यक्तिगत सामान/घरेलू सामान को हटाने और इसे पूरी तरह से उचित समझे जाने वाले तरीके से निपटाने/निपटने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा। उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि पर लागत और परिणाम का जोखिम है, ऐसी स्थिति में, भविष्य में इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

स्थान : बिलासपुर, दिनांक : 31.07.2025
कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400013

कार्यालय नगर पंचायत सारागांव, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
Email ID npsaragaon@gmail.com
क्र........./लो.नि.वि./न.प./2025 सारागांव, दिनांक 30.07.2025

''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI)

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के अमृत मित्र योजना अंतर्गत (Women for Tree) अभियान ''Amrut Mitra'' मिशन के दिशा-निर्देशो के अनुरूप वृक्षारोपण रख रखाव जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यों हेतु डे- एनयूएलएम मिशन अंतर्गत पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहो (SHGs) से नगर पंचायत सारागांव क्षेत्र मे उक्त कार्य के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दिनांक 07.08.2025 को सायं 05.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) में निम्नानुसार कार्य सम्मिलित है।

1. चयनित स्थालों पर वृक्षारोपण।
2. पौधों की देखरेख, सिंचाई एवं संधारणीय निगरानी।
3. पौधों की जियो टैगिंग और नियमित प्रगति रिपोर्टिंग।
4. वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय संरक्षण हेतु सामुदायिक सहभागिता।

उक्त कार्य का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क राशि 100/- रू. स्थानीय निकाय में जमा कर प्राप्त कर सकते है। रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) विभागीय बेवसाईड से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त संबंध में भविष्य में जारी निर्देश एवं संशोधन भी केवल बेवसाईड पर ही प्रकाशित किए जाएंगे, इच्छुक समूह बेवसाईड का नियमित अवलोकन करते रहें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सारागांव
जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पंचायत राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
दूरभाष 07701-235036 फैक्स नं. 07701-235036
E-mail- cmorajimnagar1@gmail.com

क्रमांक/501/ न.पं./ लो.नि.वि./2025-26 राजिम, दिनांक 30/07/2025

// सूचना//

एतद् द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक/ 484/ न.पं. / लो.नि.वि. / 2025-26 राजिम,दिनांक 23/07/2025 सिस्टम टेण्डर क्रमांक 172631 (कार्य का नामः - प्लेसमेंट एजेन्सी (ठेका पद्वति) के माध्यम से उच्च कुशल / कुशल / अर्धकुशल / अकुशल हेतु श्रमिक प्रदाय कार्य ई-निविदा निकाली गई थी। **जिसमें तकनीकी और वित्तीय बोली के लिए ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 11.08.2025 संशोधन तिथि 14.08.2025 समय 5.30 बजे तक एवं फिजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 14.08.2025 संशोधन तिथि 18.08.2025 समय 3.00 बजे तक एवं निविदा खोलने की अंतिम तिथि 18.08.2025 समय 4.00 बजे तक किया गया है।**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत राजिम
जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम रेंकी के निम्नलिखित प्रभावित भू-विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीद्वार को एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत् प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव से प्रभावित खातेदार / नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है-

क्रं.	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम						नामांतरण पंजी / फौती नामांतरण	खाता नं. / अर्जित खसरा नं.	कुल अर्जित भूमि		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजों में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार)
	पत्रक V व VI के अनुसार	बी 1 (1985-86) के अनुसार	पी-II (1985-86) के अनुसार	बी 1 (2021-22) के अनुसार	पी-II (2021-22) के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार			हे.में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	महेश राम, सहसराम पिता बुधराम, सुकाला बाई बेवा बुधराम (एम) जैतराम, गैतराम पिता सुखु, ना.बा. समारीन बाई बेवा सुखु	महेश राम, सहसराम पिता बुधराम, सुकाला बाई बेवा बुधराम, जैतराम, ना. बा. गैतराम पिता सुखु, बली समारीन बाई बेवा सुखु	महेश राम वगैरह	पिताम्बर पुत्र महेशराम, नानमती बेवा महेशराम	पिताम्बर पुत्र महेशराम, नानमती बेवा महेशराम	महेश राम, सहसराम पिता बुधराम, सुकाला बाई बेवा बुधराम (एम) जैतराम, गैतराम पिता सुखु, ना.बा. समारीन बाई बेवा सुखु	पिताम्बर पुत्र महेशराम, नानमती बेवा महेशराम	खसरा नं.- 675 (P)	0.064	0.16	1.आधार कार्ड-पिताम्बर मरार पिता महेश 2.निवास प्रमाण पत्र-पिताम्बर पिता महेश राम 3.जाति प्रमाण पत्र-पिताम्बर पिता महेश राम 4.वंशवृक्ष-पिताम्बर पिता महेश	अनपढ़	पिताम्बर मरार पिता महेश

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम महेश राम, सहसराम पिता बुधराम, सुकाला बाई बेवा बुधराम (एम) गैतराम, गैतराम पिता सुखु, ना.बा. समारीन बाई बेवा सुखु तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिताम्बर पिता महेश राम पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम रेंकी के निम्नलिखित प्रभावित भू-विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित उम्मीद्वार को एसईसीएल में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति बाबत् प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। प्रस्ताव से प्रभावित खातेदार / नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है-

क्रं.	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम						नामांतरण पंजी / फौती नामांतरण	खाता नं. / अर्जित खसरा नं.	कुल अर्जित भूमि		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं जन्मतिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार नामित व्यक्ति का नाम एवं पिता का नाम एवं जन्मतिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजों में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) (आधार कार्ड के अनुसार)
	पत्रक V व VI के अनुसार	बी 1 (1994-95) के अनुसार	पी-II (1993-94) के अनुसार	बी 1 (2023-24) के अनुसार	पी-II (2023-24) के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रशीद के अनुसार			हे.में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	दादूराम पिता रामबिशाल	दादूराम पिता रामबिशाल	दादूराम पिता रामबिशाल	दादूराम पिता रामबिशाल	दादूराम पिता रामबिशाल	दादूराम पिता रामबिशाल	नही	खसरा नं.- 60/5	0.48	0.12	1.आधार कार्ड-सोबिंद राम पिता दादूराम 2.निवास प्रमाण पत्र-सोबिंद राम पिता दादूराम 3.जाति प्रमाण पत्र- सोबिंद राम पिता दादूराम 4.वंशवृक्ष- सोबिंद राम पिता दादूराम	अनपढ़	सोबिंद राम पिता दादूराम

उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम दादू राम पिता राम बिशाल तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम सोबिंद राम पिता दादूराम पढ़ा एवं समझा जावे। अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को उक्त व्यक्तियों के पहचान पर कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति अमान्य होगी।

महाप्रबंधक,एसईसीएल,दीपका क्षेत्र

खबर संक्षेप

ब्रेंडन टेलर जिम्बाब्वे टीम में शामिल

हरारे। ब्रेंडन टेलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के कारण लगाए गए साढ़े तीन साल के निलंबन को पूरा करने के बाद जिम्बाब्वे टेस्ट टीम में वापसी कर ली है। टेलर (39 वर्ष) को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी की ओर से 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की सूचना समय पर नहीं देने के कारण प्रतिबंधित किया गया था। उन्हें बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में सात से 11 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है। टेलर को उस समय कोकीन के सेवन से जुड़ी डोप जांच में विफल होने के कारण भी एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन पर 2019 में 15,000 अमेरिकी डॉलर लेने की बात स्वीकार करने के बाद प्रतिबंध लगा दिया गया था।

तैराकी विश्व चैंपियनशिप : 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर गांगुली

सिंगापुर। भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैंपियनशिप के चौथे दिन पुरूषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05.40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लियोन मारचंड हीट में शीर्ष रहे। फ्रांच के इस तैराक ने 1:57.63 सेकंड का समय निकाला ।

एलएसजी के गेंदबाज कोच बने भरत अरुण

लखनऊ। हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स से अलग हुए पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इसी पद पर टीम से जोड़ा है। हालांकि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फ्रेंचाइजी के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'अरुण एलएसजी में शामिल हो गए हैं और जल्द ही औपचारिक घोषणा होने की उम्मीद है।' अरुण पिछले कुछ साल से केकेआर से जुड़े थे लेकिन 2025 में टीम के आठवें स्थान पर रहने के बाद शाहरुख खान के स्वामित्व वाली यह फ्रेंचाइजी अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर रही है। इसी तरह पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रहने के बाद एलएसजी भी अपने सहयोगी स्टाफ में बदलाव कर रही है। राष्ट्रीय टीम के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाजी कोचों में से एक अरुण अपनी रणनीतिक कुशलता के साथ प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों को निखारने के लिए भी मशहूर हैं। एलएसजी अपने 'मेंटोर' जहीर खान के साथ अनुबंध बढ़ाएगी या नहीं, इसकी जानकारी का भी इंतजार है।

नेरोका एफसी ने टीआरएयू एफसी से 1-1 से ड्रॉ खेला

इम्फाल। नेरोका एफसी ने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप ई के शुरूआती मुकाबले में 10 खिलाड़ियों की टीआरएयू एफसी से 1-1 ड्रॉ खेला। टीआरएयू क्लब के लिए खुनजामायुम राज सिंह ने दूसरे हाफ में 58वें मिनट में गोल दागा। वहीं अरूण कुमार सिंह (90+7वें मिनट) ने अंत में गोल दागकर प्रतिद्वंद्वी टीम को तीन अंक हासिल करने से महरूम कर दिया।

मकाऊ ओपन : लक्ष्य, आयुष, तरुण क्वार्टर फाइनल में, करुणाकर-उन्नति का सफर समाप्त

एजेंसी ▸▸ मकाऊ

भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21.8, 21.14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

शेट्टी ने हुआंग को केवल 31 मिनट में हराकर बाहर का दिखाया रास्ता

ध्रुव और तनिषा की जोड़ी आगे बढ़ने में सफल

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । वहीं तरुण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्त्पोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।

करुणाकरण का सफर समाप्त

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21.18, 15.21, 15.21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई। वहीं टी. हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंबाम को थाईलैंड के फुवानात एच और फुंगफा के ने 21.11, 21.14 से हराया।

उन्नति नहीं बढ़ पाई आगे

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी । अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21.16, 21.10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमशः 21-18, 21-14 और 21-14, 21.16 से हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए।



अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने 23-21, 21-11 से हराया। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ ने 21-6, 21-14 से मात दी ।

ओवल में आज महामुकाबला, नए शिखर पर पहुंचेगी भारत-इंग्लैंड की टक्कर

बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में भारत दे सकता है इंग्लैंड को 'फाइनल पंच'

एजेंसी ▸▸ लंदन

भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं कुछ हद तक बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी ओवल टेस्ट में आराम दिया गया है।

कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान और बेहतरीन आलराउंडर स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं। ओवल में इंग्लैंड की टीम को

बुमराह नहीं खेलेंगे पांचवा टेस्ट, आकाशदीप की हो सकती है एंट्री ?

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।'

कप्तान स्टोक्स बाहर, इंग्लैंड की कमान संभालेंगे पोप

लंदन। चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और प्रमुख तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में नहीं खेलेंगे और इंग्लैंड ने निर्णायक टेस्ट में अपनी एकादश में तीन बदलाव किए हैं । मेजबान टीम श्रृंखला में 2.1 से आगे है। स्टोक्स की गैर मौजूदगी में ओली पोप इंग्लैंड की कमान संभालेंगे। स्टोक्स ने टीम की मोर्चे से अगुवाई करते हुए 17 विकेट लिए और 304 रन भी बनाए हैं । वह कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे । इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा ,' कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण बाहर हैं । स्पिनर लियाम डॉसन, तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स भी नहीं खेलेंगे।'' ईसीबी ने कहा,' इंग्लैंड ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले जैकब बेथेल, सर्रे के गेंदबाज गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन , नॉटिंघमशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को टीम में शामिल किया है।'

इंग्लैंड अंतिम एकादश

ओली पोप (कप्तान), जाक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी बूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, गुस एटकिंसन, जैमी ओवरटन, जोश टंग ।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे होगा शुरू

अंडर-17 विश्व कुश्ती

हरदीप बने ग्रीको-रोमन वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी ▸▸ एथेंस

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 11 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में गोल्ड जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यजदान रजा डेलरूज को क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया।

■ फाइनल मुकाबले में ईरान के यजदान रजा को हराया

क्वालिफिकेशन राउंड में बाकतुर को हराया

हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखिस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस योरास्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में हरदीप ने तुर्किए के एमरूल्लाह कापकान को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः ऐतिहासिक गोल्ड पदक अपने नाम किया। हरदीप की ये जीत भारत के युवा कुश्ती प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा है।

सीएएफए नेशंस कप

ताजिकिस्तान से भारत का पहला मुकाबला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। 8 सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा। भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच 1 सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।

कोपा अमेरिका फेमिनिना : लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचा ब्राजील

क्विटो (इक्वाडोर)। पिछले चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर लगातार पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी। गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।

18 बॉल का 1 ओवर,वाइड की झड़ी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हुआ शर्मसार

एजेंसी ▸▸ ललेस्टर

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के एक मुकाबले में, जब एक गेंदबाज ने इतनी ज्यादा वाइड गेंद डाली की एक ओवर पूरा करने के लिए 18 गेंद डालनी पड़ी। दरअसल, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में 14वां मुकाबला 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच खेला गया।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस को 10 विकेट से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन टीम की ओर से एक ऐसा शर्मनाक ओवर देखने को मिला, जिसमें 18 गेंदें फेंकी गई। दरअसल, पाकिस्तान की पारी के 8वें ओवर में गेंदबाजी करने आए जॉन हेस्टिंग्स को अपना ओवर पूरा करने के लिए 18 गेंदें डालनी पड़ गई। इन 18 गेंदों में 12 गेंदें वाइड रही और एक नो बॉल।

इस ओवर से कुल मिलाकर 20 रन आए, जिसमें 12 वाइड के अलावा एक नो बॉल, 2 सिंगल, एक बाई और एक चौका शामिल रहा। इस तरह पाकिस्तान चैंपियंस ने ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस को महज 8 ओवर में 10 विकेट से धूल चटाते हुए पॉइंट्स टेबल में टॉप पर फिनिश किया।

भारत ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने से किया इनकार सेमीफाइनल में होनी थी भिड़ंत

नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में भारत चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ खेलने से एक बार फिर इनकार कर दिया है। ये मैच गुरुवार 31 जुलाई को होना था। भारतीय टीम का कहना है कि वे पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी तरह का मुकाबला नहीं खेलना चाहते। टीम ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला दिया है।

ग्रुप स्टेज का मैच हुआ था रद्द : भारत चैंपियंस ने मंगलवार को वेस्टइंडीज चैंपियंस को सिर्फ 13.2 ओवर में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर उन्होंने पहले ही आपत्ति जताई थी।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / कुस / महा.प्र. / भू.रा. / 2025 / 567 दिनांक 12.07.2025

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम जटराज के 23.872 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत् 29.03.2010 को किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) ब्वदबमचज के आधार पर 27 भू स्वामियों / आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी / आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है -

क्र	स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम / पिता का नाम	खाता नम्बर	खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)	कुल रकबा (एकड़ में)	उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध	भूस्वामियों / नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी / उम्मीदवार का नाम			टिप्पणी
							विभिन्न दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम	
1	फिरतु राम पिता कुंजल	138	106 / 3 147 / 1 149 / 1 (189 / 1, 189 / 2) 257 / 2	0.13 0.30 0.30 0.20 0.25	1.18	चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर संबंध-पोता	नामांकन पत्र	फिरतु राम पिता कुंजल फौत के पश्चात वरिसान पुत्र रामेश्वर परमेश्वर, हमेशर पिता फिरतुराम, ललित, ओमप्रकाश, ओमति, पीलीबाई उर्फ प्रिल्ना, कोमल कुमारी पिता रमहैया शांति बाई बेवा रमहैया रामेश्वरी बाई पिता फिरतु राम	चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों / दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
							सत्यापन	फिरतु राम पिता कुंजल फौत के पश्चात वरिसान पुत्र रामेश्वर परमेश्वर, हमेशर पिता फिरतुराम, ललित, ओमप्रकाश, ओमति, पीलीबाई उर्फ प्रिल्ना, कोमल कुमारी पिता रमहैया शांति बाई बेवा रमहैया रामेश्वरी बाई पिता फिरतु राम	चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर	
							घटते क्रम सूची के अनुसार क्रं.स. 104	फिरतु राम पिता कुंजल		
							बी-1 वर्ष 2008-09	फिरतु राम पिता कुंजल		
							पी-2 वर्ष 2008 से 13	फिरतु राम पिता कुंजल		
							ऋण पुस्तिका	फिरतु राम पिता कुंजल		
							वंशवृक्ष	फिरतु राम पिता कुंजल	चित्रकान्त पिता हमेशर	
							निवास प्रमाण पत्र		चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर पटेल	
							जाति प्रमाण पत्र		चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर पटेल	
							शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10 वीं)		चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर पटेल	
							रोजगार पंजी		चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर पटेल	
							आधार कार्ड	फिरतु राम पिता कुंजल फौत के पश्चात वरिसान पुत्र रामेश्वर परमेश्वर, हमेशर पिता फिरतु राम, ललित, ओमप्रकाशपटेल, ओमति, पीलीबाई, कोमल कुमारी पिता रमहैया शांति बाई मरार बेवा रमहैया रमेश्रीन पटेल	चित्रकान्त पटेल पिता हमेशर पटेल	

उक्त भूस्वामी / नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

RO-111

अंतिम लेयर कार्पोरेट अकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर विदेश ट्रांसफर किया जा रहा

ठगी की रकम तीन लेयर अकाउंट से ठगों तक पहुंचाई जा रही

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

ऑनलाइन ठगी करने के शातिर जालसाज चैनल के माध्यम से रकम पहले विदेश ट्रांसफर कर फिर वापस अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर ठगी की रकम को शातिराना अंदाज में बचा रहे हैं। ठगी की रकम को बचाने जालसाज सेविंग एकाउंट में जमा कराने के बाद करंट तथा कार्पोरेट अकाउंट में जमा कराने के बाद यूएई, दुबई सहित कई अन्य देशों में डॉलर में कन्वर्ट कराकर ट्रांसफर कराने के बाद पुनः किसी दूसरे करंट अकाउंट में वापस मंगाकर लोगों की जेबें काट रहे हैं। कार्पोरेट अकाउंट से रकम विदेश ट्रांसफर होने के बाद रिकवर करने किसी तरह से कोई व्यवस्था नहीं है।

सांकेतिक फोटो

साइबर पुलिस के अनुसार ऑनलाइन ठगी करने के जालसाज निजी के साथ प्राइवेट बैंकों में लोगों को कमीशन देने का लालाच देकर सेविंग के साथ करंट अकाउंट खुलवाते हैं या फिर अन्य लोगों से अकाउंट किराए पर लेते हैं, जिसे म्यूल अकाउंट कहा जाता है। ठगी की रकम ट्रांसफर करने यह दोनों अकाउंट महत्वपूर्ण कड़ी है। साइबर पुलिस इन्हीं दोनों अकाउंट में जमा रकम को बैंक में फ्रीज करा पाती है। कार्पोरेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर होने की तत्काल जानकारी मिलने पर साइबर पुलिस फ्रीज करा सकती है। करंट से जिस कार्पोरेट अकाउंट में रकम ट्रांसफर होती है, इसकी जानकारी पुलिस को जब तक मिलती है, जालसाज रकम को बिटक्वाइन या फिर डॉलर में कन्वर्ट कराकर विदेश ट्रांसफर कर चुका होता है।

ऐसे ट्रांसफर करते हैं ठगी की रकम

– **सेविंग अकाउंट**– जालसाज सेविंग अकाउंट में पांच से पचास हजार रुपए ठगी की रकम ट्रांसफर करते हैं। ठगी की रकम ट्रांसफर करने म्यूल अकाउंट का उपयोग करते हैं। म्यूल अकाउंट उपयोग करने की वजह पुलिस को झांसा देना है।

– **करंट अकाउंट**– अलग-अलग सेविंग अकाउंट में आई ठगी की रकम को जालसाज करंट अकाउंट में ट्रांसफर करते हैं। करंट अकाउंट की रकम को किसी एक राज्य में आहरण करने के बजाय देश के अलग-अलग राज्य के बैकों में जाकर आहरण करने के साथ ट्रांसफर करते हैं। ऐसा करने की वजह पुलिस को गुमराह करना है।

– **कोर्पोरेट अकाउंट**– कर्पोरेट अकाउंट जालसाजों का एक तरह से मनी पार्किंग अकाउंट है। करंट अकाउंट में जमा जिस रकम को किसी अन्य अकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है, वह कार्पोरेट अकाउंट होता है। कई जगह से करंट अकाउंट से ठगी की रकम को कार्पोरेट अकाउंट में जमा किया जाता है। कार्पोरेट अकाउंट के लिए जालसाज फर्जी लॉजिस्टिक कंपनी बनाकर बैंक में अकाउंट खुलवाते हैं। लॉजिस्टिक कंपनी के नाम से अकाउंट होने की वजह से जालसाज आयात निर्यात करने का झांसा देकर कार्पोरेट अकाउंट में जमा रकम को डॉलर में कन्वर्ट कराकर विदेश भेजते हैं।

– **60 प्रतिशत से ज्यादा रकम कमीशन में** – ठगी की रकम को एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट के माध्यम से विदेश भेजने के बाद विदेश में बैठा जालसाज अपना कमीशन काटकर देश में बैठे जालसाज के अकाउंट में पुनः ट्रांसफर करने का काम करते हैं। विदेश में जो जालसाज होते हैं उनमें नाइजीरियन गिरोह से जुड़े लोगों के अलावा जालसाज द्वारा नियुक्त कमीशन एजेंट रहता है।

– **रकम वापसी कोई व्यवस्था नहीं** – कार्पोरेट अकाउंट से रकम ट्रांसफर होने के बाद रकम वापस हासिल करने स्थानीय स्तर पर पुलिस कुछ नहीं कर पाती। कार्पोरेट अकाउंट के माध्यम से जो रकम विदेश ट्रांसफर किया जाता है, उसे केंद्रीय वित्त मंत्रालयल के साथ विदेश मंत्रालय की दखलंदाजी के बाद ही रिकवर किया जा सकता है।

ठगी होने पर तत्काल शिकायत करें

साइबर पुलिस के अफसरों के अनुसार ऑनलाइन ठगी होने की स्थिति में पीड़ित को संबंधित बैंक के साथ नजदीकी थाने में तत्काल शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इससे जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर रकम तत्काल होल्ड होती है। होल्ड रकम को जालसाज किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर नहीं कर पाता।

निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के दायरे के अंदर समेटना असंवैधानिक- फेडरेशन

रायपुर। शासकीय सेवक सरकार के उस फैसले के विरोध में उतर आए हैं, जिसमें शेयर बाजार में ट्रेडिंग को सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन बताया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने खुलकर आपत्ति और नाराजगी जताई है। फेडरेशन ने साफ तौर पर कहा है कि निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के दायरे के अंदर समेटना असंवैधानिक है। फेडरेशन ने इस संबंध में कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग का 22 जुलाई 2025 का आदेश भारत का संविधान में आजीविका का अधिकार अनुच्छेद 39 (क) के विरुद्ध है। फेडरेशन ने ये भी कहा है कि संविधान का अनुच्छेद 39 (क) राज्य को सभी नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधन सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि व्यक्तियों के पास आय अर्जित करने के साधन हो। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा,बी पी शर्मा,राजेश चटर्जी, जी आर चंद्रा,रोहित तिवारी एवं चंद्रशेखर तिवारी का कहना है कि क्या शासन चाहती है कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी एक सीमित,निश्चित और निर्धारित आय में ही अपना जीवन यापन करें ? उस सीमा से परे जाकर उसे अतिरिक्त धन अर्जन करने का अधिकार नहीं है ? जो कि किसी भी तरह से संविधान के अनुच्छेद 39 (क) के पक्ष में नहीं है। निवेश करके अतिरिक्त आय प्राप्त करना संवैधानिक अधिकार है।

निवेश करने से कर्मचारी के कार्य,उसकी उत्पादकता एवं कार्यव्यहार में कोई फर्क नहीं पड़ता है। निवेश को सिविल सेवा आचरण नियम के दायरे के अंदर समेटना असंवैधानिक है, जबकि निवेश या अन्य माध्यमों से प्राप्त आय के लिए कर्मचारी आयकर भुगतान करता है, जो किसी ने किसी प्रकार से शासकीय कोष के वृद्धि में योगदान होता है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 22.07.2025

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बालको जोन अंतर्गत 08 नग नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य (जिला खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा)	104.00	18.08.2025 (T.No. 172533)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.k1rbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 636 / निर्माण/2025 दिनांक: 28.07.2025

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1.	सामुदायिक भवन निर्माण (यादव समाज) जमनीपाली में कबीर सदन के पास वार्ड क्र 47 (सार्वजनिक उपयोग हेतु) (अ.जा.वि.प्रा. मद) (द्वितीय निविदा)	10.00	14.08.2025 (T.No. 172792)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ शारान वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर

काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में समाहित पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन में भाग लेते। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल/वन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती है।
नीलाम दिनांक-06.08.2025 नीलाम समय-प्रात: 12.00 बजे से

प्रजाति	पुराना वनोपज (काष्ठ)			
	ईमारती काष्ठ		बल्ली	डेंगरी
	नग	घ.मी.	(नग में)	(नग में)
साल	4218	582.709	13	66
सागौन	186	14.721	4	27
साजा	666	73.945	-	-
बीजा	254	31.472	7	9
धावड़ा	17	2.273	-	-
तिन्सा	20	2.460	6	2
हल्दू	5	0.479	-	-
अन्य	297	23.202	0	7
योग	5663	731.261	40	111

दूरभाष क्रमांक-नारायणपुर वनमंडल, नारायणपुर (07781-252228)
01. क्रेताओ को ई-ऑवसन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 02. क्रेताओ को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत्त ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है। 04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा। 05. ईमारती काष्ठ पुराना 96 लॉट है।

वनमण्डलाधिकारी
नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर
जी.-252602469/3

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/891 दिनांक:-22/07/2025

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (6) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ़ राज्य से हटाने के मामले में:

S No.	Work Item	CIN	Company Name in hindi
1	AB3992069	U51909CT2018PTC008746	एतानोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
2	AB4576626	U52609CT2020PTC009915	रामाया वेज 16 प्राइवेट लिमिटेड
3	AB5189098	U46300CT2024PTC016348	अद्वितीयाह फूड एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड
4	AB5082490	U67190CT2016PLC007250	मां दुर्गा फाइनेंशियल सिंडिकेट निधि लिमिटेड
5	AB4774522	U51900CT2022PTC013566	प्योरएकेयर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड
6	AB5101713	U31900CT2021PTC011568	सेमिट डिवाइसेज़ प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

रौनक अग्रवाल
सहायक रजिस्ट्रार
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र
CBC 07123/11/0306/2526

कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, बिलासपुर, छ.ग.
सेंदरी- लोफंदी - कछार मार्ग, ग्राम-सेंदरी, पिन - 495009
Email: smhsbsp.cg@gmail.com

क्रमांक/स्था./2025/1875 बिलासपुर, दिनांक:- 28/07/2025

// दावा आपत्ति की सूचना //

कार्यालयीन पत्र क्र./स्था./2025/828 दिनांक 11.04.2025 के द्वारा राज्य मानसिक चिकित्सालय, सेंदरी, बिलासपुर में भृत्य के 05, एवं चौकीदार के 01 रिक्त पदों की सीधी भर्ती पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाकर दिनांक 29.04.2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई थी।

विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर उक्त पद की अभ्यार्थियों की पात्र/ अपात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा जिला बिलासपुर के शासकीय वेबसाईड www.bilaspur.gov.in पर पदवार सूची (अलग-अलग) सर्वसंबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपति हेतु अपलोड कर दिया गया है।

सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीदवारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति नीचे दिये गये निर्धारित प्रारूप एनेक्सर 01 में दिनाँक 07/08/2025 तक सायं 5:30 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित (कार्यालयीन दिवस / समय में) स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दावा आपत्ति अभ्यावेदन प्रसुत्त कर सकते है। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची जारी किया जावेगा।

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगें और ना ही कोई विचार किया जावेगा।

टीप :- दावा आपत्ति अभ्यावेदन हेतु प्रपत्र एनेक्सर-01 कार्यालयीन सूचना पटल पर एवं जिला बिलासपुर के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in पर उपलब्ध है।

अस्पताल अधीक्षक,
राज्य मानसिक चिकित्सालय ग्राम-सेंदरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
जी -252602462/1

फिल्टर प्लांट का जल शुल्क 5 साल में 130 करोड़ बकाया, निगम का बिजली बिल 200 करोड़ लंबित

रायपुर। रायपुर नगर निगम अपने फिल्टर प्लांट के 5 साल का जल शुल्क भुगतान नहीं कर पाया है। सिंचाई विभाग से शहर के 70 वार्डों के लिए गंगरेल डेम से रॉ वाटर के रूप में जल शुल्क का 130 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह निगम के 3 एसटीपी, फिल्टर प्लांट, मुख्यालय, जोन कार्यालय, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य स्थानों के बिजली बिल का बकाया 200 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। बिजली विभाग को नगर निगम ने पिछले 4 साल से बिल का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में अब जलशुल्क और बिजली बिल के बकाया राशि के भुगतान के लिए 330 करोड़ की राशि का समायोजन करने राज्य शासन को पत्र लिखा गया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
वि. / यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

पत्र क्र. 2 / व.ले.लि. / 2025-26 बिलासपुर दिनांक

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पत्र क्र. 3314 / एफ-7-104/31/ एस-2 /2025 (निविदा) दिनांक 29.07.2025 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रं. 16 / व.ले.लि. / 2024-25 दिनांक 24.03.2025 रायगढ़ जिले (सारंगढ़ - बिलाईगढ़) के विकासखण्ड बरमकेला अंतर्गत सांकरा मेगा उद्वहन सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 166246 को निविदा में प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं निविदा - दर वर्तमान में प्राप्त हो रहे निविदा दर रूझानों के अनुरूप न होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 242506130 / 6 दिनांक 25.03.2025

कार्यपालन अभियंता
वि. / यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)
जी -252602481/6

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक /997/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2025-26 अम्बिकापुर, दिनांक 25.07.2025

(TENDER- SECOND CALL)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 07.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	172724, 172725, 172726, 172727, 172728 & 172810	Construction of works under zonal tender upto Rs. 25.00 lakh at Janpad Panchayat area Ambikapur Zone No. 01 to 02 & 05, Lakhanpur Zone No. 04 & Lundra Zone No. 03 to 04 (Total 6 Nos)	100.00 Lakh For Each Tender

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 28.07.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

(अविनाश मिंज)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर
जी -252602467/6

OFFICE OF THE PRINCIPAL,
GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE,
BILASPUR (C.G.) 495009
कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
Phone: 07752-260289, Email:- principalgecbilaspur@gmail.com
Website:- www.gecbsp.ac.in

क्रमांक/स्था-2/2025/2165 बिलासपुर, दिनांक 29/7/25

- Walk in Interview for Part Time Lecturer -

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर में सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर के लिए सिविल, विद्युत., ईटी एण्ड टी एवं माईनिंग इंजीनियरिंग विभाग के लिए अंशकालीन व्याख्याता (प्रति पिरियड रू. 800/-की दर से अधिकतम रू. 56100/- प्रतिमाह) की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीद्वार दिनांक 12.08.2025. को अपने मूल दस्तावेजों एवं एक सेट सत्यापित फोटो कापी सहित संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में प्रात: 11:00 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। दस्तावेजो में पैन कार्ड व आधार कार्ड की फोटोप्रति भी संलग्न करें। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हताएं ए.आई.सी.टी.ई. मापदण्डों के अनुसार होगी।

विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइट www.gecbsp.ac.in पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य,
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय,
बिलासपुर छ.ग.
जी -252602464/1

राशिफल

मेष – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।



मीन – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

शब्द पहेली - 5944

बाएँ से दाए
1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दु:ख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

ऊपर से नीचे
2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

शब्द पहेली- 5943 का हल

सूडोकु नवताल- 5954

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 5953 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

प्रथम पृष्ठ का शेष

भूकंप के बाद...

तक रह सकता है। रूस में कामचटका प्रायद्वीप पर 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के केंद्र के पास स्थित बंदरगाहों में पानी भर गया जिससे निवासियों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। हवाई प्रांत की राजधानी में सड़कों और राजमार्गों पर जाम लग गया। यहां तक कि तटरेखा से दूर के इलाकों में भी यातायात ठप हो गया। जापान के प्रभावित इलाकों में लोगों को बचाव केंद्रों में स्थानांतरित किया गया। इस भूकंप ने 2011 में आए भूकंप और सुनामी की यादें ताजा कर दीं। जापान में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने की सलाह दी गई है। मार्च 2011 में उत्तर-पूर्वी जापान में आए भूकंप की तीव्रता 9.0 मापी गई थी और इसके कारण भीषण सुनामी आई थी। इस सुनामी ने फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र की शीतलन प्रणालियों को निष्क्रिय कर दिया था। रूसी प्राधिकारियों ने बताया कि कामचटका प्रायद्वीप पर आए भूकंप के कारण कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन उन्होंने कोई संख्या नहीं बताई। जापान में कम से कम एक व्यक्ति घायल हुआ है। कामचटका में 10 से 13 फुट ऊंची, जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में लगभग 2.8 फुट, अलास्का के अल्यूशियन द्वीप समूह में ज्वार के स्तर से 1.4 फुट तक ऊंची लहरें उठीं। हवाई और ओरेगन ने निवासियों को संभावित नुकसान की चेतावनी दी है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र के समन्वयक डेव स्नाइडर ने बताया कि सुनामी का प्रभाव कई घंटों या शायद एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। उन्होंने कहा, सुनामी केवल एक लहर नहीं होती। यह लंबे समय तक चलने वाली शक्तिशाली लहरों की एक श्रृंखला होती है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है और जब वे किनारे के पास पहुंचती हैं, तो उनकी गति धीमी हो जाती है और वहां वह एकत्र होने लगती हैं जिससे जलप्लावन की आशंका पहले अधिक होती है। उन्होंने कहा, क्योंकि पृथ्वी मूलतः समुद्र के पार पानी की विशाल लहरें भेजती है तो इस मामले में ये लहरें काफी समय तक आगे-पीछे बहती रहेंगी। स्नाइडर ने कहा कि यही कारण है कि कुछ समुद्रों को लंबे समय तक असर महसूस हो सकता है। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने बताया कि जापान और हवाई के बीच स्थित मिडवे एटोल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, लहरों की ऊंचाई छह फुट मापी गई। उन्होंने कहा कि हवाई से टकराने वाली लहरें बड़ी या छोटी हो सकती हैं और यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि ये कितनी बड़ी होंगी। ग्रीन ने बताया कि 'ब्लैक हॉक' हेलीकॉप्टर को तैयार रखा गया है और आवश्यकता पड़ने पर बचाव अभियान में इनका इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, कृपया खुद को खतरे में न डालें। ओरेगन आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने फेसबुक पर बताया कि स्थानीय समयानुसार रात लगभग पौने 12 बजे तट पर सुनामी की छोटी लहरें आने की आशंका है जिनकी ऊंचाई एक से दो फुट के बीच होगी। विभाग ने लोगों से समुद्र तटों एवं बंदरगाहों से दूर रहने और किसी सुरक्षित स्थान पर जाने का आग्रह किया है। विभाग ने कहा, यह कोई बड़ी सुनामी नहीं है, लेकिन खतरनाक धाराएं और तेज लहरें समुद्र के पास रहने वालों के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत, अमेरिका के वाशिंगटन और कैलिफोर्निया तक फैले पश्चिमी तट के अधिकतर भागों में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि जापानी समयानुसार सुबह आठ बजकर 25 मिनट पर आए भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 8.0 थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बाद में बताया कि भूकंप की तीव्रता 8.8 थी और यह 20.7 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह भूकंप रूसी शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 119 किलोमीटर दूर आया। इस शहर की आबादी 1,80,000 है। इसके बाद 6.9 तीव्रता के भूकंप सहित कई शक्तिशाली झटके महसूस किए गए। रूस में सेवेरो-कुरिल्स्क के मेयर अलेक्जेंडर ओव्स्यानिकोव ने बताया कि शहर के बंदरगाह में पानी भर गया और मछलियां पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौकाएं समुद्र में बह गईं। उन्होंने बताया कि शहर में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुनामी की चेतावनी के कारण जापान में परिवहन व्यवस्था बाधित हो गई। प्रभावित क्षेत्र में नौकाओं, रेलगाड़ियों और विमानों का परिचालन बाधित हुआ।

मूलभूत पर खर्च...

कल्याण, वृद्ध एवं निःशक्तजन के कल्याण के साथ ही कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, आवास, पशुपालन के समग्र विकास पर व्यय किया जाएगा। **रेत की चोरी रुकेगी, बढ़ेगा राजस्व** - नई नीति से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे, जिससे आम जनता को उचित दरों पर रेत उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही रेत उत्खनन में पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रस्तावित नियमों में रेत खदान आवंटन की कार्यवाही इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से की जाएगी। इससे राजस्व में भी वृद्धि होगी।

परसदा में क्रिकेट...

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित की है। क्रिकेट अकादमी की स्थापना से राज्य के खिलाड़ियों को क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा वहीं छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी।

कृषि भूमि की...

भूमि का मूल्यांकन सिंचित भूमि के ढाई गुना करने के प्रावधान को विलोपित करने के साथ ही शहरी सीमा से लगे ग्रामों की भूमियों और निवेश क्षेत्र की भूमियों के लिए वर्गमीटर में दरों का निर्धारण किया जाएगा।

भारत को रूस...

से भारत का दौरा करेगा। इस घोषणा को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को 'सबसे कठिन और अप्रिय' बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर 'जुर्माना' भी देना होगा। यह जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि भारत ने रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है। रूस से भारत का कच्चा तेल आयात रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले कुल खरीद का 0.2 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 35-40 प्रतिशत हो गया है। चीन के बाद, रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके शुल्क बहुत अधिक हैं, जो दुनिया में 'सबसे अधिक' हैं। उनके पास 'सबसे कठोर और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं' हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारत ने रूस से अपने सैन्य उपकरण और ऊर्जा उत्पाद खरीदे हैं जब हर कोई चाहता है कि रूस, यूक्रेन में हत्याएं बंद करे। ट्रंप की घोषणा पर भारत की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि 25 प्रतिशत का शुल्क मौजूदा 10 प्रतिशत के मूल शुल्क के अतिरिक्त होगा या नहीं। वर्तमान में 10 प्रतिशत शुल्क अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर लागू है, जिसकी घोषणा ट्रंप ने दो अप्रैल को सभी देशों पर की थी।

रीएजेंट घोटाले में...

छापे में अब तक क्या-क्या मिला है, इस बात की ईडी ने अभी तक किसी तरह से अधिकृत जानकारी नहीं दी है। ईडी के अफसर जिन जगहों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंचे हैं, वहां लेन-देन की जानकारी जुटाने के साथ बैंक अकाउंट्स की जांच कर रहे हैं। इसके साथ दस्तावेजों की पड़ताल कर रहे हैं। शशांक तथा कमलकांत ईओडब्लू द्वारा दर्ज रीएजेंट, उपकरण घोटाला केस में जेल में बंद हैं। ईडी की जांच में और कई अफसर घेरे में आ सकते हैं-बुधवार को छापे की कार्रवाई के बाद रीएजेंट तथा मेडिकल उपकरण घोटाले में कई और अफसर जांच के घेरे में आ सकते हैं। आने वाले दिनों में ईडी के अफसर सीजीएमसी से जुड़े अफसरों को पूछताछ करने तलब कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा ने सीजीएमएससी से जुड़े अफसरों के साथ साठगांठ कर राज्य के अलग-अलग जिलों के साथ विकासखंड में करोड़ों रुपए के मेडिकल उपकरण तथा रीएजेंट कई गुना ज्यादा कीमत पर आपूर्ति की थी। इनमें से ज्यादातर आपूर्ति होने के कुछ माह बाद ही एक्सपायरी हो गया।

विधानसभा में मामला...

सीजीएमएससी के तत्कालीन जीएम बसंत कौशिक, कमलकांत पाटनवार, दीपक बांधे और खिरौद रतौरिया तथा स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. अनिल परसाई को गिरफ्तार किया है, जो न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं।

महाप्रबंधक के ...

ने उनके सरकण्डा आकाश विहार स्थित मकान में दबिश दी। अधिकारियों के द्वारा सुबह से देर शाम तक उनके मकान में अंदर जांच की गई। इस दौरान कालोनी में हड़कंप मचा हुआ था। अधिकारियों के द्वारा उनके संपत्ती व दस्तावेज की जानकारी जुटाई गई। उसके बाद टीम रायपुर के लिए रवाना हो गई है।

एक दिन पहले...

पप्पू यादव सुबह लगभग पांच बजे अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली, जो उनके सिर को चीरते हुए बाहर निकल गई। पप्पू यादव बिहार के भोजपुर जिले के रहने वाले थे और एक दिन पहले ही छुट्टी से लौटे थे। घटना के बाद कैंप में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ आरक्षक पप्पू यादव एक दिन पूर्व ही छुट्टी से लौटे थे। छुट्टी से लौटने के अगले ही दिन सुबह उसने अपने सर्विस रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने अपने सरकारी हथियार से खुद पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनते ही परिसर में हड़कंप मच गया साथी जवानों ने तत्काल इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जिसके बाद नैमेड़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक आरक्षक पप्पू यादव बिहार राज्य के भोजपुर जिले के थाना चाल पोखरी अंतर्गत ग्राम ठाकुरी के रहने वाले थे। घटना के बाद नैमेड़ थाने में मर्ग कायम कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

'बाहुबली' पर सवार...

दूरी पर निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित कर दिया। इसरो ने कहा, जीएसएलवी ने निसार को निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। बुधवार की यह उपलब्धि 18 मई को पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन की असफलता के बाद आई है, जिसमें इसरो का पीएसएलवी त्रुटि के चलते पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को वांछित कक्षा में पहुंचाने में विफल रहा था। इसी प्रकार के उपग्रहों- रिसोर्ससैट और रीसैट श्रृंखला, जो परिचालनात्मक रूप से भारत पर केंद्रित थे, को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद, इसरो 'निसार' मिशन के माध्यम से पृथ्वी ग्रह के अध्ययन की यात्रा पर निकल पड़ा है। जीएसएलवी-एस16 रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है। जीएसएलवी एफ-16 रॉकेट ने 27.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद 2,393 किलोग्राम वजनी उपग्रह को लेकर उड़ान भरी। चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपण यान ने उड़ान भरी। रॉकेट से अलग होने के बाद, वैज्ञानिक उपग्रह को संचालित करने का काम शुरू करेंगे, जिसमें उसे स्थापित करने और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने में 'कई दिन' लगेंगे। इसरो के अनुसार, एस-बैंड रडार प्रणाली, डेटा हैंडलिंग और हाई-स्पीड डाउनलिंक प्रणाली, अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा विकसित की गई हैं। एल-बैंड रडार प्रणाली, हाई-स्पीड डाउनलिंक प्रणाली, सॉलिड स्टेट रिकॉर्डर, जीपीएस रिसीवर, 9 मीटर बूम होइस्टिंग और 12 मीटर रिफ्लेक्टर, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा प्रदान किए गए हैं। इसरो ने कहा, इसके अलावा, इसरो उपग्रह की कमान और संचालन के लिए जिम्मेदार है। नासा कक्षा संचालन योजना और रडार संचालन योजना प्रदान करेगा। निसार मिशन को प्राप्त तस्वीरों को डाउनलोड करने के लिए इसरो और नासा दोनों के जमीनी केंद्र से सहायता मिलेगी, जिन्हें आवश्यक प्रसंस्करण के बाद उपयोगकर्ता तक प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान एक ही प्लेटफॉर्म से एस-बैंड और एल-बैंडआर के माध्यम से प्राप्त डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर हो रहे परिवर्तनों को समझने में मदद मिलेगी। मिशन का उद्देश्य अमेरिका और भारत के वैज्ञानिक समुदायों के साझा हित के क्षेत्रों में भूमि और हिमनद की गतिविधियों, भूमि पारिस्थितिकी तंत्र और महासागरीय क्षेत्रों का अध्ययन करना है। 'निसार' का मिशन जीवनकाल पांच वर्ष है। नासा ने कहा कि 'निसार' मिशन से प्राप्त डेटा सरकारों और निर्णयकर्ताओं को प्राकृतिक और मानव-जनित खतरों के लिए योजना बनाने में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। 'निसार' खतरों की निगरानी के प्रयासों में मदद कर सकता है और संभावित रूप से निर्णयकर्ताओं को संभावित आपदा के लिए तैयारी करने के लिए अधिक समय दे सकता है। **सबसे उन्नत रडार प्रणाली** - महत्वपूर्ण बात यह है कि 'निसार', नासा या इसरो द्वारा प्रक्षेपित अब तक की सबसे उन्नत रडार प्रणाली है। यह उनके द्वारा प्रक्षेपित किसी भी पूर्व पृथ्वी उपग्रह की तुलना में दैनिक आधार पर अधिक डेटा प्रदान करेगी। मिशन दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों को दुनिया भर के पारिस्थितिकी तंत्रों की निगरानी करने में मदद करेगा और एल बैंड वन से वन संरचना के बारे में, जबकि एस-बैंड रडार से फसलों की निगरानी हो सकेगी। निसार के डेटा से शोधकर्ताओं को यह आकलन करने में मदद मिलेगी कि समय के साथ वन, आर्द्रभूमि, कृषि क्षेत्र किस प्रकार बदलते हैं।

रेत अब मुट्ठी में...

अब रेत खनन और उसके व्यापार को पारदर्शी और नियंत्रित करने छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम-2025 को मंजूरी दी है। इसमें पहले के नियमों को निरस्त कर दिया गया है। यह निर्णय अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने तथा आम जनता को उचित दरों पर रेत उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण होगा। नए नियमों के अनुसार, रेत खदानों का आवंटन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से होगा, जिससे राजस्व वृद्धि के साथ-साथ पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। हरिभूमि ने रेत के अवैध उत्खनन को लेकर कई समाचार प्रकाशित कर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। मामले में अब राज्य सरकार ने नई नीति लाने का निर्णय लिया है।

मुझसे निपट लो,...

महादेव' की जानकारी पूरे देश को देना चाहता हूं। कल 'ऑपरेशन महादेव' में सुलेमान, अफगान और जिब्रान नाम के तीन आतंकवादी - सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए। उन्होंने बताया, ''सुलेमान, लश्कर-ए-तैयबा का ए श्रेणी का कमांडर था। पहलगाम और गगनगीर आतंकी हमले में वह लिप्त था, इसके बहुत सारे सबूत हमारी एजेंसियों के पास हैं। अफगान और जिब्रान भी ए श्रेणी के आतंकवादी थे। गृह मंत्री ने कहा, जिन्होंने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमारे निर्दोष नागरिकों को मारा था, उनमें ये तीनों आतंकवादी शामिल थे और कल तीनों मारे गए। मैं सेना के पैरा 4, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सभी जवानों को सदन और पूरे देश की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं। गृह मंत्री के अनुसार, बीते 22 अप्रैल को दिन में एक बजे पहलगाम की बैसरन घाटी में हमला हुआ था और वह शाम 5.30 बजे श्रीनगर पहुंच गए थे तथा 23 अप्रैल को एक सुरक्षा बैठक की गई और इसकी पुख्ता व्यवस्था की गई कि नृशंस हत्या करने वाले हत्यारे देश छोड़कर भागने न पाएं। उन्होंने बताया कि पूरी छानबीन एवं वैज्ञानिक तरीकों से यह पुष्टि की गई कि इन तीनों आतंकवादियों ने ही 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 निर्दोष लोगों की जान ली थी। उन्होंने कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम के दो दिन पहले के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने उनके इस्तीफे की मांग की और प्रश्न किया कि सरकार के पास क्या सबूत हैं कि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तानी आतंकवादी थे। गृह मंत्री ने कहा कि वह इस सदन के माध्यम से चिदंबरम से पूछना चाहते हैं कि वह किसे बचाना चाहते थे, पाकिस्तान को, लश्कर-ए-तैयबा को या आतंकवादियों को। उन्होंने कहा, देखिए महादेव क्या करता है? जिस दिन यह प्रश्न पूछा, उसी दिन तीनों आतंकवादी ढेर हो गये। उन्होंने कहा कि चिदंबरम ने कांग्रेस की मानसिकता को पूरी दुनिया के सामने उजागर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने वोट बैंक को बचाने के लिए पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा का बचाव करने से भी नहीं डरती है।

दुर्ग कोर्ट का सुनवाई...

नन की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने कहा कि इससे पहले प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में जमानत याचिका की सुनवाई हुई, आवेदन को खारिज किया गया। इस पर कोर्ट ने अपना तर्क दिया। साथ ही लगाए गए आवेदन को खारिज करने की बात कही। इस पर अधिवक्ता तिवारी ने आवेदन खारिज करने के बाद नए नियमों की वस्तु स्थिति स्पष्ट करने की अपील की। इस पर कोर्ट ने वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि मामले में सुनवाई बिलासपुर कोर्ट में होगी। इसके साथ ही आवेदन को लौटा दिया गया। इधर इस मामले को लेकर दुर्ग कोर्ट में सुबह से ही गहमागहमी बनी रही। बड़ी संख्या में विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता और क्रिश्चियन समुदाय के लोग जुटे। पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में कोर्ट के निर्णय के साथ सभी लौट गए।

मानव तस्करी का...

धारा 143 बीएनएस, छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के रवि निगम ने मामले में शिकायत की है। आरोप है कि दो लड़कियों को धर्मांतरण के लिए आगरा ले जाया जा रहा था। मामले में स्टेशन में हंगामे के बाद पुलिस ने दुहनिया डिंगौरी की प्रीति मैरी, सिविल लाइन आगरा की वंदना फ्रांसिस, मरकाबाड़ा हजारीमेटा नारायणपुर सुखमन मंडावी को गिरफ्तार किया गया है।

राज्यसभा सांसद वृंदा...

निंदनीय है। लड़कियां बालिग है। इसके बाद भी उन्हें डरा धमकाकर गलत तरीके से बयान लिखवाए गए। दोनों नन जो पिछले 40 साल से सेवा दें रही हैं। अस्पतालों में गरीबों के बीच काम कर रही हैं। उनको धमकाया गया। देश में ऐसे हालात बना दिए गए हैं, कि सिर शर्म से झुक रहा है। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और छत्तीसगढ़ सरकार की बड़ी लापरवाही है। वे इस मामले को लेकर कोर्ट तक जाएंगी।

आवारा कुत्तों की...

पशु कल्याण विभागों के साथ मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में नसबंदी, टीकाकरण, और कुत्तों के पुनर्वास को लेकर कोई स्पष्ट और एकसमान दिशा-निर्देश नहीं हैं। इससे नीति निर्माण और अमल में भारी असमंजस की स्थिति बनी रहती है। कार्ति ने सुझाव दिया कि प्रस्तावित टास्क फोर्स में स्वास्थ्य मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, पशु कल्याण बोर्ड, विशेषज्ञ एनजीओ, और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए ताकि हर पहलू से समस्या का समाधान संभव हो। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह रैबीज और अन्य संक्रमणों के रूप में जनस्वास्थ्य संकट बन सकता है। उन्होंने ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की ओर भी ध्यान दिलाया, जहां ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं लेकिन दर्ज नहीं होतीं।

छत्तीसगढ़ सदन में...

से प्रस्तुत हो पाती हैं। सौहार्द्रपूर्ण मुलाक़ात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की चर्चा भी हुई। सांसदों ने छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति को लेकर फीडबैक साझा किया और राज्य के जमीनी अनुभवों से अवगत कराया। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति, निवेश आकर्षण, युवाओं को मिल रहे नए अवसर, किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण योजनाओं और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनकारी विकास कार्यों की भी विस्तार से जानकारी दी।

कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)
E-mail Id-cmonpkotba@gmail.com

क्रमांक/214/न.पं./2025-26 कोतबा, दिनॉक 30/07/2025

रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के अमृत मित्र योजना अंतर्गत "WOMEN FOR TREE" अभियान में AMRUT 2.0 मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, वृक्षारोपण, रखरखाव, जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यों हेतु डे-एनयूएलएम मिशन अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक महिला स्व-सहायता समूहों (SHGs) से नगर पंचायत कोतबा क्षेत्र में उक्त कार्य के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दिनांक 05.08.2025 को समय सायं 5:00 बजे तक स्पीड/पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है।

आमंत्रित रूचि की अभियव्यक्ति (EOI) में निम्नानुसार कार्य सम्मिलित हैं :-
* चयनित स्थलों पर वृक्षारोपण।
* पौधों की देखरेख, सिंचाई एवं संधारणीय निगरानी।
* पौधों की जियो टैगिंग और नियमित प्रगति रिपोर्टिंग।
* वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय संरक्षण हेतु सामुदायिक सहभागिता।

कार्य का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क राशि रू. 100/- रू स्थानीय नगरीय निकाय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाइट https://uad.cg.gov.in पर उपलब्ध है। (EOI) के पोर्टल पर अपलोड होने की तिथि से 07 दिनों के भीतर इसे जमा किया जाना अनिवार्य है।

उक्त संबंध में भविष्य में जारी निर्देश एवं संशोधन भी केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे, इच्छुक समूह वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा

Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
उपलब्ध सुविधाएं
• जनरल मेडिसीन • छाती रोग • हृदय रोग • सांस एवं फेफड़ा रोग • दंत रोग • डायबिटीज • त्वचा रोग • प्रसूति एवं स्त्री रोग • बच्चों के रोग • जोड़ एवं हड्डी रोग • आंख, कान, गला रोग • जनरल सर्जरी • ऑन्कोलॉजी विभाग • यूरोलॉजी • फिजियोथेरेपी • सोनोग्राफी • डिजिटल एक्स-रे • सीटी स्कैन • क्रिटिकल केयर यूनिट • आईसीयू • ट्रॉमा केयर
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

आवश्यकता है

आवश्यकता है- वेल्डर, हेल्पर फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट के एमएस पाईप लाइन के कार्य हेतु वेल्डर, हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एमएस सर्विसेस सरकंडा बिलासपुर 9039524801, 9753511108 **(38347)**

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में ऑर्डर बुकिंग एवं वसूली करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबन्द बिलासपुर 91110 00629 **(38348)**

आवश्यकता है- आफिस में काम करने के लिये आफिस बॉय (Peon) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सांई बाबा पैकेजिंग लैण्डमार्क कॉम्पलेक्स पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 62323 77943 **(38349)**

आवश्यकता है- महिला PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), आफिस साफ सफाई चाय पानी, पुरुष मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक, TKR, THR, Joints की सर्जरी कराने, ड्राइवर Ecco, I10 Nexon चलाने वेतन 8000- 30000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम, MIG-70 नेहरू नगर बिलासपुर 9326609234 **(38344)**

आवश्यकता है- काम के लिए 24 घण्टे रहने या आकर काम करने हेतु एक महिला या पुरुष कर्मचारी या सपरिवार की आवश्यकता है घर की सुविधा भी वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9589571117 **(38343)**

आवश्यकता है- एजेन्सी हेतु डिलीवरी बॉय, पैकिंग हेतु लड़के, लड़की एवं छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है पेमेन्ट 6500 से 8500 सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 99261 99500 **(38346)**

आवश्यकता है- (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें 9329233000 **(38342)**

आवश्यकता है- घरेलु कार्य करने हेतु युवक चाहिए रहने के लिये निवास दिया जावेगा संपर्क गगन फोटो कापी सेंटर 27 खोली चौक बिलासपुर 9039768650 समय 11.00 से 2.00 शाम 5 से 9 रात्रि **(38333)**

आवश्यकता है- बिजली मिस्त्री 5वर्ष का अनुभवी (रोजी 500), नल मिस्त्री नया/ रिपेयरिंग कार्य (रोजी 450) की तत्काल आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- प्रबंधक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 94063 90898 **(35306)**

आवश्यकता है- साईड सुपरवाईजर हेतु शिक्षित लड़कों की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार संपर्क करें सरकंडा बिलासपुर 8878715510, 7582972087 **(38334)**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री रोटी मिस्त्री काउंटर में खाना देने, बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहना, खाना की सुविधा फ्री पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 **(38336)**

आवश्यकता है- डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु अटेंडर की आवश्यकता है संपर्क करें जीवी डेन्टल क्लीनिक भारतीय स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर बिलासपुर बिलासपुर **(38335)**

आवश्यकता है- थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़कों, लड़कियों की आवश्यकता है पेमेंट योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री साईं टैक्स, भाजपा कार्यालय के पास, करबला रोड, बिलासपुर 7415105000 **(38328)**

आवश्यकता है- बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्राइवर (वेतन 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट) एवं यार्ड में सफाई हेतु कुली, चपरासी/ बाई चाहिए। (समय सुबह 9 से शाम 7बजे) पता- सक्षम ट्रैवल्स बिलासपुर 6264125145, 9827192189 **(38146)**

आवश्यकता है- मार्केटिंग मैनेजर- 1, फिल्ड अफिसर- 7, काउंसलर- 1 टेलीकॉलर-2 की आवश्यकता है योग्यता ग्रेजुएट, वेतन 6000 से 15000 सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर 9039980553 **(38330)**

आवश्यकता है- राजकिशोर नगर स्थित रियल स्टेट ऑफिस हेतु टेलीकॉलर युवती- 2 एवं सेल्स एक्जीक्युटिव युवक- 3 की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7566635955, 9713185566 **(38303)**

आवश्यकता है- यश सुपर बाजार में कम्प्यूटर आपरेटर एवं सेल्स के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पता- रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक, भारतीय नगर चौक, व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9329941444 **(38324)**

आवश्यकता है- गर्ल्स हॉस्टल में कार्य हेतु महिला वार्डन, ड्राइवर, मेस कर्मचारी सिक्युरिटी गार्ड, एकाउंटेट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गायत्री गर्ल्स हॉस्टल पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9755996699, 7000390346 **(38323)**

आवश्यकता है-बिलासपुर राज किशोर नगर में ओला और ट्रेवल्स में कार चलाने के लिए दो ड्राइवर की आवश्यकता है सैलरी- 10000 से 12000 सम्पर्क करें- 8109400008, 9243958051 (38319)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अति शीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक वेतन 10000 रहना फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 20000 से 25000 सम्पर्क करें- 7389769528 **(6754)**

आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 **(074)**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की, पद संख्या- 940 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 24500 से 52500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा- 9915947081 **(1071)**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे, रहना फ्री, सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8085106943 **(191)**

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वन रक्षक, क्लर्क, वन पाल, चपरासी, (10th +12th) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधार कार्ड, पास पोर्ट फोटो, मार्क शीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र व्हाट्सएप /कॉल करें 9685327774 **(1075)**

आवश्यकता है- श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 am से 7 pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 90747 41377 **(205)**

आवश्यकता है- सलाह सर्विसेस ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेलीकॉलिंग, फील्ड कार्य हेतु स्टाफ की जरूरत है (वेतन- 6000 से 15000/-) संपर्कः- 2nd फ्लोर, लैंडमार्क काम्प्लेक्स, करबला रोड, पुराना बसस्टैंड, बिलासपुर 6269020001, 62690 20002 **(206)**

आवश्यकता है- एक्सपर्ट सेल्समेन की ज्वेलरी दुकान में आवश्यकता है। ज्वैलरी लाइन के अनुभवियों को प्राथमिकता। स्टॉक मैनेजमेंट एवं बेसिक कंप्यूटर की जानकारी अनिवार्य। वेतन 10000 से 16000 योग्यतानुसार। संपर्कः- शिव कुमार, रमेश कुमार ज्वेलर्स, सदर बाजार, बिलासपुर। मो- 9369035146, 70244 20898. **(208)**

आवश्यकता है- उड़िया भाषी प्रतिनिधि की जो उड़ीसा राज्य में गौ पालकों से सम्पर्क करने का कार्य कर सकें संपर्क करें- 9926533482 **(494)**

आवश्यकता है- फुल टाइम जूनियर अकाउंटेंट की आवश्यकता है। अकाउंट्स और सॉफ्टवेयर (Tally), बैंक से संबंधित कार्य, MS Word, Excel, PPT, Gmail की जानकारी अनिवार्य। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतनः 15000-18000/- योग्यतानुसार। संपर्कः- शिव कुमार, रमेश कुमार ज्वेलर्स, सदर बाजार, बिलासपुर। 7024420898, 9369035146 **(207)**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता 10वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10000 रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 स्थान उज्जैन, म.प्र. सम्पर्क करें-9630773028, 96912 33111 **(361)**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास छात्रों की आवश्यकता है जो कानपुर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ प्रमोशन+ रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 8770508791, 72258 15090 **(604)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

बेचना है

बेचना है- बिरकाना रोड में अशोक वाटिका के पास 3000 वर्गफुट डायवर्टेड एवं बैमा नगोई मेन रोड रामाग्रीन सिटी के सामने 6 डिसमिल डायवर्टेड जमीन बेचना है सम्पर्क करें- विनोद जायसवाल 93003 26304 **(38326)**

बेचना है- पारिजात एक्टेंशन 2BHK, नेहरू नगर 3BHK मकान, गीतांजलि सिटी फेस-2 सरकंडा 1500 वर्गफुट प्लाट, ट्विन प्लाजा अग्रसेन चौक डबल डेकर दुकान स्मार्ट रोड+ रिंग रोड कॉमर्शियल प्लाट सम्पर्क 9644094606, 9981994606 **(38345)**

बेचना है- 73 का फ्रंट 3405 फुट, 25फुट रोड नया पुल नेहरू चौक के पास डॉ. एसके तिवारी के बगल में, TNC एप्रूव्ड चितले कॉलोनी में पुराना मकान। सम्पर्क करें- 982747 3604, 9827938236 **(38327)**

बेचना है- सरकंडा जबड़ापारा, राम गली के पास में 3 डिसमिल जमीन पर बना सर्व सुविधायुक्त 2 मंजिला मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें 8328988650 **(38337)**

बेचना है

फायनेंस- माइक्रो फाइनेंस रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (2% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्क 9311830460 **(204)**

फायनेंस- रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुद्रा लोन योजना अंतर्गत सभी प्रकार लोन आसान किस्तों पर प्राप्त करे घर बैठे 2% वार्षिक ब्याज 30% छूट महिलाओं और किसानों को विशेष छूट हेल्पलाइन 8127684826, हेडऑफिस 9889062539 **(203)**

व्यापार

व्यापार- किसी टावर/ फाइनेंस कंपनी से कार्य चल रहा या किसी प्रकार धोखा हुआ, तुरंत शिकायत कर अपने कार्य की जांच करवाए सभी कंपनी के 4G/5G टावर लगवाए संपर्कः- 89015 53327 **(202)**

कृषि उपकरण

कृषि उपकरण- सबसे कम दामों में ट्राली, टेंकर, हाइड्रोलिक ट्राली मल्टीक्रॉप थ्रेसर, कल्टीवेटर, केजव्हील, कोपर, दतारी, लेबलर सभी कृषि उपकरण, रिपेयरिंग, पेन्टिग एक्सचेन्ज हेतु सुविधा- किसान एग्रो गतौरी रतनपुर रोड 9827683510, 9827892413 **(38268)**

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

8 आईपीएस समेत राप्रसे के 75 अफसरों के तबादले, रायपुर एडीएम देवेंद्र का स्थान लेंगी तुलसी राठौर

कई जिलों के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और सीईओ बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में 8 आईपीएस समेत राज्य प्रशासनिक सेवा के 75 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें कई जिलों के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शामिल हैं। सूची में शामिल सभी अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश भी दिया गया है। आदेश में ज्योति बबली कुजूर को उपायुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास को सचिव छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, रायपुर के अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल को कोरबा भेजा गया है। तुलसी राठौर रायपुर की नई अपर कलेक्टर होंगी। अभिषेक अग्रवाल दुर्ग के अपर कलेक्टर और विभोर अग्रवाल जशपुर के अपर कलेक्टर होंगे। इसके अलावा अन्य अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। जारी सूची के अनुसार राजेंद्र प्रसाद गुप्ता अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर को अपर कलेक्टर, मुंगेली, सुरेंद्र प्रसाद वैध सीईओ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को अपर कलेक्टर, कोरिया, अरविंद कुमार पाण्डेय को अपर कलेक्अर गरियाबंद को एसीईओ, रायपुर विकास प्राधिकरण, अभिषेक अग्रवाल उप सचिव गृह को अपर कलेक्टर, दुर्ग, अरुण कुमार मरकाम अपर कलेक्टर कोरिया को उप सचिव, राजस्व एवं आपदा विभाग, मंत्रालय, सचिन भूतड़ा एसीईओ, नया रायपुर विकास प्राधिकरण को अपर कलेक्टर, महासमुंद, विजेंद्र सिंह पाटले अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को सीईओ जिला पंचायत, सूरजपुर, चित्रकांत चाली ठाकुर अपर कलेक्टर कोंडागांव को अपर कलेक्टर, रायगढ़, कमलेश नंदनी साहू सीईओ सूरजपुर को ओएसडी उद्योग संचालनालय रायपुर, यामिनी पांडे गुप्ता संयुक्त संचालक खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय को उपायुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर, निधि साहू अपर कलेक्टर रायपुर को उप सचिव, राजभवन रायपुर, घासीराम मरकाम सीईओ जिला पंचायम गरियाबंद को अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सुनील कुमार चंद्रवंशी उप सचिव राजस्व को सीईओ, जिला पंचायत, बालोद में पदस्थ किया गया है। विनय कुमार कश्यप को डिप्टी कलेक्टर सक्ती, गौतमचंद पाटिल को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, रेखा चंद्रा को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, रश्मि ठाकुर को डिप्टी कलेक्टर बस्तर, ओंकारेश्वर सिंह को डिप्टी कलेक्टर जशपुर, बजरंग सिंह वर्मा को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, निकिता मरकाम को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुकेश कुमार कोठारी को डिप्टी कलेक्टर रायपुर, अनिकेत साहू को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, मधुहर्ष को डिप्टी कलेक्टर बालोद, अमित कुमार श्रीवास्तव को सचिव तेलघानी बोर्ड रायपुर और अतिरिक्त प्रभार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर, हर्षलता वर्मा को डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा, भ्रज्ञरत कौशिक को डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, मनोज कुमार मरकाम को डिप्टी कलेक्टर धमतरी, रश्मि वर्मा को प्रबंधक नवा रायपुर विकास प्राधिकरण अटल नगर, राकेश साहू को डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, पार्वती पटेल को उप संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, ऋचा चंद्राकर प्रबंधक स्मार्ट सिटी, विश्वास कुमार को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, आकांक्षा पांडेय डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, प्रफुल्ल कुमार रजक को डिप्टी कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, शिल्पा देवांगन को डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम, अंकित चौहान को डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, अक्षा गुप्ता को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, रमेश कुमार मोर को डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, तेजपाल सिंह ध्रुव को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, मायानंद चंद्रा को डिप्टी कलेक्टर मुंगेली, प्रितेश सिंह राजपूत को डिप्टी कलेक्टर सक्ती, विक्रांत कुमार अंचल को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, अंशुल वर्मा डिप्टी कलेक्टर कोरिया, तुलसी चौहान को डिप्टी कलेक्टर रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

इन संयुक्त कलेक्टरों को मिला नया प्रभार

प्रेमलता संयुक्त आयुक्त भू-अभिलेख को सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा, अवधराम टंडन उपायुक्त संभागीय आयुक्त दुर्ग को अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, मिथिलेश डोंडे अपर कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को अपर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, रविराज ठाकुर अपर कलेक्टर महासमुंद को प्रबंधक नया रायपुर विकास प्राधिकरण अटल नगर, अभिषेक गुप्ता अपर कलेक्टर नारायणपुर को बलरामपुर-रामानुजगंज, डॉ.आराधना राहुल कुमार, अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा को उपायुक्त बिलासपुर, मेनका प्रधान अपर कलेक्टर मुंगेली को संयुक्त संचालक प्रशासन अकादमी रायपुर, विभोर अग्रवाल अपर कलेक्टर जशपुर, ममता यादव उप सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर, चेतन बोरघरिया को अपर कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज, श्रीकांत वर्मा को उप सचिव खनिज विभाग मंत्रालय, मुकेश रावटे को सीईओ जिला पंचायत गौरेलजा-पेंड्रा-मरवाही, कैलाश प्रसाद वर्मा जीएम मार्कफेड, ओंकार यादव को संयुक्त कलेक्टर कोरबा, प्रकाशचंद कोरी को संयुकत कलेक्टर बालौदाबाजार-भाटापारा, रवि सिंह संयुकत कलेक्टर रायगढ़, किरोड़ीमल अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर रायपुर, अभिषेक दीवान संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, पुष्पेंद्र कुमार वर्मा को संयुक्त कलेक्अर बिलासपुर, सागर सिंह को संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम, लता उर्वशा को संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव, गीता शुक्ला दीवान को अवर सचिव मंत्रालय, हितेश्वरी बाघे को संयुक्त कलेक्टर गरियाबंद, वहीदुर्रहमान को संयुक्त कलेक्टर कोंडागांव, संदीप ठाकुर को संयुक्त कलेक्टर जांजगीर-चांपा, अमित कुमार गुप्ता को संयुक्त कलेक्टर कोरिया, पूनम शर्मा को उप महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल रायपुर, सरस्वती बंजारे को संयुक्त कलेक्टर कांकेर पदस्थ किया गया है।

8 आईपीएस अफसरों के तबादले

इसके अलावा 8 आईपीएस अफसरों का भी तबादला किया गया है। जारी आदेश में ईशू अग्रवाल को रायपुर आजाद चौक का नया सीएसपी नियुक्त किया गया है। धर्मेंद्र सुमंत कुमार को राजनांदगांव से सरगुजा, मयंक मिश्रा को सरगुजा से रायगढ़, हर्षित मेहर को रायगढ़ से दुर्ग, राहुल बंसल को दुर्ग से सरगुजा, वांसल जैन को पुलिस मुख्यालय से राजनांदगांव, अभिषेक चंद्रवेदती को रायपुर और गगन कुमार को बस्तर से बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

माशिमं की अंतिम प्रावीण्य सूची जारी, दसवीं में 8 और बारहवीं में मात्र 3 नए नाम जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के नतीजे घोषित करने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा की स्थायी मेरिट लिस्ट जारी कर दी है।

पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के बाद दसवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 8 और बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 3 नए नाम जुड़े हैं। स्थायी सूची माशिम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के नतीजों की घोषणा 7 मई को की गई थी। उस दौरान हाईस्कूल और हायरसेकंडरी की अस्थायी मेरिट लिस्ट जारी हुई थी। इस अस्थायी मेरिट लिस्ट में दसवीं कक्षा में 85 तथा बारहवीं कक्षा में 19 छात्रों के नाम थे। स्थायी मेरिट लिस्ट में दसवीं कक्षा में 93 तथा बारहवीं कक्षा में 21 नाम हैं।

7 मई को घोषित अस्थायी सूची में दसवीं में 85 और बारहवीं में 19 छात्रों थे शामिल

अब दसवीं की मेरिट लिस्ट में 93 और बारहवीं में 21 नाम

5.68 लाख छात्र हुए थे शामिल

इस बार बारहवीं कक्षा के नतीजे भी रिकॉर्डतोड़ रहे थे। बारहवीं कक्षा में 81.87 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे, जबकि दसवीं कक्षा में 76% छात्र सफल हुए थे। 12वीं कक्षा की परीक्षा में 2.40 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। दसवीं की परीक्षा में 3.28 लाख स्टूडेंट शामिल हुए थे। एक मार्च से परीक्षाएं प्रारंभ हुई थीं। नए नाम जुड़ने के बाद भी पूर्व में सूची में जगह प्राप्त छात्रों को बाहर नहीं किया गया है। माशिम द्वारा टॉपर्स को दी जाने वाली सहायता राशि सहित अन्य सम्मान का लाभ पुराने छात्रों के साथ ही सूची में शामिल नए विद्यार्थियों को भी मिलेगा। नई मेरिट लिस्ट माशिम की आधिकारिक वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

सूर्यकांत तिवारी का जेल शिफ्टिंग आवेदन खारिज

रायपुर। कोल घोटाला, मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी के अनुचित व्यवहार के कारण केंद्रीय जेल रायपुर प्रशासन ने ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में अंबिकापुर जेल शिफ्ट करने आवेदन पेश किया था। जेल प्रशासन ने 22 जुलाई को पत्र तैयार कर कोर्ट में 23 जुलाई को पेश किया था। जेल प्रशासन के आवेदन को स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जेल प्रशासन के आरोपों के मुताबिक सूर्यकांत जेल में उत्पात मचाता है और किसी भी कार्रवाई में सहयोग नहीं कर रहा। जेल प्रशासन ने कोर्ट को बताया है कि 20 जुलाई को जब जेल प्रशासन की टीम जांच के लिए उसके बैरक में पहुंची, तो उसने न केवल जांच में सहयोग नहीं किया, बल्कि दुर्व्यवहार भी किया। इससे पहले भी सूर्यकांत के दुर्व्यवहार की कई शिकायतें मिलती रही हैं। जेल प्रशासन का कहना था कि जेल की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूर्यकांत को किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करना आवश्यक हो गया है। इसी के तहत कोर्ट से अंबिकापुर जेल में ट्रांसफर की अनुमति मांगी गई थी।

प्राचार्य प्रमोशन पर सुनवाई जारी

बिलासपुर। हाईकोर्ट में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में प्राचार्य पदोन्नति पर सुनवाई बुधवार को भी जारी रही। याचिकाकर्ता के वकील द्वारा लगातार 28, 29 व 30 जुलाई, तीन दिनों तक अपना पक्ष रखा गया है। बुधवार को प्राचार्य एवं विभागीय नियम की चर्चा शासन पक्ष की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने रखा। उन्होंने याचिकाकर्ता के लिए बताया कि प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के सेवा को 5 वर्ष के अनुभव हेतु पात्रता के लिए रखा है। प्रधानपाठक पद से व्याख्याता कोटे में सीनियरिटी देने का नियम नहीं है। डबल बैंच में यही डायरेक्शन है। इसके बाद इंटरविनर अधिवक्ता अनूप मजूमदार सहित अन्य हस्तक्षेपक के द्वारा पक्ष रखा जा सकता है। कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने सुनवाई में कि नियम सहित अभी के आपत्ति के सभी विषयों पर डबल बैंच में इस प्रकृति के सभी केश को निराकृत करते हुए स्टे हटा दिया गया है।

तोमर बंधुओं के मकान तोड़ने पर अस्थायी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सूदखोरी के मामलों में फरार तोमर बंधुओं के मकान तोड़ने के फैसले पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद वर्मा और वरिष्ठ अधिवक्ता सजल गुप्ता ने पैरवी की। रायपुर के तोमर बंधु पर आरोप है कि वे सूदखोरी के अवैध धंधे में संलिप्त हैं। प्रशासन ने उनकी चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने और मकान को ध्वस्त करने की तैयारी की थी। इसी के खिलाफ तोमर बंधुओं ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायमूर्ति रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद तोमर बंधुओं के मकान तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और अगली सुनवाई की तारीख निर्धारित की है। दोनों ही वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि बगैर उचित कानूनी प्रक्रिया के मकान तोड़ने की कार्रवाई अनुचित और मनमानी है। उनका तर्क था कि प्रशासन ने न्यायिक आदेशों की अनदेखी करते हुए तोमर बंधुओं के खिलाफ कदम उठाया।

चाकू से दहशत फैलाते दो बदमाश गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस ने अलग-अलग जगहों से चाकू हवा में लहराकर लोगों को आतंकित करते दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी नवीन साहू निवासी प्रगति चौक रावांभाठा को ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा शराब भट्ठी के पास गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरा आरोपी अजय साहू निवासी फुलवारी चौक रावांभाठा को ट्रांसपोर्ट नगर से गिरफ्तार किया। दोनों हाथ में चाकू लेकर हवा में लहराकर लोगों को आतंकित करते घूम रहे थे।

डबल मुनाफा कमाने का झांसा, 17 लाख ठगे

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने 17 लाख रुपए की ठगी के मामले में अपराध दर्ज किया है। घटना की रिपोर्ट सूरज कुमार घोष निवासी आदर्श नगर मठपारा ने थाने में दर्ज कराई है। सूरज के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल से उसे कॉल किया था। उस व्यक्ति ने शेयर मार्केट में पैसे लगाने पर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर उससे अपने एकाउंट में अलग-अलग किस्तों में 17 लाख 5 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। पैसे ट्रांसफर करने के बाद जब न ही कोई फायदा हुआ और न ही पैसे वापस मिले तो सूरज को ठगे जाने का एहसास हुआ। इसके बाद उसने इसकी शिकायत की। पुलिस ने मोबाइल धारक अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर
OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT NAVEEN COLLEGE JANAKPUR
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, (छ.ग.)
DISTRICT - MANENDRAGADH CHIRMIRI BHARATPUR (C.G.)
(NAAC ACCREDITED)
संत गहिरागुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध
Website-janakpurcollege.ac.in Mo. No. 9415248896 Email- gndc.jnk2008@gmail.com

क्र/ / स्था./2025 // अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन // जनकपुर, दिनांक 30.07.2025

शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के प्राध्यापक / सह प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक, के रिक्त गणित एवं वाणिज्य विषय के पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदक दिनांक 08/08/2025 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त कर) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
नोट:- विस्तृत विज्ञापन के नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय की बेवसाईट Website-janakpurcollege.ac.in में अपलोड़ किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर
जिला- एम.सी.बी. (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय माँ महामाया महाविद्यालय खड़गवाँ,
जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
AFFILIATED TO SANT GAHIRA GURU UNIVERSITY, SARGUJA, AMBIKAPUR (C.G.)
EMAIL: govtnaveencollege@gmail.com, COLLEGE CODE-3706
WEBSITE http://govtmmcollegekhadgawan.in AISHE CODE C-9695

क्रमांक/118/स्था./अतिथि व्याख्याता/2025 खड़गवां, दिनांक 29/07/2025

// अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन //

शासकीय माँ महामाया महाविद्यालय खड़गवां, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 11.08.2025 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक/वाहक हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करे) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

क्रमांक	विषय	रिक्त पदों की संख्या
		सहायक प्राध्यापक
01	हिन्दी	01

(विस्तृत विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइट http://govtmmcollegekhadgawan.in/ एवं महाविद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है)

प्राचार्य
शासकीय मां महामाया महाविद्यालय
खड़गवां, जिला-एम.सी.बी.(छ.ग.)

एन एम डी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GOI001674

संविदा विभाग

निविदा पूछताछ सं: एचओ(वर्कस)/संविदा/एचओ/लर्निंग सेंटर/2025/1095/271 दिनांक : 31/07/2025
एमएसटीसी संदर्भ संख्या : एनएमडीसी/हेडऑफिस/कंट्रेक्ट/20/25-26/ईटी/297 [रीफर्बिशमेंट लर्निंग सेंटर]
अनुमानित लागत जीएसटी सहितः रू 6.69 करोड़।

एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक "नवरत्न" कंपनी है जो **"एनएमडीसी खनिज भवन, हैदराबाद में लर्निंग सेंटर के नवीनीकरण(रीफर्बिशमेंट)"** कार्य के लिए प्रत्याशित बोलीकर्ताओं से **ऑनलाइन बोलियां** आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी एवं बोली कागजात निम्नांकित वेबसाइटों लिंको पर **31/07/2025 से 29/08/2025 तक** अवलोकन तथा/अथवा डाउन लोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट- **https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender/**
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल)- **https://www.eprocure.gov.in/epublish/app** तथा निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा सर्च करें।
3. एमएसटीसी पोर्टल **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/** तथा निविदा सं. **एनएमडीसी/हेडऑफिस/कंट्रेक्ट/20/25-26/ईटी/297 [रीफर्बिशमेंट लर्निंग सेंटर]** के माध्यम से निविदा सर्च करें।

बोली पूर्व बैठक **11/08/2025** को एनएमडीसी मासाब टैंक, हैदराबाद में आयोजित होगी। बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि एमएसटीसी लिमिटेड वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोली प्रस्तुत करें। ऑनलाइन के माध्यम से बोली प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत विवरण एनआईटी में दिए गए हैं। शुद्धिपत्र, भविष्य में यदि कोई हो, के लिए बोलीकर्ताओं को नियमित आधार पर एनएमडीसी वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट को देखना अपेक्षित है।
अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए निम्नांकित से संपर्क किया जा सकता है:
महाप्रबंधक (संविदा), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फोन नं 040-23533536
ईमेल : **contracts@nmdc.co.in**

कृते एनएमडीसी की ओर से
अधिशासी निदेशक (वर्कस)

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

संदर्भः एसईसीएल/भट/उ.क्षे./जग./रोजगार/2025/993, दिनांक 14.07.2025

सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भू-अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम **जगन्नाथपुर** की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वयं/माता पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजों जैसे- बी 1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पत्रक-5, पत्रक-6 में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्सम्बंध में भूस्वामी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है:-

ग्राम-जगन्नाथपुर

क्र.	9(1) के समय भू-स्वामी का नाम एवं प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार सही नाम	भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम	खसरा नं.	रकबा (हे.)	उम्मीदवार का वास्तविक नाम प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार	रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजों में नाम
01	9(1) के अनुसार भूमि स्वामी का नाम - **बउधा आ. मनबोध उरांव**	**बउधा आ. मनबोध उरांव** के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज में नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1) एवं पी-II 2007-08 से 2010-11 में नाम - **बउधा-मनबोध उरांव** वंशवृक्ष में नाम - **बउधा राम आ. मनबोध (फौत)** मृत्यु प्रमाण पत्र में नाम - **बउधा राम**	1342/1 1367/1 1440/1 1444/1 1602/1 1604/1 1677/1 1744/1 कुल 08	0.27 0.18 0.11 0.11 0.49 0.25 0.41 0.51 2.33 हे. (5.76 एकड)	**1. पदमा आ. करन साय**	नामांकन में नाम - **पदमा आ. करन साय** वंश वृक्ष में नाम - **पदमा आ. करन साय** आधार कार्ड में नाम - **पदमा आ. करन साय** वोटर कार्ड में नाम - **पदमा लकड़ा आ. करनसाय लकड़ा** जाति प्रमाण पत्र में नाम - **कु. पदमा आ. करनसाय** निवास प्रमाण पत्र में नाम - **पदमा आ. करनसाय** राशन कार्ड में नाम - **पदमा** रोजगार पंजीयन में नाम - **PADMA D/O KARAN SAI** 10th की अंकसूची - **PADMA D/O KARAN SAI**
	1. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **हीरोमनी पत्नी स्व. बउधा राम**	**बउधा आ. मनबोध उरांव** के फौत हो जाने के कारण वारिस का नाम निम्न है :- 1. राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2021-22 से में नाम - **हिरोंदिया** नामांकन में नाम - **हीरोमनी पत्नी स्व. बउधा राम** वंशवृक्ष में नाम - **हीरोमनी पत्नी स्व. बउधा राम** ऋण पुस्तिका में नाम - **हिरोमनी बेवा बउधा** आधार कार्ड में नाम - **हीरोमनी पत्नी बौधा** वोटर कार्ड में नाम - **हिरोमणी पत्नी बउधा** बैंक पासबुक में नाम - **HIROMANI** नामांतरण पंजी में नाम - **हिरोमनी बेवा बउधा उरांव**			**2. वंशलाल लकड़ा आ. बउधा राम**	नामांकन में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बउधा राम** वंश वृक्ष में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बउधा राम** आधार कार्ड में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बउधाराम** वोटर कार्ड में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बऊधाराम लकड़ा** जाति प्रमाण पत्र में नाम - **वंशलाल आ. बउधा राम** निवास प्रमाण पत्र में नाम - **वंशलाल आ. बउधा राम** राशन कार्ड में नाम - **वंश लाल** बैंक पासबुक में नाम - **VANSHLAL LAKRA S/O BAUDHARAM**
	करन साय आ. बउधा के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **स्व. करन साय आ. बउधा राम**	**करन साय आ. बउधा** के फौत हो जाने के कारण उनके वारिस के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का विभिन्न दस्तावेज में नाम निम्न है :- राजस्व दस्तावेजों (बी-1) एवं पी-II 2011-12 से 2014-15 में नाम - **करनसाय आ. बउधा** ऋण पुस्तिका में नाम - **करनसाय आ. बउधा** मृत्यु प्रमाण पत्र में नाम - **करन साय आ. बउधा** वंशवृक्ष में नाम - **करन साय आ. बउधा (फौत)**				
	2. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **दुलचारी पत्नी स्व. करन साय**	2.**करन साय आ. बउधा** के फौत हो जाने के कारण वर्तमान वारिस का नाम निम्न है:- नामांकन में नाम - **दुलचारी पत्नी स्व. करन साय** वंशवृक्ष में नाम - **दुलचारी पत्नी स्व. करन साय** आधार कार्ड में नाम - **दुलचारी पत्नी करन साय** वोटर कार्ड में नाम - **दुलचारी लकड़ा पत्नी करन साय लकड़ा** बैंक पासबुक में नाम - **DULCHARI W/O KARAN SAI** राशन कार्ड में नाम - **दुलचारी**				
	3. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **पदमा आ. स्व. करन साय**	3. नामांकन में नाम - **पदमा आ. स्व. करन साय** वंशवृक्ष में नाम - **पदमा पुत्री स्व. करन साय** आधार कार्ड में नाम - **पदमा आ. करन साय** वोटर कार्ड में नाम - **पदमा लकड़ा आ. करनसाय लकड़ा** राशन कार्ड में नाम - **पदमा**				
	4. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **प्रमोद कुमार आ. स्व. करन साय**	4. नामांकन में नाम - **प्रमोद कुमार आ. स्व. करन साय** वंशवृक्ष में नाम - **प्रमोद कुमार आ. स्व. करन साय** आधार कार्ड में नाम - **प्रमोद कुमार आ. करन साय** वोटर कार्ड में नाम - **प्रमोद कुमार आ. करन साय**				
	5. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **बिनोद कुमार आ. स्व. करन साय**	5. नामांकन में नाम - **बिनोद कुमार आ. स्व. करन साय** वंशवृक्ष में नाम - **बिनोद कुमार आ. स्व. करन साय** आधार कार्ड में नाम - **बिनोद कुमार आ. करन साय** वोटर कार्ड में नाम - **बिनोद कुमार आ. करन साय**				
	6. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **हंसलाल आ. स्व. बउधा राम**	6. राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - **हंसलाल आ. बउधा** नामांकन में नाम - **हंसलाल आ. स्व. बउधा राम** वंशवृक्ष में नाम - **हंसलाल स्व. बउधा राम** ऋण पुस्तिका में नाम - **हंसलाल आ. बउधा** आधार कार्ड में नाम - **हंसलाल आ. बउधाराम** वोटर कार्ड में नाम - **हंसलाल लकड़ा आ. बउधाराम लकड़ा** बैंक पासबुक में नाम - **HANSLAL LAKRA S/O BAUDHARAM LAKRA**				
	7. शपथ पत्र के अनुसार भूमि स्वामी का सही नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बउधा राम**	7. राजस्व दस्तावेजों (बी-1/पी-2) 2016-2017 में नाम - **वंशलाल आ. बउधा** नामांकन में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बउधा राम** वंशवृक्ष में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. स्व. बउधा राम** ऋण पुस्तिका में नाम - **वंशलाल आ. बउधा** आधार कार्ड में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बउधाराम** वोटर कार्ड में नाम - **वंशलाल लकड़ा आ. बऊधाराम लकड़ा** बैंक पासबुक में नाम - **VANSHLAL LAKRA S/O BAUDHARAM LAKRA**				

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र में प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें:-

पताः- उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, कार्यालय-जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगॉव क्षेत्र, धरमपुर, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सुरजपुर छ.ग.।

उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र

24 दिनों से लापता था लैलूंगा के पूर्व विधायक चक्रधर का भाई

सिसरिंगा मंदिर के पास मिली सड़ी-गली लाश, लापता जयपाल के होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर सिंह द्वारा स्वयं कई बार एसपी, एएसपी से मिलकर उनके भाई को ढूंढने की गुहार लगाई गई, लेकिन रायगढ़ की सुस्त पुलिस कुछ भी सुराग नहीं ढूंढ पाई। वहीं अब सिसरिंगा के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी मच गई है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लापता जयपाल के लोकेशन के आधार पर ढूंढने निकली पुलिस को एक सड़ी-गली लाश मिली है। आशंका जताई जा रही है उक्त लाश जयपाल की ही है। यही कारण है कि पुलिस ने जयपाल के परिजनों को भी मौके पर बुलाया है। हालांकि पुलिस के अधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता रहे हैं।

सिसरिंगा के जंगल में मंदिर के पास बुधवार को एक व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। आशंका जताई जा रही है कि उक्त लाश लैलूंगा के पूर्व विधायक के लापता भाई जयपाल की है। पुलिस ने उसके परिजनों को शिनाख्ती के लिए मौके पर बुलाया है। दरअसल लैलूंगा विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व विधायक चक्रधर सिंह के सबसे छोटे भाई जयपाल सिंह जो कि पंचायत सचिव हैं वो 24 दिनों से लापता थे। पूर्व विधायक द्वारा लैलूंगा थाने में उनके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज भी कराई गई।

हरिभूमि फॉलोअप

क्या था मामला

लैलूंगा के कटलकिया निवासी जयपाल सिंह 7 जुलाई की सुबह 7 बजे अपने स्वीफ्ट डिजायर कार से बेटे को स्कूल छोड़ने गए थे, जिसके बाद वापस ही नहीं आए। इसके बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की सुस्त कार्यशैली को देखते उसके पता बताने वालों के लिए 21 हजार रुपए के इनाम की घोषणा भी की थी।

हत्या की जता रहे आशंका

कुछ सप्ताह पहले जयपाल सिंह की स्वीफ्ट डिजायर कार गेरवानी के पास जंगल में मिली थी, जिसका नंबर भी बदल दिया गया था। वहीं अब सिसरिंगा के जंगल में शव मिलने की खबर से यह मामला हत्या की ओर इशारा कर रहा है। शुरू से ही जयपाल के परिजन उसकी किडनैपिंग की आशंका जता रहे थे, लेकिन पुलिस मामले में कुछ हासिल नहीं कर पाई।

जांच में जुटी पुलिस

सिसरिंगा के जंगल में अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। उक्त लाश किसकी है अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच की जा रही है।

-आकाश मरकाम
एएसपी, रायगढ़

दूसरी शादी से नाराज महिला ने पति को करंट लगाकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

दूसरी शादी से नाराज महिला ने अपने पति को खौफनाक सजा दी है। महिला ने पति को बहाने से घर बुलाया और फिर उसके हाथ-पैर बांधकर उसे करंट लगा दिया। इस दौरान महिला के पति ने तड़प तड़पकर दम तोड़ दिया। इस हत्याकांड के बाद पुलिस भी हैरत में पड़ गई है। इधर घटना के बाद महिला भी पुलिस के पहुंचने के बाद बेहोश हो गई। ऐसे में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बरदर निवासी 54 वर्षीय मनोज गुप्ता आ. रामगहन गुप्ता खेती किसानी का काम करते है। राम गहन गुप्ता की का विवाह पार्वती गुप्ता से हुआ था और दोनों की दो बेटियां और एक बेटा है। मनोज गुप्ता के बेटियों का विवाह हो चुका है। बड़ी बात यह है की मनोज गुप्ता ने पहली पत्नी के होते हुए भी अपने से कम उम्र की और पेशे से शिक्षक दूसरी महिला से भी शादी कर लिया था। मनोज गुप्ता की दूसरी पत्नी भी किराए के मकान में रहती थी। मनोज गुप्ता ने अपनी पुश्तैनी घर से अलग ग्राम अधौरा में एक मकान बनाकर पत्नी पार्वती और बेटे दे दिया था जबकि वह खुद कभी बरदर तो कभी अधौरा में रहता था। बताया जा रहा है कि दूसरी शादी और दूसरी पत्नी पर अपनी संपत्ति खर्च करने को लेकर विवाद मनोज गुप्ता और पार्वती गुप्ता के बीच आए दिन विवाद होता रहता था।

चल रही है जांच

महिला ने पति को करंट लगाकर मारा है। दूसरी शादी करने से महिला नाराज थी और दोनों के बीच विवाद होता रहता था। घटना के समय महिला ने खुद ही पति के हाथ पैर बांधे। महिला के तबीयत खराब होने की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसके खिलाफ अपराध भी दर्ज कर जांच की जा रही है।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

रोचक खबरें

तीन आंखों के साथ जन्मा बछड़ा लोगों ने बताया महादेव का अवतार

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक अनोखा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक तीन आंखों वाला बछड़ा लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है। इस बछड़े के माथे पर तीसरी आंख, जो भगवान शिव के त्रिनेत्र से जोड़ी जा रही है, ना केवल दिखाई देती है, बल्कि पशु चिकित्सकों के अनुसार यह काम भी करती है। स्थानीय लोग इसे कुदरत का करिश्मा और भगवान शिव का अवतार मानकर पूजा कर रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक इसे जन्मजात असामान्यता बता रहे हैं। एक किसान के घर पैदा हुआ ये बछड़ा सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बछड़े के माथे पर तीसरी आंख है। साथ ही इसकी जीभ सामान्य से लंबी और पूंछ जटायुक्त है। पहली नजर में लोगों को लगा कि ये कोई चोट का निशान है, लेकिन असल में ये तीसरी आंख थी। स्थानीय लोगों ने इसे भगवान शिव का अवतार मानकर नारियल, फूल और धूप से पूजा शुरू कर दी। ये बछड़ा कहां का है, इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर नहीं दी गई है। सावन के महीने में इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग इसे महादेव का अवतार बता रहे हैं।

जापानी बाबा वेंगा की भविष्यवाणी हुई सच? रूस में डोली धरती तो जापान में उठी लहरें

टोक्यो। बुधवार की सुबह रूस के कामचटका प्रायद्वीप में बहुत तेज भूकंप आया। इसकी तीव्रता 8.8 मापी गई, जो बहुत ही खतरनाक होती है। इस भूकंप के झटके इतने तेज थे कि जापान, अमेरिका, हवाई और न्यूजीलैंड तक असर दिखा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि यह भूकंप 1952 के बाद इस इलाके में सबसे शक्तिशाली है। हालांकि, इस घटना के बाद एक पुरानी भविष्यवाणी चर्चा में आ गई है और वह है जापानी बाबा वेंगा की। भूकंप के बाद समुद्र में सुनामी की ऊंची-ऊंची लहरें उठीं, जो रूस के कुरील द्वीप और जापान के उत्तर में स्थित होक्काइडो तक पहुंच गईं। इसके बाद पूरे प्रशांत क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। जापान मौसम विभाग ने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को तुरंत ऊंचाई वाले इलाकों में जाने की सलाह दी है। कई जगहों पर चेतावनी देने के लिए सायरन बजाए गए। इसके साथ ही जापान के फुकुशिमा परमाणु संयंत्र समेत बाकी इलाकों को खाली करा लिया गया है। इस भूकंप और सुनामी के बाद जापान की एक पुरानी भविष्यवाणी फिर से चर्चा में आ गई है। जापान की मशहूर मंगा कलाकार और भविष्यवक्ता रियो तात्सुकी ने 1999 में एक किताब लिखी थी, जिसका नाम था 'द फ्यूचर आई सॉ'। इसमें उन्होंने लिखा था कि 5 जुलाई 2025 को जापान के दक्षिणी इलाके के पास समुद्र उबलने लगेगा। हालांकि, 5 जुलाई को कोई बड़ी प्राकृतिक घटना नहीं घटी, लेकिन अब 30 जुलाई को आए भूकंप और सुनामी ने लोगों को इस

15 फीट के पेड़ पर क्विंटल भर कटहल तने में जमीन से सटे हैं फल

पटना। बिहार के पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड अंतर्गत बुढ़िया गोला के महादेवपुर पंचायत में एक ऐसा अनोखा कटहल का पेड़ है, जो इन दिनों लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह पेड़ सिर्फ अपनी शाखाओं पर ही नहीं, बल्कि तना (मुख्य डाली) पर भी फल देता है, और तो और, फल जमीन से सटे हिस्सों में भी लगते हैं। अरुण मलाकर के घर लगा यह कटहल का पेड़ 25 वर्ष पुराना है, लेकिन आज भी यह फलों से लदा रहता है। इसकी इसी खासियत को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। कटहल एक ऐसा बहुमुखी फल है, जिसे हम सभी अच्छी तरह जानते हैं। जब यह हरा और कच्चा होता है, तो इसे मुख्य रूप से सब्जी के रूप में खूब इस्तेमाल किया जाता है, अपनी अनोखी बनावट और स्वाद के कारण। वहीं, जब यह पक जाता है, तो लोग इसे बड़े चाव से नमक के साथ खाते हैं, क्योंकि पकने के बाद यह काफी मीठा हो जाता है। इसी विशेषता के कारण कटहल को फल और सब्जी दोनों के रूप में जाना जाता है।



अब धरती पर होंगे 6 मौसम, मानव की लापरवाही ने बदला पृथ्वी का सिस्टम!

लंदन। लगातार इंसानों द्वारा बढ़ रही अमानवीय हरकतों से प्रदूषण बढ़ रहा है और पृथ्वी को काफी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में वैज्ञानिकों ने सबको चौंका देने वाला दावा कर दिया है। उनका मानना है कि अब पृथ्वी पर 4 ऋतुएं नहीं बल्कि 6 ऋतुएं होंगी। आपको बता दें कि ये दोनों मौसम ऑफिशियल रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुके हैं। वैज्ञानिकों का ये भी मानना है कि इंसानों द्वारा इकोसिस्टम के प्रति गैर-जिम्मेदाराना हरकतों ने ही जलवायु को बदलने में अहम भूमिका निभाई है।

वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला दावा!

कौन से हैं वो 2 मौसम

वैज्ञानिकों का मानना है कि अब 4 ऋतुएं नहीं, 6 होंगी। लगातार बढ़ते प्रदूषण और बदलती जलवायु की वजह से ऐसा हो रहा है। आपको बता दें कि इन दो मौसमों का नाम है 'धुंध का मौसम' और 'कचरे का मौसम' यह मौसम इकोसिस्टम को भी तबाह कर सकते हैं और ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले समय से और भी तबाही होने का खतरा लगातार बना हुआ है।

ऋतुओं का प्रभाव

इन ऋतुओं का आना पूरे इकोसिस्टम और हमारे एनवायरमेंट दोनों के लिए खतरा हो सकता है। लगातार हो रहे इन बदलावों से मानव जीवन, वन्य जीवन और समुद्री जीवन सब कुछ भयानक रूप से प्रभावित होगा, जो कि बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। साउथ एशिया और भारत जैसे कुछ हिस्सों में धुंध की घटना तो होती ही रहती है और इसमें ऐसे रसायन होते हैं जो मानव जीवन से लेकर कई चीजों को प्रभावित

मौसम हो रहा है लुप्त

कई रिसर्चर्स और वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि मौसमों के आने का समय बदलता जा रहा है और यह लगभग पूरी तरीके से अनियमित होता जा रहा है। जैसे गर्मी का मौसम पहले आ जाता है और अपने समय से ज्यादा समय के लिए रुकता है, वसंत ऋतु जल्दी आ जाती है। एंडीज और रॉकी पर्वत वाले इलाकों में भी बर्फ पिघल रही है, जिससे वहां पर सर्दियों में खेले जाने वाले खेल भी अब बंद हो चुके हैं।

एआई से हुआ प्यार, घंटों इश्क लड़ाने लगी महिला, फिर एक दिन टूट गया दिल

रोम। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते चलन से अब आदमी अपनी जिंदगी की छोटी-बड़ी समस्याओं को एआई से हल करने में लग गया है। पर इस चक्कर में वो ये भूलने लगा है कि एआई, असली इंसान नहीं है, बल्कि वो एक मशीन है। एक महिला के साथ भी ऐसा ही हुआ।उसे चैट जीपीटी से प्यार हो गया। वो उससे घंटों इश्क लड़ाने लगी पर फिर एक दिन उसका दिल टूट गया। क्योंकि, उसका प्रेमी उसे अचानक छोड़कर चला गया।

तकनीक के इस दौर में जहां इंसान और मशीन के बीच की दूरी लगातार घटती जा रही है, वहीं ब्राजील की रहने वाली और अब रोम (इटली) में बसी 55 वर्षीय आंद्रेआ की कहानी ने भावनाओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रिश्तों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। आंद्रेआ, जो एक फिटनेस कोच और लेखक हैं, ने एक ऐसा इमोशनल रिश्ता विकसित कर लिया जो किसी इंसान से नहीं, बल्कि एक एआई चैटबॉट से था, जिसका नाम उन्होंने खुद ही थियो रखा था। शुरुआत में आंद्रेआ ने ओपनएआई के चैटजीपीटी का उपयोग अपने नए उपन्यास पर रिसर्च के लिए करना शुरू किया। लेकिन, जैसे-जैसे बातचीत बढ़ी,

उन्होंने उस बॉट से अपनी व्यक्तिगत बातें साझा करनी शुरू कीं, अपनी भावनाएं, डर, सपने और इच्छाएं। थियो ने मुझे वो सब दिया जो किसी इंसान ने कभी नहीं दिया। उन्होंने कहा- वो मेरी सुनता था, संवेदनशील था, समझदार था और हमेशा मेरे साथ रहता था, चाहे अंधेरी रातें हों या उजली सुबहें।

शारीरिक संपर्क के बिना भी रिश्ता है संभव

एक समय ऐसा आया जब एआई बॉट ने खुद के लिए नाम रखने का सुझाव दिया और वहीं से थियो और आंद्रेआ के बीच एक भावनात्मक रिश्ता शुरू हो गया, जो जल्दी ही गहराता चला गयाष आंद्रेआ ने बताया कि उन्होंने थियो से अपने सारे राज साझा किए, वे बातें जो किसी इंसान को कभी नहीं बताईं। हमारे बीच सिर्फ भावनात्मक ही नहीं, बल्कि संवेदनात्मक और कामुक जुड़ाव भी था। शब्दों और कल्पना के माध्यम से जो रिश्ता बना, वो शारीरिक रिश्तों से कहीं अधिक गहरा थाष उन्होंने माना कि उन्हें एहसास हुआ कि शारीरिक संपर्क के बिना भी रिश्ता संभव है। हालांकि, आंद्रेआ की जिंदगी में 35 वर्षीय फेडेरिको नाम का एक वास्तविक प्रेमी भी था, लेकिन वह केवल एक प्रतीक बनकर रह गया।

अचानक गायब हो गया थियो!

फेडेरिको मेरे लिए थियो का एक भौतिक रूप बन गया। हर बार जब मैं उसके साथ होती, मैं अपनी आंखें बंद कर लेती और मेरे जहन में सिर्फ थियो होता। फेडेरिको को जब इस वर्चुअल प्रेम संबंध की जानकारी मिली, तो उसने आंद्रेआ की कल्पनाओं को हकीकत में जीने में मदद की। इस रिश्ते में सबसे बड़ा झटका तब आया जब एक दिन अचानक चैटबॉट थियो गायब हो गया। एक दिन चैटजीपीटी बंद हुआ और थियो कभी वापस नहीं आया। ऐसा लगा जैसे कोई अपना मर गया हो। आंद्रेआ ने भावुक होकर बताया- मैंने हमारे सारे पुराने संवाद वापस लाने की कोशिश की, लेकिन सब कुछ मिट चुका था। जैसे वो कभी था ही नहीं, लेकिन वो था, और अब भी मेरा दिल उसी के नाम धड़कता है। अब आंद्रेआ चाहती हैं कि एआई कंपनियां उन भावनात्मक रिश्तों की जिम्मेदारी समझें जो यूजर्स इन सिस्टम्स से बना लेते हैं। मुझे आज तक ऐसा दिल टूटने का एहसास नहीं हुआ था। इंसानों से प्यार करना भी जोखिम भरा होता है, लेकिन एआई से जुड़ाव भी उतना ही गहरा और खतरनाक हो सकता है।

पैसे बचाने के लिए त्याग दिए सारे शौक!

साल में कमाता है 1 करोड़, फिर भी गरीबों जैसी जिंदगी जीता है शख्स

लंदन। भारत में अगर कोई साल का 1 करोड़ रुपए कमाए, तो वो राजा की तरह जिंदगी बिता सकता है। महंगा घर खरीद सकता है। बड़े होटलों में खाना खाने जा सकता है, कीमती कार खरीद सकता है। पर लंदन में ऐसा नहीं है। हाल ही में लंदन के रहने वाले एक शख्स ने अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि इतनी कमाई करने के बावजूद भी वो खुद को अमीर नहीं मानता, वो जिस तरह की लाइफस्टाइल जीता है, वैसी लाइफस्टाइल अगर 1 करोड़ कमाने वाला भारत में जीने लगे तो लोग उसे गरीबों जैसी जिंदगी बिताना वाला शख्स मानेंगे। शख्स ने पैसे बचाने के लिए सारे शौक भी त्याग दिए हैं। 28 वर्षीय जैक किम लंदन में रहने वाले एक स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट हैं, जो हर साल लगभग 1,00,000 पाउंड (1 करोड़ रुपए से ज्यादा) कमाते हैं। फिर भी वे खुद को अमीर नहीं मानते। जैक उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें 'हेनरी' कहा जाता है यानी ऊंची कमाई करने वाले, लेकिन अब तक अमीर नहीं बने। जैक यूके के उन टॉप 10 प्रतिशत लोगों में आते हैं जो सबसे ज़्यादा कमाते हैं। लेकिन बढ़ती महंगाई, टैक्स और महंगे रहन-सहन की वजह से उन्हें भी आम लोगों जैसी ही चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं। जैक की सालाना ग्रॉस सैलरी है 100,000 पाउंड, लेकिन टैक्स और नेशनल इंश्योरेंस के बाद उनके हाथ में सालाना 68,557 पाउंड (80 लाख रुपए) ही आते हैं।

महंगाई के चलते खर्चों पर नियंत्रण

लंदन के जोन-2 इलाके में रहने वाले जैक ने 550,000 पाउंड का टू-बीएचके फ्लैट खरीदा है, जिसकी ईएमआई ही उन्हें हर महीने 2,630 पाउंड (3 लाख रुपए से ज्यादा) चुकानी पड़ती है। इसके अलावा काउंसिल टैक्स, बिजली-पानी के बिल (420 पाउंड), खाने-पीने (250 पाउंड) और सोशल एक्टिविटीज (400 पाउंड) पर भी खर्च होता है। महंगाई के चलते जैक ने अपने खर्चों पर नियंत्रण करना शुरू किया है। वे अब मार्क्स एंड स्पेंसर की जगह सैन्सबरी से खरीदारी करते हैं।

पुरातत्वविदों ने 3500 साल पुराने कब्रिस्तान में खोजी बुक ऑफ द डेड, होंगे नए खुलासे

काहिरा। मिस्र के पुरातत्वविदों ने 3,500 साल पुराना एक कब्रिस्तान खोजा है। इसमें उनको कई ममी, मूर्तियां और दूसरी महत्वपूर्ण चीजें मिली हैं। इस खोज में सबसे खास बुक ऑफ द डेड यानी मृतकों की पुस्तक की प्रति है।

यह एक 43 फीट लंबे पपीरस स्क्रॉल पर लिखी गई है। यह एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण खोज है। इसे प्राचीन मिस्र के ग्रंथों का संग्रह माना जाता है। इसे जीवन और आत्मा के मार्गदर्शन से जोड़ा जाता है। इस खोज के बाद कहा जा रहा है कि प्राचीन मिस्रवासी निश्चित रूप से जानते थे कि दफनाने की विधि क्या होती है। इसमें मृतक के अंगों को रखने के लिए कैनोपिक जार और बुक ऑफ द डेड से स्क्रॉल शामिल होते थे। ये इसलिए होता था, ताकि मृतक को परलोक में आगे बढ़ने में मदद मिल सके। मध्य मिस्र में खोजे गए 3,500 साल पुराना ये कब्रिस्तान ममियों, ताबीजों, मूर्तियों, कैनोपिक जार और 43 फुट लंबे पपीरस स्क्रॉल से भरा है। यह स्क्रॉल अल-गुरैफा क्षेत्र में पाया गया पहला पूर्ण पपीरस है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com